@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शनिवार, 18 मई 2024

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 178 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## चुनाव आयोग ने अभिजीत गंगोपाध्याय के खिलाफ जारी किया कारण बताओ नोटिस

कोलकाता, 18 मई। चुनाव आयोग ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ अनुचित, अविवेकपूर्ण, अशोभनीय टिप्पणी के लिए भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय के खिलाफ एक्शन लिया है। आयोग ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग में तामलुक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पार्टी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीएमसी कानूनी कार्रवाई का भी सहारा लेगी। टीएमसी नेता और पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करके शिष्टाचार की सारी सीमाएं पार कर दी। गुरुवार को जारी एक वीडियो में जस्टिस गंगोपाध्याय को यह कहते हुए सुना गया कि ममता बनर्जी को कितनी कीमत पर बेचा जा रहा है। इस वीडियो के जारी होने के बाद ही टीएमसी लगातार भाजपा पर निशाना साध रही है। टीएमसी ने इसे महिलाओं का अपमान करने की भाजपा की गारंटी करार दिया। वहीं, भाजपा ने इस वीडियो क्लिप की प्रमाणिकता पर संदेह जताया है। टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि गंगोपाध्याय एक उम्मीदवार और पूर्व न्यायाधीश हैं। उन्होंने आगे कहा, वह बंगाल की संतान हैं उनकी ऐसी भाषा को लेकर हम बंगाल के लोग ही अपमानित हैं। भाजपा नेतृत्व को लगता है कि जो व्यक्ति जितना गंदा बयान देता है, जितना किसी को अपमानित करता है वह उतना ही ऊपर जाता है, भाजपा का प्रमोशन इसी पर निर्भर करता है? भाजपा को इसपर जवाब देना होगा। उन्होंने कल जो टिप्पणी की उसे बंगाल की जनता ने देखा है और हमने चुनाव आयोग में यह शिकायत भी की है। यह मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट है या मोदी कोड ऑफ कंडक्ट? एमसीसी में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के मुताबिक ऐसे बयान नहीं दिए जा सकते हैं, ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। शशि पांजा ने बताया कि इस मामले में कानूनी सहारा भी लिया जाएगा।

# अपना राहुल आपको सौंप रही हूं: सोनिया गांधी

**सिम्मी कौर बब्बर**

रायबरेली, 18 मई। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इंडिया गठबंधन की संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए रायबरेली की जनता को संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आंचल आपके प्रेम और आर्शीवाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही आपको राहुल को अपना मान कर रखना है, राहुल आपको निराश नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अमेठी-रायबरेली से हमारा रिश्ता 103 साल पहले किसान आंदोलन के समय से शुरू होता है और अब मैं अपना राहुल आपको सौंप रही हूं। इस दौरान सोनिया गांधी के साथ मंच पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। सोनिया गांधी ने कहा कि आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। पिछले 100 साल से हमारे परिवार की जड़ें इस मिट्टी से जुड़ी हुई हैं। गंगा मां की माटी से रिश्ता रहा है। इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था। मैंने राहुल और प्रियंका को वही सीख दी है जो इंदिरा जी ने मुझे दी



थी। सबका आदर करो। अन्याय और अधिकार की रक्षा के लिए जिससे भी लड़ना पड़े उससे लड़ो। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका है। आईटीआई मैदान में गठबंधन की सेवा संकल्प सभा में कांग्रेस और सपा ने मिलकर ताकत दिखाई। महंगाई से लेकर इलेक्टोरल बांड तक के मुद्दों पर भाजपा पर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि पूरा देश देख रहा है। यह समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक सैलाब बन गए हैं। पूरे देश को दिखाया है कि पूरे दिल से आप लगे हैं। परिश्रम किया है, यह रायबरेली क्षेत्र है। मेरे परिवार का रायबरेली से गहरा रिश्ता रहा है। इस रिश्ते को अटूट बनाने के लिए राहुल गांधी मैदान में हैं। दस साल से गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं परेशान हैं। जन जन की पुकार थी कि आपकी सुनवाई हो लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में कोई सुनवाई नहीं हुई। आज इस देश में आंधी उठी है कि सत्ता से तानाशाही सरकार को हटाया जाए। रायबरेली की जनता ने 100 साल पहले आवाज उठाई थी। एक बार फिर रायबरेली देश को सत्ता परिवर्तन के लिए आवाज दे रहा है। रायबरेली (यूपी)= कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा, मेरा आंचल आपके प्रेम और आर्शीवाद से जीवनभर भरा रहा। आपके प्रेम ने मुझे कभी भी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सब कुछ आपका दिया हुआ है। सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा जनसमर में बड़ी संख्या में सभी पदाधिकारी दिखाई दे रहे हैं। जहां से मैं चला हूं। लगातार सड़कों पर सैलाब दिखाई दे रहा हैं। पंडाल के बीच लोग दिखाई दे रहे हैं। यह जनसैलाब फैसला कर रहा है कि राहुल गांधी न केवल जीतेंगे बल्कि रिकार्ड जीत होगी। रायबरेली की यही राय है कि भाजपा यहां से जाए। देश के एक नेता हैं जो हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। वह भी देख लें और सुन लें कि राहुल का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। उन्होंने कहा कि एक और एक ग्यारह होता है और भाजपा नौ दो ग्यारह हो गई है। चार चरणों में भाजपा चारों खाने चित हो गई है। भाजपा वाले किसानों पर चार काले कानून लागू कर रहे थे। किसानों को लड़ना पड़ा। कभी पीछे नहीं हटे। किसानों पर काले कानून लागू करने वाले भाजपा के लोग किसानों की जमीन पर कब्जा करना चाहते थे। उनकी हर बात झूठी निकली। न केवल किसानों को धोखा दिया बल्कि नौजवान जानते हैं कि पेपर लीक करा दिया।

## नूपुर शर्मा धमकी मामले में गुजरात पुलिस बोली-42 ई-मेल का इस्तेमाल

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 18 मई। हिंदू नेताओं को धमकी देने के आरोप में इस महीने की शुरुआत में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपी पाकिस्तान स्थित अपने आका के संपर्क में थे। तीनों हवाला के जरिये पैसा ले रहे थे। गुजरात पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसका खुलासा किया। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि हाल ही में उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते की गिरफ्त में आया जिया उल हक नाम का एक संदिग्ध आतंकी उसी मॉड्यूल का हिस्सा था। वह भी पाकिस्तान के अपने उसी आका से निर्देश ले रहा था। 4 मई को, सूरत पुलिस ने हिंदू सनातन संघ के अध्यक्ष उपदेश राणा की हत्या की साजिश रचने, भाजपा के तेलंगाना विधायक राजा सिंह और पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा सहित कुछ अन्य हिंदू नेताओं को धमकी देने के आरोप में जिले के कठोर गांव के एक मौलवी सोहेल अबुबक्र तिमोल को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के बाद बिहार से मोहम्मद अली और महाराष्ट्र के नांदेड़ निवासी शकील रजा को



गिरफ्तार किया गया। पुलिस के खुलासे के मुताबिक, अली भी अपने पाकिस्तानी आका डोगर के संपर्क में था और 17 वर्चुअल नंबरों व 42 ईमेल आईडी का इस्तेमाल कर हिंदू नेताओं को धमकियां देता था। रजा ने भी डोगर के दिए एक पाकिस्तानी वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल किया। कुछ अन्य पाकिस्तानी हैंडलर भी इस मॉड्यूल का हिस्सा रहे हैं। तमिलनाडु के एक मेडिकल कॉलेज में दो छात्रों को कथित तौर पर कॉलेज परिसर में जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग के आरोप में निलंबित कर दिया गया। कॉलेज के अधिकारी ने बताया कि दोनों एमबीबीएस चौथे वर्ष के छात्र थे। दोनों पर फर्स्ट ईयर के छात्रों के साथ रैगिंग करने का आरोप है। रैगिंग के बाद छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हो गई और हॉस्टल के सामने खड़ी वॉर्डन की कार पर पथराव भी किया गया। प्रबंधन ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो छात्रों को निलंबित कर दिया। सूअर पालन के तरीकों में बदलावों से दुनिया भर में जानलेवा साल्मोनेला बैक्टीरिया फैला है। इसके लिए मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप जिम्मेदार थे। यह खुलासा वारविक विश्वविद्यालय के नेतृत्व में चीन, अमेरिका, जर्मनी और यूके के शोधकर्ताओं के ताजा अध्ययन में किया है।

## बंगाल में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी

कोलकाता, 18 मई। सीबीआई ने शुक्रवार को बंगाल में टीएमसी के दो नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी साल 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में छह भगोड़ों की तलाश में की गई। सीबीआई ने बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के काठी इलाके में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। सीबीआई ने बताया कि इस तलाशी का उद्देश्य छह फरार आरोपियों के ठिकानों का पता लगाना था। बता दें कि इन छह आरोपियों के खिलाफ एक विशेष अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। सीबीआई अफसरों की एक टीम ने काठी ब्लॉक नंबर 3 में टीएमसी नेता देबब्रत पांडा के घर छापेमारी की। साथ ही दूसरे ब्लॉक में टीएमसी नेता नंददुलाल मैती के घर पर भी कार्रवाई की। सीबीआई अफसर ने बताया कि पांडा और नंददुलाल के बेटे का नाम 52 अन्य आरोपियों के साथ एफआईआर में है। हिंसा में भाजपा कार्यकर्ता जन्मेजय दुलाई की मौत हुई थी। सीबीआई अफसरों ने बताया कि आरोपियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ भी होगी। अधिकारियों के मुताबिक चुनाव बाद हिंसा मामले में 30 आरोपियों को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन कोई भी नहीं पहुंचा, जिसके बाद सीबीआई ने छापेमारी की कार्रवाई की। मई 2021 को पश्चिम बंगाल विधानसभा के नतीजे आने के साथ ही बंगाल में हिंसा की घटनाएं हुईं। खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जगह जगह भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया।

## बहुमत के दुरुपयोग का इतिहास मेरी पार्टी का नहीं, कांग्रेस का: अमित शाह

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 18 मई। गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने शराब घोटाले को लेकर कहा कि कई लोगों को बड़ी बोतल दिखानी पड़ेगी। वहीं, कांग्रेस पर भी तीखे वार किए। शाह ने एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में केजरीवाल के चुनाव प्रचार पर हमला बोला। उन्होंने कहा, एक मतदाता के तौर पर मेरा मानना है कि वे जहां भी जाएंगे, लोग शराब घोटाले को याद करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि कई लोगों को तो बड़ी बोतल दिखानी पड़ेगी। दिल्ली सीएम के अगर आप मुझे वोट देंगे, तो मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा वाले बयान पर गृह मंत्री शाह ने कहा, इससे बड़ी सुप्रीम कोर्ट की अवमानना नहीं हो सकती। क्या सुप्रीम कोर्ट (चुनावी) जीत और हार पर फैसला करेगा? शाह ने भाजपा ने 400 पार और संविधान बदलने की अटकलों पर भी बात की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से नहीं। हमारे पास पिछले 10 साल से संविधान बदलने



के लिए बहुमत है। आपको क्या लगता है कि बाबा एंड कंपनी बोलेगी और देश मान लेगा। देश ने ही हमें बहुमत दिया है। देश की जनता जानती है कि पीएम मोदी के पास पिछले 10 सालों से संविधान बदने के लिए पर्याप्त बहुमत है। हमने ऐसा कभी नहीं किया। लेकिन हां, हम 400 सीटें इसलिए चाहते हैं क्योंकि हम देश की राजनीति में स्थिरता लाना चाहते हैं, क्योंकि हम देश की सीमाओं को सुरक्षित रखना चाहते हैं। बचे हुए गरीबों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा, हमने 10 वर्षों में अपनी सीटों का उपयोग कैसे किया? अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, तीन तलाक को खत्म करने से राम मंदिर का निर्माण करने तक किया। हमने समान नागरिक संहिता लागू किया। बहुमत के दुरुपयोग का इतिहास मेरी पार्टी का नहीं है। बहुमत के दुरुपयोग का इतिहास इंदिरा गांधी के समय कांग्रेस ने किया। गौरतलब है, शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में चुनावी प्रचार शुरू कर दिया है। प्रचार कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साध कहा था, उन्होंने मुझे जेल भेजा, क्योंकि मैंने आपके लिए काम किया। भाजपा नहीं चाहती कि दिल्ली के लोगों का काम हो। केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि तिहाड़ जेल में उन्हें इंसुलिन के टीके 15 दिन तक उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने आरोप लगाया था, यदि मैं वापस जेल गया, तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुफ्त बिजली देना बंद कर देगी, स्कूलों को खराब कर देगी और अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक को बंद कर देगी। उन्होंने लोगों से भारती के लिए वोट करने को भी कहा था। केजरीवाल ने रविवार को कहा था कि यदि लोग आम आदमी पार्टी को चुनते हैं, तो उन्हें दोबारा जेल नहीं जाना पड़ेगा।

## चाबहार बंदरगाह से लेकर निज्जर हत्याकांड में चौथे भारतीय की गिरफ्तारी तक

नई दिल्ली, 18 मई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चाबहार बंदरगाह से लेकर निज्जर हत्याकांड में हो रही भारतीयों की गिरफ्तारी और पीओके में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को लेकर प्रतिक्रिया दी है। साप्ताहिक ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि 13 मई को हमने चाबहार बंदरगाह के संचालन के लिए दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। हमारे मंत्री वहां थे। यह एक बड़ी उपलब्धि है। हम चाबहार को साकार करने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता के रूप में देखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अफगानिस्तान और जमीन से घिरे मध्य एशियाई देशों के लिए कनेक्टिविटी हब के रूप में इस स्थान की क्षमता 2018 से इंडियन पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही है। इस बंदरगाह के जरिए हम अफगानिस्तान को मानवीय सहायता के रूप में बहुत सारी आपूर्ति करने में सक्षम हुए हैं। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका भी चाबहार बंदरगाह के महत्व को समझता है। जहां तक इस क्षेत्र और इसकी कनेक्टिविटी का सवाल है यह खास तौर पर भूमि से घिरे देशों के लिए इसकी एक महत्वपूर्ण भूमिका है। आगे उन्होंने पीओके में हो रहे विरोध प्रदर्शन पर भी प्रतिक्रिया दी। रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने रिपोर्ट देखी है कि पिछले कुछ दिनों में वहां विरोध प्रदर्शन हुआ और उसमें कुछ लोग हताहत हुए। वहां जिस प्रकार की नीतियां चल रही हैं, संसाधनों को जिस प्रकार से लूटा जा रहा है। यह विरोध उसका परिणाम है। जहां तक पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की बात है, तो वह और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू, लद्दाख, कश्मीर भारत के अभिन्न अंग हैं और हमेशा रहेंगे। वहीं आगे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने निज्जर हत्याकांड में की जा रही भारतीयों की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी।

## महाराष्ट्र में पीएम मोदी जितनी रैली करेंगे, भाजपा उतनी ही कम सीट जीतेगी: संजय राउत

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 18 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार यानी की 17 मई को मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र के भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रैली में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे भी शामिल होंगे। पीएम मोदी की इस रैली को लेकर शिवसेना (यूबीटी) ने प्रतिक्रिया दी है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने पीएम मोदी पर तंज कसने के साथ राज ठाकरे को भी घेरा। पीएम मोदी के मुंबई दौरे पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने तंज कसा है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में पीएम मोदी जितनी रैली करेंगे, भाजपा उतनी ही कम सीट जीतेगी। हमारी रैलियां न हो, इसलिए हमें शिवाजी पार्क नहीं मिला। राज ठाकरे पहले उनके खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने कहा था कि मोदी-शाह को महाराष्ट्र में पैर रखने नहीं देंगे, लेकिन आज उन्हीं के साथ खड़े हैं। संजय राउत ने आगे कहा, राज्य में देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ माहौल है। भाजपा को यहां सबसे बड़ा नुकसान होगा। गौतम अदाणी को जमीन बेचने के लिए कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया। भाजपा का सबसे बड़ा फायनेंसर अदाणी ही है।



महाराष्ट्र में भाजपा के गठबंधन का दम निकल चुका है। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने बताया कि उन्होंने रैली के लिए शिवाजी पार्क की तैयारी की थी। उन्होंने कहा, हमने सभी कागजी कार्रवाई भी की थी। आज अरविंद केजरीवाल, मल्लिकार्जुन खरगे और शरद पवार जैसे बड़े नेता यहां आ रहे हैं। पीएम मोदी की रैली को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने कहा, आज पीएम मोदी मुंबई में रैली को संबोधित करेंगे। उनके साथ राज ठाकरे भी मंच साझा करेंगे। भाजपा के पास अब कोई नेता नहीं है। राज ठाकरे की पार्टी के पास भी कोई विधायक या सांसद नहीं हैं। अब तो मुंबई में मतदाता भी नहीं है, केवल कुछ गुंडे पार्टी के कार्यकर्ता ही बचे हैं। वे (भाजपा) कहते हैं 400 पार लेकिन इस बार भाजपा तड़ी पार। मुंबई में उत्तर भारत के नागरिकों को याद रखना चाहिए कि कैसे मनसे ने उनके साथ दर्व्यवहार और अपमान किया। क्या आप ऐसे लोगों को भाजपा के साथ बर्दाश्त करेंगे? क्या आप भाजपा और महायुति को वोट देंगे? भाजपा नेता चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि उन्होंने राज ठाकरे को कुछ दिनों में भाजपा के साथ शामिल होने के लिए कहा। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासिक और ठाणे में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में रैली को संबोधित किया था।

## हरियाणा-पंजाब और दिल्ली में लू के थपेड़ों की आशंका

नई दिल्ली, 18 मई। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा समेत उत्तर पश्चिम भारत में लू चलने का अलर्ट जारी हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि अगले पांच दिन तक गर्म हवाओं के साथ भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही इस हफ्ते के अंत तक कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। उधर, हरियाणा के सिरसा में बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 47 डिग्री तक पहुंच गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक रहा। मौसम विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि 18 मई से पूर्वी और मध्य भारत में भी गर्मी का दौर शुरू हो जाएगा। विभाग ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधित चिंता पर जोर दिया गया है। चेतावनी में कहा गया है कि लंबे समय तक धूप में रहने वाले या भारी काम करने वाले लोगों में गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ने की आशंका है। विभाग ने कहा कि 17 से 20 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में और 18-20 मई के दौरान पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में प्रचंड लू चलने के आसार हैं। राष्ट्रीय राजधानी समेत कई राज्यों में शनिवार तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में इस वक्त शुष्क पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी हवाएं सक्रिय हैं। इसकी वजह से यहां के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए 'यलो अलर्ट' जारी किया है। विभाग ने इससे पहले मई में उत्तर भारत के मैदानी इलाकों और मध्य भारत में लू चलने के दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने का पूर्वानुमान जताया था। आम तौर पर उत्तरी मैदानी इलाकों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों में मई में लगभग तीन दिन लू चलती है। विभाग ने केरल के कई जिलों में 18 से 20 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और राज्य में अगले कुछ दिन में बारिश के आसार हैं। 'रेड अलर्ट' भारी से अत्यधिक भारी बारिश (24 घंटे में 20 सेंटीमीटर से अधिक) का संकेत देता है, जबकि 'ऑरेंज अलर्ट' बहुत भारी बारिश (6 से 20 सेंटीमीटर) के लिए जारी किया जाता है।

# झारखंड के पूर्व पूर्व हेमंत सोरेन को फिर लगा झटका

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 18 मई। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन शोधन घोटाले के मामले में ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से एक बार फिर राहत नहीं मिली। दरअसल, सोरेन ने हाल ही में कोर्ट में याचिका दायर कर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर खुद के लिए जमानत मांगी थी। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले में अब अगली तारीख दे दी है। सुप्रीम कोर्ट अब सोरेन की जमानत याचिका पर 21 मई को सुनवाई करेगा। इससे पहले अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देनी वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 17 मई तक जवाब मांगा था। 13 मई को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू में मामले की सुनवाई 20 मई को सूचीबद्ध की थी लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा था कि तब तक चुनाव खत्म हो जाएगा और अगर मामले में लंबी तारीख दी गई तो वह (सोरेन) पक्षपात का शिकार होंगे, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 17 मई के लिए निर्धारित कर दी। सिब्बल ने सोरेन का पक्ष रखते हुए पीठ को बताया था, उनका मामला भी अरविंद केजरीवाल के आदेश के हूबहू है और उन्हें भी प्रचार अभियान के लिए जमानत की जरूरत है। पीठ ने कहा था कि इस सप्ताह बहुत ज्यादा काम है और बहुत से मामले सूचीबद्ध हैं। शीर्ष अदालत ने तारीख 20 मई से बदलने पर अनिच्छा जताई थी, लेकिन सोरेन की ओर से पेश हुए सिब्बल और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी के अनुरोध पर सुनवाई की तारीख को बदलकर 17 मई कर दिया गया था। पीठ ने कहा था, हमें नहीं पता कि मामले पर सुनवाई हो पाएगी या नहीं लेकिन फिर भी हम इसे 17 मई के लिए सूचीबद्ध कर रहे हैं। सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने तीन मई को खारिज कर दिया, जिसके बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया। सोरेन ने गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर अदालत का फैसला आने तक लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत भी मांगी थी। शीर्ष अदालत ने 10 मई को अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में



प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी। केजरीवाल को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। सोरेन ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। हाईकोर्ट ने 10 मई को सोरेन की याचिका के लिए उच्च न्यायालय से निर्देश मांगे थे। सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित फ्रंटमैन राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। सोरेन ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी।

## फिको की शल्य चिकित्सा के बाद हालत स्थिर

**एजेंसी**

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत शल्य चिकित्सा के बाद स्थिर है। स्थानीय मीडिया ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी।स्थानीय मीडिया टीए3 के अनुसार बीबीसी ने स्लोवाकिया के पर्यावरण मंत्री टॉमस ताराबा के हवाले से कहा कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं है। श्री ताराबा ने कहा, मैं बहुत हैरान था। सौभाग्य से जहां तक ??मुझे पता है, ऑपरेशन अच्छा रहा और मुझे लगता है कि अंत में वह बच जाएंगे। इस समय वह जीवन के लिए खतरे वाली किसी भी स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एक गोली पेट में और दूसरी जोड़ में लगी। उप प्रधानमंत्री एवं मंत्री रॉबर्ट कालिनक ने बुधवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शल्य चिकित्सा के दौरान श्री फीको की हालत गंभीर थी।

गृह मंत्री माटस सुताज एस्टोक के अनुसार हमले को राजनीति से प्रेरित हत्या के रूप में वर्गीकृत किया गया है।श्री फिको राजधानी से करीब 150 किमी उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सरकारी बैठक में भाग लेने के बाद बुधवार दोपहर एक हमले में घायल हो गए। श्री फिको को हेलीकॉप्टर द्वारा बैंस्का बायस्ट्रिका के रूज़वेल्ट अस्पताल ले जाया गया। मौके से हिरासत में लिया गया संदिग्ध 71 साल का बुजुर्ग बताया जा रहा है।

## पीओके में झड़पों के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने स्थानीय मुद्दों के हल के लिए समिति गठित की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया।

पीओके में आटे की ऊंची कीमतों और बढ़े हुए बिजली बिलों और करों के खिलाफ हाल में प्रदर्शन कर रहे लोगों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिसकर्मी और तीन नागरिकों की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गये थे।

एक दिवसीय दौरे पर क्षेत्र की राजधानी मुजफ्फराबाद गए शहबाज ने कहा कि लोगों ने ''अपनी वास्तविक मांगों के लिए आवाज उठाई थी, लेकिन इसके बीच कुछ उपद्रवियों ने दंगा करने की कोशिश की।'' सरकारी 'रेडियो पाकिस्तान' की खबर के अनुसार, क्षेत्रीय सरकार की कैबिनेट की एक विशेष बैठक को संबोधित करते हुए शहबाज ने स्थानीय मुद्दों पर चर्चा के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया।

## कमला हैरिस ने कहा, अमेरिकी चुनाव प्रक्रिया में भारतवंशियों के अधिक प्रतिनिधित्व की जरूरत

**एजेंसी**

**वाशगिंटन।** अमेरिका में निर्वाचित पदों पर भारतवंशियों को अधिक प्रतिनिधत्व मिलना चाहिए। यह मांग करते हुए अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या उनकी बढ़ती आबादी को नहीं दर्शाती है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भारतवंशियों को राजनीति में सक्रिय होना चाहिए। कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी के थिंक टैंक इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। यह संगठन देश भर में निर्वाचित पदों के लिए चुनाव में उतरने वाले भारतीय अमेरिकियों को समर्थन और धन मुहैया कराता है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भारतवंशियों से खचाखच भरे कक्ष में कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। लेकिन फिर भी यह संख्या उनकी बढ़ती जनसंख्या के सही अनुपात को नहीं दर्शाती।वर्तमान में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के पांच निर्वाचित सदस्य हैं, जिसमें डा. अमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, प्रमिला जयपाल और श्री थानेदार शामिल हैं। अमेरिकन इंपैक्ट का मानना था कि 2024 में अमेरिकी संसद में भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी। राष्ट्रपति पद के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के संबंध में इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट का कहना है कि अमेरिका में भारतवंशी चुनाव परिणाम को भी प्रभावित कर सकते हैं। यह दूसरा सबसे बड़ा अप्रवासी समुदाय है और देश के कई राज्यों में इनकी जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।

## श्रीलंका में 10 पाकिस्तानी तस्करों को दस-दस साल की जेल

**एजेंसी**

**कोलंबो।** 10 पाकिस्तानी नागरिकों को श्रीलंका की एक अदालत ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि जब यह मामला छह मई, 2024 को कोलंबो उच्च न्यायालय के समक्ष उठाया गया तो आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बाद में उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। उसने बताया कि एक जनवरी, 2020 को पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो और श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई एक संयुक्त छापेमारी में दस पाकिस्तानी नागरिकों के पास से 581 किलोग्राम और 34 ग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ और 614 किलोग्राम आइस (मेथमफेटामाइन) बरामद किया गया था।

# राष्ट्रपति शी जिनपिंग, व्लादिमीर पुतिन ने लिए अहम फैसले

**एजेंसी**

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गुरुवार को यहां बीजिंग ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल में एकांत में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को 'विनाशकारी' करार देने के साथ ही पूर्वोत्तर एशिया में शक्ति संतुलन को बदल कर अमेरिकी आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों की निंदा की।

अपने पांचवे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद श्री पुतिन पहली विदेश यात्रा पर दो दिन की चीन की राजकीय यात्रा पर बीजिंग आये हैं। चीनी राष्ट्रपति ने आज यहां अपने पुराने मित्र रूसी राष्ट्रपति का पारंपरिक ढंग से भव्य स्वागत किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय एवं महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया।

श्री पुतिन ने अपने बयान में चीनी राष्ट्रपति के साथ उनकी बातचीत को असाधारण, गहन और सार्थक करार दिया। उन्होंने कहा, ÷चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हमारी आज की असाधारण गहन और सार्थक वार्ता को जारी रखते हुए द्विपक्षीय सहयोग के मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करके बहुत खुश हूं।÷ उन्होंने कहा कि चीनी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में चीन रूस द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए दीर्घकालिक दिशानिर्देश तय किये गये हैं।

श्री शी ने रूस के राष्ट्रपति के रूप में पांचवी बार शपथ लेने के लिए श्री पुतिन और रूस के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि श्री पुतिन के नेतृत्व में रूस विकास के पथ पर निश्चित रूप से और अधिक प्रगति करेगा। चीन के राष्ट्रपति ने चीन-रूस के बीच राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अवसर दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में एक पड़ाव है। तीन चौथाई सदी के दौरान उतार-चढ़ाव के बावजूद चीन-रूस संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की कसौटी पर खरे उतरे हैं।चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि यह रिश्ता प्रमुख देशों और पड़ोसी देशों के लिए एक-दूसरे के साथ सम्मान और स्पष्टता के साथ व्यवहार करने और दोस्ती और पारस्परिक लाभ को



आगे बढ़ाने का एक अच्छा उदाहरण बन गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वह और श्री पुतिन 40 से अधिक बार मिल चुके हैं और गहरे संपर्क में रहे हैं। चीन-रूस संबंध कड़ी मेहनत से बनाए गए हैं और दोनों पक्षों को इसे संजोने और पोषित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चीन-रूस संबंधों का स्थिर विकास न केवल दोनों देशों और दोनों लोगों के बुनियादी हितों में है बल्कि क्षेत्र और दुनिया भर में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भी अनुकूल है।श्री शी ने कहा कि नई यात्रा में चीन एक-दूसरे का अच्छा पड़ोसी, अच्छा दोस्त और एक-दूसरे पर भरोसा करने वाला अच्छा साझेदार बने रहने के साथ-साथ दोनों लोगों के बीच स्थायी मित्रता को मजबूत करने, संयुक्त रूप से संबंधित राष्ट्रीय विकास एवं पुनरोद्धार को आगे बढ़ाने और दुनिया में निष्पक्षता एवं न्याय कायम रखने के लिए रूस के साथ काम करने के लिए तैयार है। बातचीत के बाद दोनों देशों के एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया जिसमें वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाली कई अहम घोषणाएं की गयीं। रूस और चीन के नेताओं ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नाटो के रुख को 'विनाशकारी' करार दिया और विभिन्न देशों से टकराव वाली नीतियां अपनाने, दूसरों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने का आह्वान किया।

वक्तव्य के अनुसार चीन ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता सुनिश्चित करने के रूस के प्रयासों का समर्थन तथा उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध किया।

वक्तव्य में कहा गया कि किसी भी राज्य को दूसरों की सुरक्षा की कीमत पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करनी चाहिए। रूस, चीन ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के साथ राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और मानवीय संबंधों में सहयोग की संभावनाओं को मजबूत करने का संकल्प जताया और सैन्य निर्माण के माध्यम से पूर्वोत्तर एशिया (विशेष रूप से उत्तर कोरिया के संदर्भ में) में शक्ति संतुलन बदलने के अमेरिकी आधिपत्य प्रयासों का विरोध व्यक्त किया।

वक्तव्य में रूस, चीन ने अलग-अलग देशों द्वारा सशस्त्र टकराव के लिए अंतरिक्ष का उपयोग करने के प्रयासों का विरोध किया तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बहुपक्षीय, पारदर्शी वैश्विक इंटरनेट प्रशासन प्रणाली सुनिश्चित करने की वकालत की। दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक चंद्र स्टेशन के निर्माण, चंद्रमा के अन्वेषण पर अंतरिक्ष में अपनी साझीदारी जारी रखने की भी बात कही।


## भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता बोले- पीएम मोदी वैश्विक नेता, बदल रहे हैं भारत और भारतीयों की छवि

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी समुदाय के एक प्रतिष्ठित नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पिछले 10 साल के कार्यकाल के दौरान विदेशों में भारत की छवि बदल दी है और एक सच्चे वैश्विक नेता के रूप में उभरे हैं। फिलाडेल्फिया निवासी भारतीय-अमेरिकी हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ बिंदुकुमार कंसुपाड़ा ने बुधवार कोएक साक्षात्कार में कहा, %%मोदी जी न केवल भारत में बल्कि विश्व में भारतीयों की छवि बदल रहे हैं। उन्हें अब एक वैश्विक नेता माना जाता है... मेरा मानना है कि मोदी भारतीय गौरव, भारतीय संस्कृति, योग का प्राचीन भारतीय ज्ञान और आयुर्वेद को पुनर्जीवित कर रहे हैं।

डॉ. कंसुपाड़ा डेमोक्रेटिक थिंक टैंक 'इंडियन अमेरिकन इंपैक्ट के वार्षिक सम्मेलन देसीस डिसाइड में शामिल हुए थे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने बुधवार को इस कार्यक्रम में मौजूद भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित किया था। डॉ बिंदुकुमार व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के निदेशक मंडल के सदस्य भी हैं।

उन्होंने कहा, मेरी नजर में मोदी



जी ने सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। जब मैं मेडिकल कॉलेज में पढ़ता था तो उस दौरान मुंबई में केवल चार मेडिकल कॉलेज थे। अब भारत में 700 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज है। जहां तक मुझे याद है साल 1970 में भारत में केवल पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) थे और अब करीब 23 आईआईटी हैं।

कंसुपाड़ा ने बताया कि उन्होंने हाल के दिनों में कई बार भारत का दौरा किया है। भारतीय अमेरिकी डॉक्टर ने कहा, बहुत विकास हुआ है। भारतीय युवाओं में जबरदस्त आत्मविश्वास है। देश में तीर्थ स्थलों का भी विकास हुआ है। मैंने भारत में जितने हवाई अड्डे देखे थे, अब उससे कहीं अधिक हवाई अड्डे हैं। प्रसन्नता सूचकांक में भी सुधार हो रहा है। लोग अधिक आत्मनिर्भर बन गए हैं और मुझे लगता है कि लोगों को भारतीय होने पर गर्व है। डॉ. कंसुपाड़ा ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई हैरानी नहीं होगी कि यदि भारतीय-अमेरिकियों की युवा पीढ़ी को व्यवसाय विकास और सामुदायिक मामलों के लिए कभी-कभी भारत का दौरा करना पड़ सकता है क्योंकि देश अब उत्कृष्टता का केंद्र है। एक सवाल के जवाब में डॉ. कंसुपाड़ा ने कहा कि मोदी ने भारत के लोगों को गर्व का अहसास कराया है। उन्होंने कहा, मैं उनसे (भारत के लोगों से) सुन रहा हूं कि मध्यम वर्ग के अधिकांश लोग भारत और मोदी से प्यार करते हैं। इसमें मुंबई में रहने वाले मेरे मित्र भी शामिल हैं। भारतीय-अमेरिकी हृदय रोग विशेषज्ञ ने कहा कि मेरा मानना है कि यदि भारत में लोकसभा चुनाव के बाकी तीन चरणों में और अधिक लोग मतदान करते हैं, तो मोदी जीत जाएंगे। उन्होंने कहा, ''वह सभी समुदायों- हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, आदिवासी लोगों के नेता हैं। मुझे लगता है कि वह भारत के सभी पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और मुझे विश्वास है कि वह भारत को एकजुट करेंगे।

## अमेरिकी सैनिकों ने गाजा में सहायता पहुंचाने के लिये तैरता पोतघाट बनाया

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने गाजा पट्टी में एक तैरता पोतघाट तैयार किया और इसके साथ ही इस युद्धग्रस्त क्षेत्र में बेहद जरूरी मानवीय सहायता सामग्री पहुंचाने का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।यह इलाका बीते सात महीने से इजराइल व हमास के बीच जारी लड़ाई से जूझ रहा है।

फलस्तीन के लोगों के समक्ष भोजन एवं अन्य वस्तुओं की आपूर्ति की गंभीर समस्या पैदा होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भूखमरी का सामना कर रहे वहां के लोगों की मदद करने का निर्देश दिया था। इसके दो महीने से अधिक समय बाद अमेरिकी सेना ने उन तक मदद पहुंचाने के लिये यह पोतघाट बनाया है ।इजराइल ने हाल ही में मिस्र की सीमा पर स्थित प्रमुख रफह सीमा की घेराबंदी कर दी है (जिससे संकटग्रस्त लोगों तक पहुंच बंद है)। साजो-सामान, मौसम और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहे गाजा क्षेत्र में समुद्री मार्ग से सहायता पहुंचाने के लिये यह पोतघाट तैयार किया गया है।

सहायता नौकाओं को गाजा शहर के दक्षिण-पश्चिम में इजराइलियों द्वारा निर्मित एक बंदरगाह सुविधा पर जमा किया जाएगा और फिर सहायता समूहों के माध्यम से इसे वितरित किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने बताया कि रफह के बाहरी इलाके में फलस्तीनी उग्रवादियों और इजराइल की सेना के बीच जारी जबर्दस्त गोलीबारी के कारण करीब छह लाख लोग विस्थापित हो गये हैं, जो गाजा की जनसंख्या का एक चौथाई है ।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा एक लाख अन्य नागरिक उत्तरी गाजा से निकल गये हैं, जहां इजराइल की सेना ने अब हमले शुरू कर दिये हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' के अधिकारियों ने बताया कि गाजा में जारी संघर्ष से सहायता के लिये बनाये गये समुद्री मार्ग को कोई खतरा नहीं है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सुरक्षा स्थिति की करीब से निगरानी की जायेगी और (जरूरत पड़ने पर) अस्थायी रूप से ही सही, इस पोतघाट को बंद किया जा सकता है।

## इमरान खान ऑनलाइन माध्यम से शीर्ष अदालत में पेश हुए, नहीं मिली पक्ष रखने की अनुमति

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में बदलाव के एक मामले में बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में पेश किया गया, लेकिन उन्हें मामले में याचिकाकर्ता के रूप में अपना पक्ष रखने का मौका नहीं मिला।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक का एक वीडियो सामने आया है जिसमें उन्हें अदालत की सुनवाई में हिस्सा लेते देखा जा सकता है। न्यूज इंटरनेशनल अखबार ने सूत्रों के हवालों से बताया कि तस्वीर लीक होने पर उच्चतम न्यायालय ने आपत्ति जताई है जिसके बाद प्रशासन ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। ऑनलाइन माध्यम से



खान की पेशी तब संभव हुई जब प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने मंगलवार को पिछली सरकार द्वारा राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) कानूनों में किए गए बदलावों को रद्द करने के खिलाफ सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों को खान को अपना पक्ष रखने के लिए पेश करने का आदेश दिया था।

खान ने एनएबी कानूनों में बदलाव को चुनौती दी थी और शीर्ष अदालत ने पिछले साल सितंबर में उनकी याचिका स्वीकार कर ली थी, जिसने खान के कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो नवाज शरीफ सहित कुछ प्रमुख नेताओं के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के दर्जनों मामले फिर से खोल दिए थे।

खान मामले में वीडियो लिंक के माध्यम से एक याचिकाकर्ता के रूप में पेश हुए, लेकिन सुनवाई की मौजूदा परंपरा के अनुसार सीधा प्रसारण नहीं किया गया।यहां तक कि मामले की पिछली कार्यवाही का भी उच्चतम न्यायालय ने सीधा प्रसारण किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## कार्यक्रम के दौरान वस्तु फेंके जाने पर माहिरा खान ने कहा 'जो हुआ उसे भूला नहीं सकती'

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री माहिरा खान पर बदमाशों द्वारा एक वस्तु फेंके जाने की घटना की अभिनेत्री ने बृहस्पतिवार को निंदा की और कहा कि उन्हें भीड़ जैसे हालात में फंसने का डर महसूस हुआ।

अभिनेत्री क्वेटा में स्थित 'आर्ट्स काउंसिल ऑफ पाकिस्तान' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पहुं?ची थीं, जहां दर्शकों में से किसी एक ने उनके ऊपर कोई वस्तु फेंकी, जो कथित तौर पर बोतल थी। सोशल मीडिया पर जल्द ही घटना से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें माहिरा को भीड़ में अज्ञात दर्शक को इस हरकत के लिए मामूली रूप से झिड़कते हुए देखा जा सकता है। प्रसारित वीडियो क्लिप में माहिरा कह रही हैं, यह गलत हो गया, आप तो



चीजें फेंकने लगे हैं। माहिरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर घटना का जिक्र करते हुए इस बारे में एक टिप्पणी लिखी।

**कुछ ही दिनों में परिणाम**

उन्होंने कहा, कार्यक्रम में जो भी हुआ उसे भुलाया नहीं जा सकता। किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि मंच पर कुछ फेंकना ठीक है, भले ही वह कागज के बने विमान में लिपटा हुआ फूल ही क्यों न हो। यह गलत मिसाल कायम करता है।

माहिरा ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स को चिंता व प्यार दिखाने के लिए धन्यवाद देते हुए लिखा, यह अस्वीकार्य है। मैं डर गई थी न केवल अपने लिए बल्कि दूसरों के लिए भी जो भीड़ जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। उन कराची की रहने वाली अभिनेत्री 'हमसफर' और 'सदके तुम्हारे' जैसे टीवी नाटकों के साथ-साथ फिल्म 'मौला जट' और बॉलीवुड फिल्म 'रईस' के लिए जाना जाता है।अभिनेत्री ने कहा कि घर लौटते समय किसी ने उनसे कहा कि वह फिर कभी क्वेटा में कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं करेंगी।

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री पर हमला करने के आरोपी ने अकेले ही घटना को अंजाम दिया: गृह मंत्री

**एजेंसी**

**बांस्का बिस्त्रिका (स्लोवाकिया)।** स्लोवाकिया के गृह मंत्री माटुस सुताज एस्टोक ने कहा कि प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर गोलीबारी करने वाले हमलावर ने अकेले ही इस घटना को अंजाम दिया।अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि फीको की हालत गंभीर लेकिन स्थिर है। प्रधानमंत्री पर एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर पांच गोलियां चलाई गईं जहां वह समर्थकों से मिल रहे थे।

अधिकारियों ने बताया था कि राजधानी ब्रातीस्लावा से लगभग 140 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हैंडलोवा शहर में एक सांस्कृतिक केंद्र के बाहर प्रधानमंत्री पर हमले की घटना हुई।

पुलिस ने हमलावर की पहचान उजागर नहीं की है। हालांकि अपुष्ट खबरों में कहा गया है कि हमलावर 71 वर्षीय सेवानिवृत्त शख्स है। हमलावर के बारे में खबरें आई हैं कि वह देश के दक्षिण-पश्चिम इलाके में एक मॉल में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था।प्रधानमंत्री पर हमले ने इस छोटे से मध्य यूरोपीय देश को सकते में डाल दिया है जहां नेता हमले के लिए अत्यंत राजनीतिक ध्रुवीकरण वाले हालात को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं जिसने देश को विभाजित कर दिया है।गृह मंत्री एस्टोक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले के लिए जिस व्यक्ति पर आरोप लगा है उसका किसी भी राजनीतिक समूह से जुड़ाव नहीं पाया गया है। हालांकि एस्टोक ने बुधवार को कहा था कि प्रारंभिक जांच में फिको पर हमले के पीछे ''स्पष्ट राजनीतिक मंशा'' का पता चला है।फिको पर हमला ऐसे समय में हुआ जब हजारों प्रदर्शनकारी उनकी नीतियों का विरोध करने के लिए राजधानी और देश भर में रैलियां कर रहे हैं। यह घटना यूरोप में जून में होने वाले संसदीय चुनावों से ठीक पहले हुई है। इस बीच, स्लोवाकिया के नेताओं ने देश की भलाई के लिए शांति का आह्वान किया है। फिको की राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी, निवर्तमान राष्ट्रपति जुजाना कैपुतोवा ने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रमुख शांति बनाए रखने के प्रयास के लिए बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमला तेजी से ध्रुवीकृत होते समाज का प्रतिबिंब है। कैपुतोवा ने ब्रातीस्लावा में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम हर किसी से जिम्मेदारपूर्वक व्यवहार करने का आह्वान करना चाहते हैं।''

नव निर्वाचित राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राजनीतिक दलों से 6-9 जून को होने वाले यूरोपीय चुनावों के लिए अपने प्रचार अभियानों को निलंबित करने या सीमित करने का आह्वान किया, ताकि ''नेताओं के बीच गतिरोध और आपसी आरोप-प्रत्यारोप'' को रोका जा सके।

पिछले साल सितंबर में निर्वाचित फिको की सरकार ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोककर विवाद पैदा कर दिया था।

सरकार ने एक विशेष भ्रष्टाचार रोधी अभियोजक को हटाने और मीडिया पर नियंत्रण के लिए दंड संहिता में संशोधन करने की योजना बनाई है। सरकार के आलोचकों का कहना है कि कि फिको 54 लाख आबादी वाले स्लोवाकिया को और अधिक निरंकुश रास्ते पर ले जाएंगे। स्लोवाकिया 'नाटो' का भी हिस्सा है।

फिको पिछले साल स्लोवाकिया में सत्ता में लौटे थे। इससे पहले भी वह दो बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

## नेपाल की संसद में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के सांसदों के बीच मारपीट

**एजेंसी**

**नेपाल।** नेपाल में सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच गुरुवार को सदन में मारपीट एवं धक्कामुक्की हुई। सत्तापक्ष के नेता तथा पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के साथ भी विपक्षी सांसदों ने धुक्कामुक्की की।

सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति की मांग पर अड़े विपक्षी नेताओं के साथ सरकार की हर बातचीत बेनतीजा होने के बाद जब सदन की कार्रवाई शुरू हुई तो रोज की तरह विपक्षी सांसद वेल में आकर जमकर नारेबाजी करने लगे। इसी बीच स्पीकर देवराज घिमिरे ने गृह मंत्री रवि लामिछाने को सदन में बोलने देने की इजाजत दी। इजाजत मिलते ही गृहमंत्री लामिछाने अपनी सीट खड़े होकर जब पोडियम की तरफ जाने लगे तो नेपाली कांग्रेस के सांसदों ने उनका रास्ता रोका और गृह मंत्री के खिलाफ ही नाराबाजी करने लगे।

विपक्षी दल बिना संसदीय समिति के गठन के गृह मंत्री को सदन में किसी भी हालत में बोलने देने के लिए तैयार नहीं हुए।

विपक्षी सांसदों की तरफ से गृह मंत्री लामिछाने को पोडियम तक जाने से रोकने पर सत्तापक्ष के प्रमुख नेता केपी शर्मा ओली ने विपक्षी सांसदों को समझाने की कोशिश की। संसद से जारी लाइव फुटेज में दिख रहा है कि ओली नेपाली कांग्रेस के सांसद तथा पार्टी के उपाध्यक्ष धनराज गुरूंग तथा महामंत्री गगन थापा को ऐसा नहीं करने के लिए बोल रहे हैं जिस पर विपक्षी सांसदों ने नाराबाजी और तेज कर दी है। इसपर ओली ने चिल्लाकर विपक्षी सांसदों को वहां से हटने को कहा इस पर विपक्षी सांसद भी ओली के खिलाफ नाराबाजी करने लगे। इतने में ही ओली की पार्टी के सांसदों ने विपक्षी सांसदों के साथ पहले धक्का-मुक्की और फिर हाथापाई पर उतर आए। इसके जवाब में विपक्षी सांसदों ने भी सत्तापक्ष के सांसदों की पिटाई कर दी।

संसद में बिगड़ते माहौल को देखते हुए स्पीकर घिमिरे ने सदन की कार्रवाई को शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन स्थगन के बावजूद करीब आधे घंटे सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच धक्का-मुक्की चलती रही।

## अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने रफाह में इजराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई शुरू की

**एजेंसी**

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने गाजा के दक्षिणी शहर रफाह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध पर गुरुवार को सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई दो दिन तक होगी।

यह चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीका ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से आपातकालीन उपायों का अनुरोध किया है। दक्षिण अफ्रीका ने यह आरोप लगाते हुए न्यायालय का रुख किया है कि गाजा में हमास के साथ युद्ध में इजराइल की सैन्य कार्वाई नरसंहार के समान है। नई याचिका में कहा गया कि हेग स्थित अदालत के पिछले आदेश गाजा के लोगों के लिए एकमात्र शरणस्थल पर बर्बर सैन्य हमले को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं थे। दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि युद्धग्रस्त क्षेत्र में स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। नीदरलैंड में दक्षिण अफ्रीका के राजदूत वुसिमुजी मैडोनसेला ने कहा, इजराइल का नरसंहार तेजी से जारी है और यह एक नए एवं भयानक दौर से पहुंच गया है। दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से इजराइल को रफह से पीछे हटने का निर्देश देने, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, मानवीय संगठनों और पत्रकारों के लिए गाजा पट्टी तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर उपाय का आग्रह किया है। इस साल की शुरुआत में सुनवाई के दौरान, इजराइल ने गाजा में नरसंहार करने से दृढ़ता से इनकार किया और कहा था कि वह नागरिकों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करता है तथा केवल हमास के आतंकवादियों को निशाना बना रहा है।युद्ध की शुरुआत पिछले साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के हमले से हुई जिसमें फलस्तीनी आतंकवादियों ने लगभग ।,200 लोगों की हत्या कर दी और करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि युद्ध में 35,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।

## नेपाल में एवरेस्ट और एमडीएच के कुछ मसालों के बिक्री और आयात पर प्रतिबन्ध

**एजेंसी**

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने एवरेस्ट और एमडीएच कंपनियों के कुछ मसालों के आयात और बिक्री वितरण पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है।

नेपाल खाद्य गुणस्तर विभाग ने एक नोटिस में जारी कर एवरेस्ट और एमडीएच के कुछ मसालों में आवश्यकता से अधिक कीटनाशक रसायन इथलीन ऑक्साइड की मात्रा पाए जाने के बाद इन मसालों के बिक्री वितरण और आयात पर प्रतिबन्ध लगाने की जानकारी दी है। विभाग के मुताबिक एमडीएच और एवरेस्ट कंपनियों के मसालों में इथलीन ऑक्साइड की मात्रा खतरनाक स्तर पर मिलने के कारण यह फैसला लेने की जानकारी दी गई है। खाद्य गुणस्तर जांच विभाग के





तरफ से बताया गया है कि एमडीएच के मद्रास करी पाउडर, साम्भर मसाला मिक्स पाउडर तथा करी पाउडर पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office: 5, Bahadurshah Zafar Marg ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address : qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## अमेरिका की चीन को सलाह- यूरोप या रूस में से किसी एक को चुनें, दोनों साथ नहीं चल सकते

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि चीन, यूरोप और रूस के साथ एक ही समय पर अच्छे संबंध नहीं रख सकता। अमेरिका ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि चीन, यूरोप के साथ मजबूत रिश्ते रखे और साथ ही वह यूक्रेन युद्ध के बीच रूस का भी समर्थन करता रहे। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बात कही। पटेल ने कहा कि पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना यूरोप और अन्य देशों के साथ मजबूत रिश्ते चाहता है। वहीं साथ-साथ वह यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा बने रूस की भी मदद कर रहा है। खास बात ये है कि ये सिर्फ अमेरिका का मानना नहीं है बल्कि जी7 देश, नाटो और यूरोपीय देश भी ऐसा ही मानते हैं। पटेल ने कहा, रूस की मदद करके चीन न सिर्फ यूक्रेन की सुरक्षा के लिए खतरे को बढ़ा रहा है बल्कि यह यूरोप की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहा है। बीजिंग यूरोप के साथ तब तक अच्छे रिश्ते नहीं रख सकता, जब तक ये सब चलता रहेगा। अमेरिका का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रूस दौरे पर हैं। पुतिन रूस के पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले विदेश दौरे पर चीन पहुंचे, जहां पुतिन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिका को निशाने पर लिया और उस पर परमाणु बैलेंस को बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

# कपिल सिब्बल एससीबीए के अध्यक्ष चुने गए

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के हुए चुनाव में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल को नया अध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर रचना श्रीवास्तव और सचिव पद पर विक्रांत यादव ने बाजी मारी। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सिब्बल ने 1,066 मतों के साथ जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी वरिष्ठ वकील प्रदीप राय 689 मत मिले। श्री सिब्बल इससे पहले तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2001-02,1997-1998, 1995-1996 के चुनावों में जीत दर्ज की थी।



# खेल के मैदान, सिनेमाहाल से डिजिटल मंच तक जारी है मतदाता जागरूकता अभियान

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दौरान आपसे आप के फोन पर वोट डालने की अपील करते हुए प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी सचित तेंदुलकर की आवाज सुनायी दे जाए तो चौंकने की जरूरत नहीं। आयोग इस समय खेल के मैदान से लेकर सिनेमा हाल तक मतदाताओं को वोट में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को प्रेरित और प्रोत्साहित करने में लगा है। इस अभियान में उसे प्रसिद्ध हस्तियों और सरकारी प्रतिष्ठानों से लेकर निजी क्षेत्र की कंपनियों और डिजिटल ऐप आदि का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।




# भाजपा के '400 सीटें पार' नारे का मकसद संविधान समाप्त करना है: उदित राज

**नई दिल्ली।** इंडिया समूह के उत्तर-पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ.उदित राज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस बार 400 पार सीटों का जो नारा लगा रही है, उसका मकसद संविधान को खत्म करके अपनी तानाशाही लागू करना है। डॉ. राज ने यहां पार्टी कार्यालय में उनसे मिलने आये वाल्मिकी समुदाय के प्रतिनिधियों और दिल्ली नगर निगम के सैंकड़ों कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा, इस बार हो रहा यह आम चुनाव देश और संविधान को बचाने की अग्नि परीक्षा है। मोदी सरकार अगर इस बार सत्ता में आ जाती है तो देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को मिल रहा आरक्षण खत्म कर दिया जायेगा। यह लड़ाई तानाशाही से देश और संविधान को बचाने की है, क्योंकि बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने इन वर्गों की बेहतरी का जो सपना देखा था, वह इन लोगों को चुभ रहा है।



# हरियाणा से लाई 10 हजार क्वार्टर शराब बरामद

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ और एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की ज्वाइंट पुलिस टीम ने शराब तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। इस मामले में 10 हजार क्वार्टर शराब बरामद की गई है। पुलिस टीम ने शराब तस्करी करने वाले मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अतुल के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि शराब तस्करी को रोकने के लिए पुलिस की आपरेशन सेल की टीम को लगाया गया है। इसी को देखते हुए पुलिस टीम लोकल इनफॉर्मर और अपने सोर्स की मदद से लगातार पता लगा रही है। पहले भी शराब की खेप स्पेशल स्टाफ, एएटीएस के द्वारा बरामद की जा चुकी है। इसी कड़ी में स्पेशल स्टाफ और एएटीएस के इंचार्ज इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की टीम को शराब तस्करी के बड़े मामले के बारे में पता चला था। उस सूचना पर एसआई दिनेश कुमार, एएसआई रेशम सिंह, तोपेश, हेड कॉन्स्टेबल विजेंदर, राजवीर, हेमचंद और कांस्टेबल प्रदीप की टीम ने जानकारी को डेवलप करना शुरू किया। जैसे ही जानकारी कंफर्म हुई कि शराब की एक बड़ी खेप हरियाणा से बड़े टेंपो में भरकर दिल्ली लाई जा रही है। इसे डाबड़ी इलाके में सप्लाई किया जाएगा। पुलिस टीम ने ट्रैप लगाया, उस टेंपो को डाबड़ी इलाके में पहुंचते ही पुलिस टीम ने रोक लिया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके अंदर 200 कार्टून शराब के भरे हुए थे, जिसमें शराब के 10 हजार क्वार्टर भरे हुए थे। जो सिर्फ हरियाणा में ही बिकने के लिए मान्य थे।

# भाजपा की गारंटी सिर्फ जुमला, केजरीवाल की गारंटी हर सरकारी स्कूल, अस्पताल : मिश्रा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली से इंडिया समूह के प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद महाबल मिश्रा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गारंटी सिर्फ जुमला है, जबकि केजरीवाल की गारंटी हर सरकारी स्कूल, अस्पताल और हाल ही में घोषित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के परीक्षा परिणाम में सरकारी विद्यालयों के प्रदर्शन हैं। श्री मिश्रा ने आज जनकपुरी, हरिनगर, मादीपुर, नजफगढ़, द्वारका, विकासपुरी, मटियाला समेत अन्य विधानसभाओं में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की गारंटी सिर्फ जुमला है, जबकि केजरीवाल की गारंटी हर सरकारी स्कूल, अस्पताल और हाल ही में घोषित सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में सरकारी विद्यालयों के प्रदर्शन हैं। , जो साफ कर देते हैं कि अगर इंडिया समूह को मौका देंगे, तो दिल्ली का विकास सही मायने में संभव और सफल होगा। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि आने वाली 25 मई को चुनाव चिन्ह झाड़ू पर अपना कीमती वोट देकर इंडिया समूह को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती व्यवस्था को लागू किया जाएगा और युवाओं को रोज़गार मुहैया कराया जाएगा।



# मारपीट मामला: मालीवाल ने पुलिस को बयान देकर कार्रवाई की उम्मीद जताई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मलीवाल ने उनके साथ हुई दुर्व्यवहार की घटना को दुखद करार देते हुए कहा है कि उन्होंने पुलिस को बयान दिया है और उचित कार्रवाई की उम्मीद है।

सुश्री मालीवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हुई बदसलूकी के बारे में पुलिस को दिये बयान के बारे एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा, मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना बयान दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्रवाई होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूँ। जिन लोगों ने चरित्र हनन करने की कोशिश की, ये बोला की दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे। उन्होंने कहा, देश में अहम चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल ज़रूरी नहीं है, देश के मुद्दे ज़रूरी हैं। भाजपा वालों से ख़ास गुज़ारिश है इस घटना पर राजनीति न करें। ग़ौरतलब है सुश्री स्वाति के साथ मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्री केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार ने दुर्व्यवहार किया था। इस घटना की पार्टी की ओर से बुधवार कोनिंदा की गई और कहा गया कि मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लिया है।



# निर्यात बढ़ाने के लिए सस्ती पूंजी मांगी कारोबारियों ने

**एजेंसी**

**नईअदिल्ली।** भारतीय निर्यातक महासंघ (फियो) ने यूक्रेन - रुस युद्ध और लाल सागर एवं पश्चिम एशिया के संकट को देखते हुए सस्ती पूंजी और छोटे उद्योगों के लिए प्रभावी निर्यात कोष बनाने की मांग की है।

फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, उपाध्यक्ष इसरार अहमद और महानिदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अजय सहाय ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भविष्य में भारतीय निर्यात की गति बनाये रखने के लिए कारोबारियों को सस्ती पूंजी उपलब्ध कराना और छोटे उद्योगों के लिए निर्यात कोष आश्चयक होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 के बीच कोविड काल और वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय निर्यात 8 5 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ा है। यह 778 अरब डालर तक पहुंच गया है। लेकिन इस वृद्धि को बनायें रखने के लिए सरकार को कुछ प्रोत्साहनात्मक कदम उठाने होंगे। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय उत्पाद प्रतिस्पर्धी होंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया के संकट के कारण परिवहन लागत में इजाफा हुआ है जिसके कारण कुल लागत भी बढ़ी है। इसके अलावा यात्रा समय में लगभग दो गुनी वृद्धि हुई है। इसका पूरा भार अभी तक निर्यात कारोबारी उठा रहा है। लेकिन लंबे समय तक यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यात को बनायें रखने के लिए सस्ती पूंजी उपलब्ध करानी होगी और बैंकों को ब्याज दर घटानी होगी जिससे कारोबारियों को लंबे समय तक पूंजी उपलब्ध हो सके।



उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए निर्यात कोष को प्रभावी बनाना होगा। इसके लिए प्रक्रिया सरल करनी होगी और शुल्क घटाने होंगे। उन्होंने कहा कि निर्यात संवर्धन परिषदों, व्यापार प्रोत्साहन सगठनों और कृषि उपज आधारित बोर्डों को छोटे उद्योगों के निर्यात का बढ़ावा देने के लिए कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक दो हजार अरब डालर का निर्यात लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिवर्ष 12 7 प्रतिशत की दर की वृद्धि प्राप्त करनी होगी। मौजूदा वैश्विक हालात और उपायों में उचित परिवेश बनाने यह संभव है।

श्री अहमद ने कहा कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन नीति के सकारात्मक परिणाम सामने आये हैं। इससे मशीनरी, इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रिक, ऑटो, फार्मा और जैव प्रौद्योगिकी का निर्यात बढा है। उन्होंने कहा कि श्रम आधारित उद्योगों का निर्यात बढ़ाना एक चुनौती बना हुआ है। इन कपडा, वस्त्र, परिधान, आभूषण एवं जेवरात, जूता चप्पल आदि शामिल है। इस क्षेत्र में निर्यात बढ़ाने के लिए वैश्विक मांग के अनुरुप उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता है। कौशन विकास इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

डॉ. सहाय ने ईरान के चाबहार बंदरगाह का नियंत्रण भारतीय कंपनी के हाथ लाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे भारतीय निर्यात को लाभ होगा। इससे भारतीय निर्यात को अफगानिस्तान, रुस और संबंधित क्षेत्र, मध्य एशिया और यूरोप के कई देशों तक आसान पहुंच उपलब्ध होगी।

# केजरीवाल को दो जून को करना होगा आत्मसमर्पण- उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले के मामले में गिरफ्तारी के बाद एक जून तक अंतरिम जमानत पर 10 मई को तिहाड़ जेल से रिहा हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चुनावी सभा के एक कथित बयान ...अगर लोगों ने झाड़ू को वोट दिया तो मुझे वापस जेल नहीं जाना पड़ेगा पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आपत्ति पर कहा उसका (शीर्ष अदालत) आदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि उन्हें (केजरीवाल) दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केजरीवाल के मामले को अपवाद नहीं बनाया है। उन्हें अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाना उचित है।पीठ ने आगे कहा, ÷हमारा आदेश बहुत स्पष्ट है। हमने एक समय सीमा तय की है कि अमुक तारीख के दौरान को वह जमानत पर हैं और जिस तारीख को उन्हें आत्मसमर्पण करना है (दो जून को, केजरीवाल को आत्मसमर्पण करना होगा)। यह शीर्ष अदालत का आदेश है।

# 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती कर देंगे शुरु : राहुल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अन्याय को मिटाने के लिए एक एक वोट को जरूरी बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो 15 अगस्त तक 30 लाख पदों पर भर्ती शुरु कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में न्याय नहीं हो रहा है। जल, जमीन और जंगल से आदिवासियों के हकों को छीना जा रहा है और सबके साथ अन्याय हो रहा है इसलिए न्याय के लिए हर एक वोट जरूरी है।

श्री गांधी ने कहा अपने एक वोट की ताकत समझिए। देश भर में हो रहे भयंकर भेदभाव और अन्याय को मिटाएगा - आपका एक वोट,15 अगस्त तक 30 लाख सरकारी पदों की भर्ती का काम शुरू करवाएगा - आपका एक वोट। एक जुलाई से गरीब महिलाओं के खाते में 8,500 रुपए हर माह खटाखट पहुंचाएगा - आपका एक वोट।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मिला आपका एक वोट ÷युवाओं को 1 लाख रुपए वर्ष की पहली नौकरी दिलवाएगा,आपको अधिकार देने वाले संविधान की रक्षा करेगा, अपनी सरकार चुनने का अधिकार सुरक्षित कर लोकतंत्र बचाएगा और वंचितों के हक़, भागीदारी तथा आरक्षण की रक्षा करने के साथ ही जल, जंगल, ज़मीन पर आदिवासियों का अधिकार क़ायम रखेगा। इन्डिया गठबंधन को मिला आपका हर वोट, मज़बूत लोकतंत्र और सशक्त नागरिक बनाएगा।

# कीर्तिनगर मेट्रो स्टेशन का इंटरचेंज पुल दे रहा बड़े हादसे को न्योता

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के कीर्तिनगर स्टेशन पर ब्लूलाइन से ग्रीन लाइन इंटरचेंज के लिए बने पुल की लोहे की सतह घिस जाने से इस पर आये दिन यात्रियों के फिसल कर गिरने और घायल होने की घटनायें हो रही है।

पश्चिम दिल्ली में पीरागढी से राजीव चौक या द्वारका और कीर्तिनगर से इंदरलोक की ओर जाने के लिए कीर्तिनगर स्टेशन पर मेट्रो रेल बदलने के लिए रोज लाखों की संख्या में यात्री इस इंटरचेंज पुल से गुजरते हैं। पुल की सतह घिसकर चिकनी हो जाने से कई लोगों के पैर फिसलने की घटनायें सामने आयी है। उद्योग नगर की रहने वाली प्रतिभा पटेल ने 'यूनीवार्ता'को बताया कि कल उसकी मां का इस पुल पर पैर फिसल गया जिससे उनकी कमर में गंभीर चोटें आयी हैं। उनका नांगलोई के एक सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि उसके जानने वाले कई लोगों ने इस तरह की घटनाओं के बारे में चर्चा की थी लेकिन उसे नहीं मालूम था कि उसकी मां के साथ यह हादसा हो जायेगा। स्टेशन पर कुछ यात्रियों ने कहा कि इस पुल पर चलना जोखिम भरा हो गया है लेकिन मेट्रो रेल के अधिकारी इस ध्यान नहीं दे रहे हैं।



दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के संयुक्त महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस ) टी भट्टाचार्यजी ने 'यूनीवार्ता'के इस संबंध में पूछे जाने पर कहा,हमारी रख रखाव टीम इस समस्या को देखेगी और यथाशीघ्र इस समस्या का समाधान निकाला जायेगा।

# एक दशक में मिले 51.40 करोड़ रोजगार: अनुराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री और हिमाचल के हमीरपुर से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने बेरोज़गारी और रोज़गार के मुद्दे पर इंडिया समूह के दावों को भ्रामक व खोखला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सरकार में रोज़गार सृजन की दिशा ऐतिहासिक कीर्तिमान बनने व रिकॉर्ड रोज़गार मिलने का दावा किया है। श्री ठाकुर ने कहा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नीतियों से भारत में पिछले एक दशक में रोज़गार सृजन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। रोज़गार के मुद्दे पर इंडी अलायंस लगातार झूठ बोल कर देश को गुमराह कर रहा है। स्कोच समूह द्वारा पिछले 10 वर्षों में भारतीय रोजगार सृजन पर जारी रिपोर्ट ने विपक्ष के झूठे दावों की पोल खोल दी है। मोदीनॉमिक्स के इस शानदार उदाहरण ने रोज़गार पर विपक्षी भ्रामक दुष्प्रचार की जड़ों को हिला दिया है। स्कोच की रिपोर्ट में सामने आया है की मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में 51.40 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं जो कि दिखाता है की मोदी सरकार की नीतियों से एक दशक में रोज़गार के कितने अवसर मिले

श्री ठाकुर ने कहा,लोकसभा चुनावों के पहले चार चरणों में जनता ने पहले ही मोदी सरकार के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड पर अपनी मुहर लगा दी है और अब इस रिपोर्ट ने विपक्ष के दुष्प्रचार की कलई खोल कर दी है। ये हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी और समावेशी नेतृत्व की ही देन है की हमने विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त रोजगार सृजन होता देखा है। इससे पहले तो भारत में भ्रष्टाचार के ऊपर रिपोर्टें आया करती थी लेकिन आज विकास आधारित रिपोर्टें आ रहीं है। यह बदलाव देश को अच्छा लग रहा है और जनता को विश्वास है कि आज देश सुरक्षित हाथों में हैं।

श्री ठाकुर ने कहा कि जैसे जैसे मोदी सरकार के अभूतपूर्व विकास के दशक की उपलब्धियां सामने आ रही है वैसे-वैसे विपक्ष का भ्रामक दुष्प्रचार रेत के किले की तरह बिखर रहा है। पहले भी इन्होंने देश को गरीबों के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश की थी तब एक रिपोर्ट सामने आई थी कि मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। अभी प्रकाशित हुई स्कोच की रिपोर्ट बताती है की 51.40 करोड़ सृजित रोजगार में 19.79 करोड़ मोदी सरकार की विभिन्न स्कीमों व नीतियों की वजह से हुए हैं। इसके साथ ही 31.61 करोड़ रोजगार बैंकों की तरफ से दिए गए लोन की वजह से संभव हुए हैं। इसमें मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हर साल औसतन 3.6 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम सड़क योजना, कौशल विकास योजना, पीएम स्वनीधि और पीएलआई जैसी स्कीमों ने भी लोगों को रोजगार देने में प्रत्यक्ष तौर पर मदद की है।

श्री ठाकुर ने आगे कहा, मुझे आज विपक्षी खेमे पर तरस आ रहा है क्योंकि पहले ही उनका एसटी, एससी, ओबीसी आरक्षण और संविधान वाला नैरेटिव बुरी तरह पिट चुका है। पाकिस्तान के गोद में जाकर बैठने से भी उनका काम बनता नहीं दिख रहा। वोट बैंक और अपिजमेंट पॉलिटिक्स भी अब काम नहीं आ रही। गाहे बगाहे यह लोग बिना सर पैर के बेरोजगारी पर बात कर लेते थे तो अब वह भी नहीं कर सकते। अब आखिर इनका अगले 15 दिनों का चुनाव प्रचार कैसे बीतेगा? यह लोग कौन सा नया प्रोपेगेंडा लेकर आएंगे? हिंदुओं की संपत्ति छीन कर अपने वोट बैंक को देने वाली बात पहले चार चरणों में इन पर भारी पड़ चुकी है।

# कमला बेनीवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया धनखड़ ने

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने त्रिपुरा, गुजरात और मिजोरम की पूर्व राज्यपाल एवं राजस्थान की पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ कमला बेनीवाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री धनखड़ ने यहां जारी एक शोक संदेश में कहा कि डॉ बेनीवाल एक योग्य प्रशासक और वरिष्ठ राजनेता थी। वह नारी सशक्तिकरण का प्रतीक थी। उनकी सरलता और कर्तव्य निष्ठा लोगों को प्रभावित करती थी। उप राष्ट्रपति ने कहा, मैं डॉ बेनीवाल से पांच दशक से परिचित हूं। उनका निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। ईश्वर उनके परिजनों और मित्रों को यह दुख सहने की शक्ति दे। ओम शांति। डॉ बेनीवाल ने आज जयपुर के फोर्टिस अस्पताल अंतिम सांस ली। वह 97 वर्ष की थी।

**NAME CHANGE**
I, MOHAMMAD REHAN S/O MOHD RIYAZ residing at 313/76-C TULSI NAGAR, INDER LOK DELHI -110035 have changed my name to MOHD REHAN for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, Sanjay Kumar s/o Musaddi Lal Garg R/o A-1/203, New Kondli, Mayur Vihar Phase-3, Delhi-110096, have changed my name to Sanjay Garg permanently.

**NAME CHANGE**
I, Ritika Khanna D/o Shri Ramesh Behal, Address:- V-24 Ground Floor, Green Park (Main), New Delhi - 110016 Have changed my name to Ritika Behal for all future purpose

**NAME CHANGE**
I, Sajjan Kumar Goyal s/o Desraj Goyal R/o H-2/14A, Gali No 2, Mahavir Enclave, New Delhi 110045 have changed my name to Sajjan Kumar For all future purposes.

**NAME CHANGE**
I SANSRITI CHHABRA, D/O MANISH CHHABRA, R/O A-349, DOUBLE STORY, KALKA JI, G. F. BEHIND GURUDWARA, NEW DELHI 110019,HAVE CHANGE MY NAME TO SANSKRITI CHHABRA FOR ALL FUTURE PURPOSE

**PUBLIC NOTICE**
I hitherto known as MIRUDULA W/o KISHOR SINGH, R/o H. No. B-41E, Street No. 3, Ganesh Nagar, Pandav Nagar Complex, East Delhi, Delhi-110092, have another my name and shall hereafter be known as SUNITA.

**NAME CHANGE**
I, MEENA SHARMA spouse of No. GS-184627X Rank PAN Name HIRA LAL SHARMA, presently residing VILL-BHAKATGAON, POST- CHARDAUR, DISTT.- SONITPUR, ASSAM, PIN-784103 have changed my name from MEENA SHARMA to MINA SHARMA for all future purposes. Affidavit No IN-DL90446357553655W Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Vaibhav Vishal Jha S/o Rajnikant Jha R/o RZ-63, Gali No-2, Vashali, Dabri, South west delhi, Delhi-110045, Have Changed My Name To Vaibhav Vishal

**NAME CHANGE**
I, Iqbal s/o Mohd Zafrul Ansari R/o I-2-25, Gali No.6, Sangam Vihar, Tigri, Delhi-110062, have changed my name to Iqbal Ansari permanently.

**NAME CHANGE**
I, AMANDEEP KAUR wife of NO-15566771K Rank-HAV Name-RANJEET SINGH R/O VILL-RAVANA LALA URF BISHANPURI, PO-RUMPURA BUJURAG, TEH-BILASPUR, DISTT-RAMPUR, UTTAR PRADESH-244921, in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 15/07/1989 instead of my correct date of birth as 15/07/1987 vide affidavit dated 17/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, PRADEEP KUMAR SHARMA S/o BANWARI LAL SHARMA, R/o Flat No.1101, 11th Floor, Atlantis Co-operative Housing Society, Sector-47, Gurgaon-122001, Haryana, have changed the name of my minor daughter PRAMITA KHANDAL, aged about 8 years and she shall hereafter be known as PRANISHAA KHANDAL

**NAME CHANGE**
I, ASHWINI Wife of No-15725380N Rank-NK Name- KOLEKAR RAHUL AMBADAS R/O VILL-TANDALWADI (HAWELI), PO-SIRASMAG, TEH-BEED, DISTT-BEED, STATE-MAHARASHTRA-431122 have changed my name from ASHWINI to KOLEKAR ASHWINI RAHUL for all future purposes vide Affidavit dated 17/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, MOHD WAKEEL S/O MOHAMMED YASIN R/O K-78/A, BLOCK-K, ABDUL FAZAL ENCLAVEM JAMIA NAGAR, DELHI-110025 have changed my name to MOHAMMED WAKEEL for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, MADNANDA Mother of No. 2807980H L/NK PATIL PANDURANG DNYANOBA R/o VPO-HADOLI (JAHAGIR), TEH-LOHA, DIST-NANDED, MAHARASHTRA-431714, have changed my name from MADNANDA to MAHANANDA DNYANOBA GAYAKWAD for all future purposes vide affidavit dated 14/05/2024 before Notary Public, Andhra Pradesh.

**NAME CHANGE**
I, No-14830034A Rank-HAV/MT, Name-KHAGESH TIWARI S/o SRIKANT TIWARI Presently residing at VPO-ODRAI, PS-DULLAHAPUR, TEH-JAKHANIA, DIST-GHAZIPUR, UTTAR PRADESH-275202 as per my service records my wife's (ANITA TIWARI) date of birth wrongly mentioned as 15/08/1985 instead of my correct date of birth 05/08/1981 vide affidavit dated 17/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, JOGINDER KAUR mother of NO-15566771K Rank-HAV Name-RANJEET SINGH R/O VILL-RAVANA LALA URF BISHANPURI, PO-RUMPURA BUJURAG, TEH-BILASPUR, DISTT-RAMPUR, UTTAR PRADESH-244921 have changed my name from JOGINDER KAUR to JUGENDER KAUR for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 11/01/1956 instead of my correct date of birth as 01/01/1954 Vide Affidavit dated 17/05/2024 before Notary Public Delhi.

**Lost and Found**
I, Shashi Sachdeva W/o Sh Vijay Sachdeva R/o B1/5 Ashok Vihar phase 2 Delhi 110052 want to inform you that following documents pertaining to my LIG FLAT NO 23 A, BLOCK B4, ASHOK Vihar phase 2 DELHI 110052 have Lost/ Misplaced and not traceable at present i.e. original possession letter and original site possession slip. I have filed an E- FIR LR no 1741540/2024 dt 17 may 2024. IF found please inform at 9811025627.

**NAME CHANGE**
I, No. GO-00953F Rank EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL) SG Name SUNIL KUMAR presently residing at A-401 GOKUL APARTMENT, PLOT NO-5B, DWARKA, SECTOR-11 SOUTH WEST DELHI, DELHI-110075, have changed my daughter's name from SANYA SHREE to SHAMBHAVI SANYA for all future purposes. Vide affidavit No IN-DL90446187254924W Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**
I, CHOPPA ROJA RANI wife of JC-442531M Rank-SUB Name- BANKURU CHINNARAO R/O FLAT NO-201, SISIR ENTER PRISES, VAYUPUTRA NAGAR, BAKKANNA-PALEM, VISAKHAPATNAM, ANDHRA PRADESH-530048 have changed my name from CHOPPA ROJA RANI to BANKURU ROJA RANI for all future purposes vide affidavit dated 17/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, GAYATHRI A wife of NO-2619830P Rank-SEP Name- DIWAKARAN R R/O VPO-DEVALAPURAM, TEH-AMBUR, DISTT-VELLORE, TAMIL NADU-635802 have changed my name from GAYATHRI A to GAYATHRI DIWAKARAN for all future purposes vide affidavit dated 17/05/2024 before Notary Public, Delhi.

## झज्जर जिला में 17861 फर्स्ट वोटर, सभी से मतदान का आह्वान

एजेंसी

**झज्जर।** रोहतक लोकसभा सीट के चुनाव में झज्जर जिला के 17861 युवाओं को पहली बार मतदान का अधिकार मिला है। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिले के सभी मतदाताओं के साथ इन युवाओं से 25 मई के दिन मतदान अवश्य करने का आह्वान किया है।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार अपने आप में एक बड़ा प्रोत्साहन है व सभी मतदाताओं को गर्व के साथ मतदान करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बनते हुए विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि जिले में 808054 कुल मतदाता हैं जिनमें से 379782 महिला व 428259 पुरुष मतदाता हैं। जिले में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 17861 है। ये मतदाता लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले में 797 पोलिंग बूथों पर मतदान होगा जिनमें से 168 शहरी पोलिंग बूथ हैं व 628 ग्रामीण। इसके अलावा बहादुरगढ़ में एक 1500 से अधिक मतदाता होने के कारण 146(क) अतिरिक्त बूथ स्थापित किया गया है।

बीते लोकसभा चुनाव 2019 में झज्जर जिले में 68.84 प्रतिशत मतदान हुआ था व इससे पूर्व 2014 के लोकसभा चुनाव में 66.57 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने कहा कि बीते दो चुनाव से लगातार चुनाव प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है व इस बार स्वीप अभियान भी बड़े स्तर पर चलाया जा रहा है और अपेक्षित है कि जिले में मतदाता इस बार अधिक से अधिक मतदान में भागीदार बनते हुए बीते सालों की तुलना में अधिक मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। चुनाव को लेकर जोर-शोर से तैयारी की जा रही है।

## कांग्रेस ने सिवाय भ्रष्टाचार और घोटालों के देश को कुछ नहीं दिया: कुलदीप बिश्नोई

**फतेहाबाद।** भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने गांव नाढोडी में जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर के पक्ष में वोटों की अपील की। जनसभा में उनके साथ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम सहित भाजपा के कई नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। कुलदीप बिश्नोई, सुभाष बराला और दुड़ाराम एक ट्रेक्टर पर सवार होकर काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंचे। सभा को संबोधित करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आज वे अपने घर में अपने ही भाई बहनों से अशोक तंवर के लिए वोटों की अपील करने आए हैं, उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि इलाके की जनता उनका साथ बिलकुल उसी प्रकार से देगी जिस प्रकार से भजनलाल का दिया करती थी। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आज देश को मजबूत करने का समय आ गया है, आज लोग अशोक तंवर को विजयी बनाकर लोकसभा में भेजेंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूती मिलेगी और देश को फिर से तीसरी मजबूत सरकार मिलेगी, जो देश और देशवासियों के हितों के फैसले ले सकेगी। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आप लोगों ने कांग्रेस को बड़ा लंबा समय तक सत्ता में भागीदारी दी, मगर कांग्रेस ने आप लोगों को कुछ नहीं दिया, सिवाय भ्रष्टाचार और घोटालों के। कुलदीप बिश्नोई ने अपील करते हुए कहा कि डॉ. अशोक तंवर के वोट देकर एक सशक्त सरकार बनाने में अपना अमूल्य सहयोग दें।

## अनियंत्रित होकर बीयर से भरा ट्रक पलटा, सेंकड़ों बोतलें बीयर टूटी

**फतेहाबाद।** अलसुबह शहर के हिसार रोड पर कुलडिया़ पेट्रोल पम्प के पास बीयरों की बोतलों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जाता है कि ट्रक के आगे अचानक आए एक पशु बो बचाने के चक्कर में ट्रक चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक में रखी सैंकड़ों बोतल बीयर टूट गई और सडक़ पर चारों तरफ कांच बिखर गया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और सडक़ पर ट्रक पलटने से हिसार की तरफ से आने वाला रोड बंद हो गया। सुबह 8 बजे तक मजदूरों की मदद से सुरक्षित बची बोतलों को अलग करने का काम चलता रहा। इसके चलते ट्रैफिक को दूसरी साइड से निकाला गया। हादसा सुबह 2 बजे का बताया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार रेवाड़ी से बियर की 950 पेटियां लेकर ट्रक फतेहाबाद आ रहा था। ट्रक को फतेहाबाद के एल-1 ठेके पर लाया जा रहा था। जब ट्रक रात करीब 2 बजे मताना मोड़ के पास पहुंचा तो अचानक पशु आगे आ गया। उसे बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया।

## माइनिंग टीम पर हमला कर रेता चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** माइनिंग टीम पर हमला करके रेता चोरी करने वाले तीन आरोपियों को क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित, साहिल तथा टिंकू का नाम शामिल है। आरोपी अमित नोएडा के पास मढैया का रहने वाला है, जो अब फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में रहता था। आरोपी साहिल तथा टिंकू फरीदाबाद के मंझावली गांव के निवासी हैं। 27 मार्च को खेड़ीपुल थाने में हत्या का प्रयास, चोरी तथा माइनिंग एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने रेता चोरी के दौरान माइनिंग टीम पर हमला किया और फरार हो गए। थाने में दर्ज मुकदमे के अनुसार माइनिंग टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि सुबह करीब 5 बजे आरोपी रेता चोरी करके आएंगे।

## यमुनानगर में बोले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री- कांग्रेस की आस्था राम मंदिर में नहीं, बाबरी मस्जिद में

**कांग्रेस आरक्षण खत्म कर मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है- पुष्कर सिंह धामी**

एजेंसी

**यमुनानगर।** अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार बंतो कटारिया के जनसंपर्क कार्यक्रम में भाग लेने पार्टी के स्टार प्रचारक व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यमुनानगर पहुंचे। धामी ने लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि आपने वर्ष 2014 से पहले का भी कालखंड देखा और 2014 के बाद का भी कालखंड देख रहे हो। उन्होंने कहा कि केवल हरियाणा में ही नहीं बल्कि पूरे देश में जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता की उपस्थिति बता रही है कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा बंतो कटारिया की ऐतिहासिक जीत होने वाली है।

उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। आज हम विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए है और वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत



बनाने का लक्ष्य है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में पाकिस्तान हमेशा से भारत के खिलाफ आक्रमक रहता था, लेकिन मोदी की सरकार आने के बाद घर में घुसकर जवाब दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। भाजपा सरकार ने 10 वर्ष में हाईवे, आईआईटी, आईआईएम, मेट्रो रेल, अंडर वाटर रेल, हवाई अड्डों का निर्माण करवाया है, वहीं गरीब कल्याणकारी योजनाएं चलाई। अंबाला में भी हवाई अड्डा जल्द शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने सीएए कानून, कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाना व तीन तलाक़ जैसे बड़े फैसले लिये हैं। आज पूरे देश में हर जगह एक ही उद्घोष है कि अबकी बार चार सौ पार व मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 वर्ष में घपले, घोटाले और तुष्टिकरण किया। इनकी राम मंदिर में आस्था नही बल्कि बाबरी मस्जिद में है। देश में सनातन के खिलाफ साजिश चल रही है। ये आरक्षण खत्म करना चाहते हैं और मुस्लिम को आरक्षण देने का वायदा कर रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अप्राकृतिक झीलों में नहाना खतरे से खाली नहीं : कुलदीप सिंह

### डीसीपी ने आमजन को जागरूक करने के लिए झील के आसपास होर्डिंग लगाने के दिए निर्देश

एजेंसी

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह ने पुलिस टीम व अन्य सरकारी विभाग के साथ सिरोही झील का दौरा किया, जिसमें पिछले एक सप्ताह में तीन व्यक्तियों की डूबकर मृत्यु हो चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सिरोही झील में एक सप्ताह के अन्दर तीन नवयुवकों की झील में डुबने से मौत हो गई थी। आज डीसीपी द्वारा एसीपी मुजेसर महेश श्योराण, एसएचओ धौज शिवचरण, सिरोही झील पर वन विभाग व माइनिंग विभाग के अधिकारी, आसपास गांव के सरपंच, इलाके के गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिटिंग ली व झील के पास ही इस सम्बंध में लोगों को उस झील के पास ना जाने वा उसमें ना नहाने के बारे में जागरुक किया गया। जगह जगह पर उस झील में ना जाने के बारे में होर्डिंग लगवाये जाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं, ताकि जब कोई व्यक्ति वहां पर आए तो वह होर्डिंग को पढ़कर झील में जाने की कोशिश ना करें और उसकी



जान बच सके। उन्होंने कहा कि ग्रामवासी आसपास ध्यान रखें और यदि कोई व्यक्ति बाहर से यहां झील देखने आता है, तो उसे पहले ही सतर्क कर दें कि यह झील काफी गहरी है और इसमें नहाना खतरे से खाली नहीं है, इसलिए इसके अंदर ना जाएं। उन्होंने कहा कि गांव के प्रधान अपने आसपास के सभी लोगों को इसकी जानकारी प्रदान करें ताकि कोई और व्यक्ति मृत्यु की बलि चढ़ने से बच सके।

## लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिला पुलिस ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च

एजेंसी

**जींद।** लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के मार्गदर्शन में उपपुलिस अधीक्षक गीतिका जाखड़ के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से भयमुक्त मतदान करने की अपील की गई।

डीएसपी गीतिका जाखड़ ने बताया कि जिला पुलिस व पैरा मिल्ट्री फोर्स ने मिल कर शहर जींद के एरिया में फ्लैग मार्च निकाला है जिससे लोग बिना किसी डर के शांतिपूर्वक मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च में जिला पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के करीब 100 से अधिक जवान मौजूद रहे। फ्लैग मार्च निकालने का हमारा मुख्य उद्देश्य नागरिको के मन में सुरक्षा का अहसास दिलाना है कि वे बिना किसी डर, भय और निष्पक्षता से वोट दें। पुलिस का यही उदेश्य है कि स्वतंत्र एंव निष्पक्ष चुनाव करवाया जाए जिसके लिए फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होने कहा कि पुलिस की टीमें चुनाव करवाने के लिए तैयार हैं। जिसके लिए जगह-जगह नाकाबंदी की गई है। जो भी असामाजिक तत्व है जैसे नशे, अवैध शराब या अवैध हथियार के साथ कोई व्यक्ति पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगीं

डीएसपी गीतिका ने कहा कि पुलिस द्वारा चुनावों को निष्पक्ष व स्वतंत्र रूप से करवानें के लिए पूर्ण रूप से रूपरेखा तैयार की गई है। सभी इलाकों में नाकाबंदी शुरू की जा चुकी है।

नियमित नाके लगाए गए हैं। पंजाब के साथ लगते एरिया में वहां के संबंधित अधिकारियों से बातचीत करके उन स्थानों पर नाकाबंदी की जा रही है। पुलिस पूरी तरह से तैयार है और आम नागरिकों से यही अपील है कि सभी बिना किसी भय और भेदभाव के वोटिंग करें पुलिस आपके साथ है। इस मौके पर इंस्पेक्टर कमल आइटीबीपी, उप निरीक्षक मुकेश देवी, महिला थाना प्रभारी व करीब 120 जवानों ने फ्लैग मार्च में भाग लिया।

## लोकसभा चुनाव : राज्य में अब तक 11.50 करोड़ रुपये की नकदी जब्त

### एजेंसियों ने 56.19 करोड़ के नशीले पदार्थ भी किए जब्त

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता के दौरान अब तक विभिन्न एजेंसियों ने अवैध शराब, मादक पदार्थ व नकद राशि के इधर से उधर होने पर लगातार कड़ी नजर रख रही हैं। राज्य में अब तक 11.50 करोड़ की नकद राशि के अलावा 44.69 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ व अन्य कीमती वस्तुएं जब्त की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी और शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के साथ अन्य प्रवर्तन एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं। यह एजेंसियां अवैध शराब, मादक पदार्थ और नकद राशि के मूवमेंट पर कड़ी निगरानी रख रही है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व

**अनुराग अग्रवाल ने बताया कि एजेंसियों ने कुल 63.04 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिनकी कीमत 13.32 करोड़ रुपये है।**

आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने अब तक 11.50 करोड़ की नकद राशि के अलावा 44.69 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ व अन्य कीमती वस्तुएं जब्त की हैं।

अग्रवाल ने बताया कि जब्त नकद राशि में पुलिस ने 5.48 करोड़ रुपये, आयकर विभाग ने 3.03 करोड़ रुपये, आबकारी विभाग और डीआरआई ने लगभग 2.98 करोड़ रुपये जब्त की है। इसी प्रकार विभिन्न एजेंसियों ने कुल 12.54 करोड़ रुपये की कीमत की 3,83,038 लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ी है। इसमें पुलिस ने 875.53 लाख रुपये की कीमत की 2,78,613 लीटर तथा आबकारी विभाग ने 379 लाख रुपये की कीमत की 1,04,401 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। अनुराग अग्रवाल ने बताया कि एजेंसियों ने कुल 63.04 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है, जिनकी कीमत 13.32 करोड़ रुपये है। पुलिस ने 13.28 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इसके अलावा, एनसीबी ने भी दो किलोग्राम मादक पदार्थ पकड़ा है, जिनकी कीमत 4 लाख रुपये है। इतना ही नहीं, 15.84 करोड़ रुपये के कीमती सामान और 2.97 करोड़ रुपये की अन्य वस्तुओं को भी जब्त किया गया है।

## राष्ट्र संस्कृति को बचाने व गौरवशाली भारत बनाने के लिए भाजपा को वोट दें: स्वामी सुमेधानंद

**हिसार।** सीकर के सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे विकसित भारत, राष्ट संस्कृति को बचाने व गौरवशाली भारत बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में हर नागरिक अपना सहयोग दें। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती गुरुवार को हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह के पक्ष में प्रचार अभियान चला रहे थे। उन्होंने बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ी बर्की, बहबलपुर, धिकताना व बाडो पट्टी का दौरा किया और ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने पार्टीजनों के साथ बैठक करके चुनाव की रणनीति बनाई और जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने भारतीय संस्कृति बचाने व उनका जीर्णोद्धार करने का महान कार्य किया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार का न तो भारतीय संस्कृति पर ध्यान था और न ही हमारी आस्था के केन्द्रों को तवज्जो दी गई। ऐसे में हमें भली-भांति समझना व जानना होगा कि किस पार्टी का साथ देकर हम हमारी संस्कृति व आस्था के केन्द्रों को जिंदा रख सकते हैं। उन्होंने कहा की विपक्षी दल कांग्रेस के पास राष्ट्र निर्माण का कोई विजन नहीं है। वह हिंदुओं को जातियों में बांटकर वोट लेना चाहती है जो अब संभव नहीं होगा क्योंकि हिंदू जाग चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। यह सब तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर ही संभव है।

## उषा प्रियदर्शी ने नारी शक्ति से भाजपा प्रत्याशी को बहुमत से जिताने का किया आह्वान

एजेंसी

**झज्जर।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर बहादुरगढ़ में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने शिरकत की। सम्मेलन में मोर्चा जिलाध्यक्ष सोमवती जाखड़, झज्जर जिला प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष अलीशा तोमर, नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी व मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीना सतपाल राठी भी मौजूद रही। हरियाणा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने चुनाव बको लेकर महिला कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर भागीदारी होनी चाहिए।

वे भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के पक्ष में प्रचार-प्रसार करने में कोई कसर न छोड़ें। मतदाताओं से सम्पर्क साधकर 25 मई के दिन कमल के निशान पर वोट डलवाने के लिए उन्हें प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मिशन 400 पार को सफल बनाने के लिए महिला मोर्चा पदाधिकारी बैठकें कर अपनी टीमों के साथ भाजपा की जीत सुनिश्चित करने को लेकर मैदान में पूरी तरह से उतर चुकी हैं।



वे भाजपा की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन को पूरा करने के लिए हरियाणा में घर-घर जाकर मतदाताओं से तीसरी बार नरेंद्र को प्रधानमंत्री बनाये जाने के लिए कमल के निशान पर वोट देने के लिए अपील भी कर रही हैं। डॉ. नीना सतपाल राठी की अगुवाई में हुए इस सम्मेलन में काफी संख्या में मोर्चा से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। उन्होंने पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने व लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों डा. अरविंद शर्मा को भारी मतों से जीत दिलाने में नारी शक्ति की अहम भागीदारी पर जोर दिया। महिला सम्मेलन में लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा भी की गई, मोदी सरकार की ओर से महिलाओं के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं रही हैं उनको महिलाओं के बीच साझा किया।

वहीं आगामी 25 मई को मतदान केन्द्रों पर ज्यादा से ज्यादा महिला मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई। सभी मातृशक्ति से रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की।

## भाजपा उम्मीदवार रणजीत ने किया नारनौंद के गांवों का दौरा

### रणजीत व कैप्टन अभिमन्यु ने एक-दूसरे की तारीफों के बांधे पुल, रणजीत बोले-ग्रीन ब्रिगेड के मुखिया थे जेपी, तत्कालीन केंद्र सरकार ने लगाया था प्रतिबंध

एजेंसी

**हिसार।** भारतीय जनता पार्टी के हिसार लोकसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने नारनौंद हलके के अनेक गांवों में तूफानी दौरा कर लोगों से वोटों की अपील की। विभिन्न गांवों में दोनों नेताओं का स्वागत किया गया और ग्रामीणों ने समर्थन का ऐलान किया। मिर्चपुर गांव में भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा कि एक समय जब ग्रीन ब्रिगेड बनी थी तब जयप्रकाश उसका मुखिया था। ग्रीन ब्रिगेड के कारनामे सभी जानते हैं। तत्कालीन केंद्र सरकार ने उस पर प्रतिबंध भी लगाया था। उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु को मेहनतकश नेता बताते हुए कहा कि उन्होंने नारनौंद क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने ग्रामीणों से वोटों की अपील करते हुए कहा कि वे कमल के फूल पर वोट का दान मांगने यहां आया हूं। आप सभी भारत के निर्माण, मजबूती,



मातृशक्ति के लिए 25 मई को कमल के फूल पर वोट डालें। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह व वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। दोनों नेताओं ने बुजुर्गो व महिलाओं से आशीर्वाद लिया।

ग्रामीणों ने उनको पगड़ी पहनाकर दोनों नेताओं का स्वागत किया। अपने जनसंपर्क अभियान के तहत मिर्चपुर कोथ खुद, कोथ कलां, नाड़ा, गैबी नगर, कापड़ो, खेड़ी लोहचब, खेड़ी जाटान, चौपटा, हैबतपुर, गामड़ा, बुडाना, धर्मखेड़ी, उगालन, बास, बडाला व नारनौंद आदि का दौरा किया। दौरे के दौरान उनके साथ कुलदीप गौतम, राजेंद्र लांबा, छत्रपाल गोयत, सुधीर बडाला, महेंद्र सिंह पानू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व पदाधिकारी भी थे।

## अनुशासन के साथ नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते खेल : नरसी राम बिश्नोई

### गुजवि में दो दिवसीय अंतर विभागीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

एजेंसी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में दो दिवसीय अंतर विभागीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने खिलाड़ियों का परिचय लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल निदेशालय का ये शानदार प्रयास है। खेलों से विद्यार्थीयों का बहुमुखी विकास होता है। अच्छा करने पर जहां खिलाड़ी का भविष्य चमकदार हो सकता है, वहीं केवल भाग लेने से ही शरीर को स्वथ्य बनाए रखा जा सकता है। खेल अनुशासन के साथ नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं।

खेल निदेशालय के डीन प्रो. दलबीर सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की चार टीमों ने



लड़कों के वर्ग में तथा लड़कियों के वर्ग में यूटीडी की टीम तथा एक अतिथि टीम ने भाग लिया। लड़कों के वर्ग का फाइनल मुकाबला टीम 'ए' व टीम 'डी' के बीच हुआ। इस मुकाबले में टीम ए ने टीम डी को हराया। लड़कियों के वर्ग में फाइनल मुकाबला लड़कियों के वर्ग में यूटीडी की टीम विजयी रही।

इस अवसर पर खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा, सहायक खेल निदेशक डा. मृणालिनी नेहरा, कबड्डी कोच सुरेश कुमार, फुटबॉल कोच विनोद कुमार, बास्केटबॉल कोच अजय लांबा, तीरंदाजी कोच संदीप कुमार व क्रिकेट कोच विकास कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मतदाता को मतदान के लिए नहीं लगना पड़ेगा घंटो लाइन में

एजेंसी

**जींद।** अब मतदाताओं को अपना वोट डालने में अधिक देर तक लाइन में खड़ा होकर इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग ने एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से आप मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं और बूथ पर भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अहम कदम उठा रहा है।

आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित की गई है। इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैंए जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान करने के लिए केंद्र पर जा सकते हैं। कई बार मतदाता भीड़ को देख कर बगैर वोट डाले ही वापस चले जाते हैं लेकिन अब इस एप के माध्यम से मतदान केंद्रों की जानकारी मिल सकेगी।जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को बताया कि वोटर इन क्यू मोबाइल एप को भारत निर्वाचन आयोग ने भी प्रयोग के तौर पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मोबाइल एप पर मतदाता अपने एरिया का नाम, पोलिंग बूथ का नाम, वोटर का नाम आदि फीड करेगा तो उसे एक ओटीपी मिलेगा। जिसका प्रयोग कर वह बूथ पर सीधे बीएलओ से जुड़ सकता है। बीएलओ हर एक घंटा या आधे घंटे बाद एप में बताएगा कि इस समय वोट डालने के लिए कितने लोग कतार में खड़े हुए हैं।

**मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय इंतजार नही करना होगा**

डीसी ने बताया कि इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकता है। यह प्रयोग सफल रहा तो इस प्रयोग को भविष्य में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है।

## सावधान रहें नागरिक मोबाइल पर एनीडेस्क ऐप से हो सकती ठगी : मोहित हांडा

एजेंसी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि ऑनलाइन खरीदारी या खाते से पैसे ट्रांसफर करने के लिए ज्यादातर लोग मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करते हैं। अगर मोबाइल पर किसी सोशल मीडिया के जरिए एनी डेस्क मोबाइल ऐप का लिंक फॉरवर्ड होकर आ जाए तो उस पर क्लिक करने से बचें। यह एप बैंक खाते के लिए घातक हो सकता है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि आजकर साइबर ठग ठगी के लिए एनी डेस्क ऐप का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग प्रतिदिन धोखाधड़ी कर रहे हैं। पैसे हड़पने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। ऐसे में किसी भी दूरस्थ डेस्कटॉप ऐप को अपने डिवाइस में डाउनलोड न करें, किसी भी व्यक्ति को अपनी आईडी, पासवर्ड, पिन, खाता संख्या आदि की जानकारी न दें। उन्होंने एनीडेस्क नाम के एक रिमोट डेस्कटॉप ऐप बारे आगाह किया है। एनीडेस्क ऐप ठगों के लिए एक बहुत ही सरल साधन है, क्योंकि यह उपयोगकर्ताओं को इंटरनेट पर अलग-अलग मोबाइल और सिस्टम से कनेक्ट करने की अनुमति देता है। आम शब्दों में यह एक स्क्रीन शेयरिंग प्लेटफॉर्म की तरह है। अपराधी इसका उपयोग धोखा देने और ऑनलाइन ठगी के लिए कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर थाना में इस संबंध में एक शिकायत आई है कि एक साइबर अपराधी ने हिसार निवासी एक युवक के मोबाइल फोन में एनिडेस्क ऐप डाउनलोड करवाकर 83 हजार 112 रुपए की ठगी की है। युवक ने ऐसे साइबर ठगों की शिकायत पुलिस से की है।

## भारत अगामी वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगाः सान्याल

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 में चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि भारत अगले वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में ही जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। संजीव सान्याल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दरअसल भारत अभी अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बाजार मूल्य पर अर्थव्यवस्था का आकार करीब 3,700 अरब डॉलर है।

## कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सप्ताह के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। ब्रेंट क्रूड 0.36 डॉलर यानी 0.44 फीसदी की उछाल के साथ 83.11 डॉलर प्रति



बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.40 डॉलर यानी 0.51 फीसदी बढ़कर 79.03 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## वोक्सवैगन को विद्युतीकरण योजनाओं में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, प्लग-इन हाइब्रिड की खोज

नई दिल्ली। प्रसिद्ध ऑटोमोटिव दिग्गज, वोक्सवैगन, चुनौतियों और असफलताओं की पृष्ठभूमि के बीच एक बार फिर अपनी विद्युतीकरण रणनीति पर काम कर रहे है। शुरुआत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के होनहार आईडी परिवार पर अपना भविष्य दांव पर लगाने के बाद, कंपनी अब ईवी बिक्री में गिरावट से जूझ रहे है। जवाब में, VW ने अपने लाइनअप में अधिक प्लग-इन हाइब्रिड को शामिल करने की आवश्यकता को स्वीकार किया है। यह समायोजन इसकी विद्युतीकरण योजनाओं को क्रियान्वित करने में कई गलत कदमों के बाद आया है, जिसमें देरी से मॉडल जारी करना और चीन जैसे महत्वपूर्ण बाजारों में प्रतिस्पर्धियों से पिछड़ना शामिल है। इसके अतिरिक्त, वोक्सवैगन को अपनी बैटरी इकाई के लिए बाहरी निवेश को आगे बढ़ाने में बाधाओं का सामना करना पड़ा है और जर्मनी में €2 बिलियन (2.2 बिलियन) की एक महत्वपूर्ण ईवी फैक्ट्री की योजना को रद्द कर दिया है। हरित भविष्य की अपनी आकांक्षाओं के बावजूद, वोक्सवैगन ने दहन इंजन द्वारा संचालित कई वाहनों को बेचना जारी रखा है, जिससे निकट भविष्य में उत्सर्जन भत्ते से अधिक होने की चिंता बढ़ गई है। सीईओ ओलिवर ब्लूम ने इस संबंध में नरमी के लिए यूरोपीय नियामकों से भी याचिका दायर की है। यह रणनीति बदलाव VW की बिजली गतिशीलता के प्रति पिछली दृढ़ प्रतिबद्धता से विचलन का प्रतिनिधित्व करता है, जिसे डीजल उत्सर्जन घोटाले के बाद बढ़ाया गया था। पूर्व सीईओ हर्बर्ट डायस ने 'ईवी-या-बस्ट' दृष्टिकोण का समर्थन किया, बैटरी चालित वाहनों में तेजी से बदलाव की वकालत की और शुरुआती लाभ के बारे में बताया।

## सरकार ने मधुमेह हृदय और लीवर की 41 दवाओं की कीमतें घटाई

नई दिल्ली। फार्मा कंपनियों को विभिन्न दवाओं की कम कीमतों के बारे में डीलरों और स्टॉकिस्टों को तत्काल प्रभाव से जानकारी देने का निर्देश दिया गया है।फार्मास्युटिकल्स विभाग और राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार,



मधुमेह, हृदय रोग और यकृत रोगों जैसी बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 41 दवाओं और छह फॉर्मूलेशन की कीमतें कम कर दी गई हैं। जो दवाएं सस्ती होंगी उनमें एंटासिड, मल्टीविटामिन और एंटीबायोटिक्स शामिल हैं। एनपीपीए की 143वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवश्यक दवाओं की कीमत जनता के लिए सस्ती रहे।

## हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों का विकास ही हरित हाइड्रोजन मिशन का उद्देश्यः भल्ला

एजेंसी

नई दिल्ली। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव भूपिंदर सिंह भल्ला ने नीदरलैंड के रॉटरडैम में बुधवार को विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन-2024 को संबोधित किया। सिंह ने नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन उत्पादन के क्षेत्र में भारत के रणनीतिक विजन और क्षमताओं पर प्रकाश डाला।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि सचिव भल्ला ने विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन के प्रतिनिधियों को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के किसी भी पैमाने की मांग को पूरा करने की भारत की क्षमता का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के विकास और इसको अपनाने को बढ़ावा देना है। भल्ला ने बताया कि 2030




तक 50 लाख टन वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य के साथ, यह मिशन हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में भारत की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। सरकार ने इस संबंध में पर्याप्त प्रगति की है, प्रति वर्ष कुल 412,000 टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहन के लिए निविदाएं प्रदान की हैं। इसके अतिरिक्त प्रति वर्ष 1,500 मेगावाट की इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण क्षमता की स्थापना के लिए निविदाएं प्रदान की गई हैं। इससे बड़े पैमाने पर हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने की भारत की क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा।

## गिरावट के बाद महंगा हुआ सोना, चांदी में भी तेजी

एजेंसी

नई दिल्ली। लगातार तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में सोना ने आज तेजी का रुख दिखाया है। सोना आज 400 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई इस तेजी के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना एक बार फिर 73 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। आज 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये से लेकर 73,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67 हजार रुपये के स्तर को पार कर 67,160 रुपये से लेकर 67,560 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में आज करीब 400 रुपये की तेजी आई है। इसकी वजह से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 87,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और



22 कैरेट सोने की कीमत 67,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,330 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज मजबूती दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी का रुख, बिटकॉइन 66 हजार डॉलर के पार पहुंचा

एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी नजर आ रही है। टॉप-10 क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ एक गिरावट के साथ रेड जोन में है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरे नंबर की एथेरियम समेत 9 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन 66 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 5.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 66,094.76 डॉलर यानी 55.19 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 3.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ उछल कर 2,996.50 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के



अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 2.29 प्रतिशत, सोलाना 12.65 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.35 प्रतिशत, डॉगकॉइन 3.40 प्रतिशत, और कार्डानो 5.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टॉनकॉइन 5.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा था। कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 4.75 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.38 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 198.72 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 15,221 करोड़ डॉलर यानी 12.65 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 40.37 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.38 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 54.63 प्रतिशत हो गई है।

## घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटकर 5,700 रुपये प्रति मैट्रिक टन, नई दरें लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) घटा दिया है। अब विंडफॉल टैक्स 8,400 रुपये प्रति मैट्रिक टन से घटकर 5,700 रुपये प्रति मैट्रिक टन कर दिया गया है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन एटीएफ के निर्यात पर लगने वाले विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई हैं।

इससे पहले सरकार ने एक मई, 2024 को घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 9,600 रुपये प्रति मैट्रिक टन से घटाकर 8,400 रुपये प्रति मैट्रिक टन कर दिया था। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ पर टैक्स लगाया था। आमतौर पर सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की पिछले दो हफ्तों की कीमत के आधार पर हर पखवाड़े विंडफॉल टैक्स की दरों की समीक्षा की जाती है।

## जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का निधन

नई दिल्ली। जेट एयरवेज एयरलाइन के संस्थापक नरेश गोयल की पत्नी और कंपनी की कार्यकारी उपाध्यक्ष अनीता गोयल का सुबह मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनीता गोयल का अंतिम संस्कार आज दिन में मुंबई में किया जाएगा। 2015 में अनिता गोयल जेट एयरवेज की गैर-कार्यकारी उपाध्यक्ष बनीं। इसके साथ ही वह निदेशक मंडल का हिस्सा भी रहीं। नरेश गोयल के परिवार में अब उनके दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं।

जेट एयरवेज के दिवालिया होने के बाद से नरेश गोयल मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। वे आखिरी वक्त में अपनी पत्नी के साथ थे। नरेश गोयल भी कैंसर से पीड़ित हैं। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में गोयल को हाल ही में मेडिकल आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत मिली है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा का चौथी तिमाही में मुनाफा चार फीसदी बढ़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा चार फीसदी उछलकर 2,754 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में कंपनी ने 2,637 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने 21.10 रुपये के लाभांश को मंजूरी दी है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में




उसका राजस्व नौ फीसदी बढ़कर 35,452 करोड़ रुपये रहा जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में यह 32,456 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ 25 फीसदी बढ़कर 11,269 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के मुताबिक राजस्व 15 फीसदी की वृद्धि के साथ 1,39,078 करोड़ रुपये रहा।एमएंडएम के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनीश शाह ने कहा कि कंपनी के लिए यह एक उत्कृष्ट साल रहा है। शाह ने बताया कि अधिकतर कारोबार क्षेत्रों ने उच्चस्तर का प्रदर्शन किया है। मोटर वाहन में उच्च वृद्धि जारी रही और कृषि क्षेत्र में भी प्रदर्शन अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि महिंद्रा समूह की कंपनी एमएंडएम के निदेशक मंडल ने पांच रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 21.10 रुपये के लाभांश को अपनी मंजूरी दे दी है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज ने आरईसी सोलर नॉर्वे बिक्री पूरी होने की घोषणा की

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने गुरुवार को कहा कि उसने ओस्लो-सूचीबद्ध एल्केम एएसए को लगभग 22 मिलियन अमेरिकी डॉलर में आरईसी सोलर नॉर्वे एएस की बिक्री पूरी कर ली है।आरईसी नॉर्वे आरईसी सोलर होल्डिंग्स की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई है, जो स्कैंडिनेवियाई देश में फर्क-आधारित पॉलीसिलिकॉन के निर्माण में शामिल है।अक्टूबर 2021 में, रिलायंस की एक इकाई ने 771 मिलियन अमेरिकी डॉलर के उद्यम मूल्य पर नॉर्वे के सौर पैनल निर्माता का अधिग्रहण किया, क्योंकि भारतीय तेल-से-खुदरा समूह ने वैकल्पिक ऊर्जा में अपना प्रभुत्व बढ़ाने की मांग की थी।इस साल जनवरी में, रिलायंस ने कहा कि आरईसी सोलर होल्डिंग्स एएस, एक पूर्ण स्वामित्व वाली स्टेप-डाउन सहायक कंपनी, ने उसी महीने की 14 तारीख को आरईसी सोलर में अपनी 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी की बिक्री के लिए एल्केम एएसए के साथ एक शेयर खरीद समझौता किया। 22 मिलियन अमेरिकी डॉलर के कुल नकद प्रतिफल के लिए नॉर्वे एएस।फर्म ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बिक्री पूरी होने की पुष्टि की।

## गेल का चौथी तिमाही में मुनाफा 261 फीसदी बढ़कर 2,176.97 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ तीन गुना से ज्यादा उछलकर 2,176.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। गेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ 261 फीसदी बढ़कर 2,176.97 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में





यह 603.52 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी का शुद्ध लाभ इससे पिछली तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के 2,842.62 करोड़ रुपये से 26 फीसदी कम रहा। कंपनी के मुताबिक पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में गेल इंडिया (इंडिया) का शुद्ध लाभ 8,836.48 करोड़ रुपये रहा है, जबकि आमदनी 1.3 लाख करोड़ रुपये रही। इस बीच गेल के निदेशक मंडल ने अपने पेट्रोरसायन संयंत्र तक कच्चे माल के परिवहन के लिए मध्य प्रदेश के विजयपुर से उत्तर प्रदेश के पाटा तक पाइपलाइन को बिछाने के लिए 1,792 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। कंपनी के मुताबिक प्रस्तावित पाइपलाइन में प्रति वर्ष 9.5 लाख टन तरल उत्पादों को ले जाने की क्षमता होगी, जो 32 महीने में पूरी हो जाएगी।

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने पूरा किया एस्सार की ऑपरेशनल महान-सिपत ट्रांसमिशन संपत्तियों का अधिग्रहण

एजेंसी

अहमदाबाद। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने एस्सार ट्रांस्को लिमिटेड में 1,900 करोड़ रुपये के एंटरप्राइज वैल्यू पर 100 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर लिया है। यह शेयर अधिग्रहण जून 2022 में हुए निश्चित समझौतों के तहत हुआ है।

इस अधिग्रहण में मध्य प्रदेश के महान और छत्तीसगढ़ के सिपत पूलिंग सबस्टेशन को जोड़ने वाली पूरी तरह से ऑपरेशनल 400 केवी, 673 सर्किट किलोमीटर की इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन लाइन शामिल है। यह प्रोजेक्ट सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (सीईआरसी) रेगुलेटेड रिटर्न फ्रेमवर्क के तहत संचालित हो रहा है और इसे 22 सितंबर 2018 को चालू किया गया था। एईएसएल के कैपिटल मैनेजमेंट के अनुसार एटीएसटीएल ने भी सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी शर्तों पर वित्तपोषण




जुटाया है। यह एईएसएल के लिए पूंजी जुटाने के मामले में एक नया बेंचमार्क है, जो इसके ऑपरेशनल एसेट्स के लिए कम लागत वाले ऋण को अनलॉक करता है। यह फाइनेंसिंग एक लॉन्ग-टर्म लाइसेंस लाइफ के साथ एईएसएल के यूटिलिटी कैश-फ्लो की गुणवत्ता का भी उदाहरण पेश करता है, जिसे एक स्थिर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क का समर्थन प्राप्त है। एमयूएफजी बैंक लिमिटेड इस वित्तपोषण के लिए एकमात्र ऋणदाता है। महान-सिपत ट्रांसमिशन नेटवर्क के अधिग्रहण से मध्य भारत में एईएसएल की उपस्थिति मजबूत होगी, जहां अब इसकी 4 ऑपरेटिंग संपत्तियां हैं, जिनमें कुल 3,373 सर्किट किलोमीटर लाइनें शामिल हैं। यह अधिग्रहण मौजूदा क्षमता को बढ़ाने और ऑपरेशनल सहयोग के माध्यम से दक्षता लाने तथा नेटवर्क प्रभाव बनाने के एईएसएल के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

## आखिरी घंटे में खरीदारी से उछला बाजार, निवेशकों को 3.09 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली। दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद आखिरी घंटे में हुई खरीदारी से घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। कारोबार के दौरान सेंसेक्स निचले स्तर से 1,200 अंक से अधिक और निफ्टी निचले स्तर से 375 अंक से अधिक उछला। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर की कारोबार के दौरान रियल्टी, आईटी फॉर कंज्यूमर गुड्स सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में भी तेजी का माहौल बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 407.34 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 404.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों




को आज के कारोबार से करीब 3.09 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,952 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,140 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,689 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 123 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,276 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,286 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 990 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 351.21 अंक उछल कर 73,338.24 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलने के बाद मामूली खरीदारी हुई, लेकिन इसके तुरंत बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक लगातार नीचे गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 2 बजे तक सेंसेक्स 457.06 अंक टूट कर 72,529.97 अंक के स्तर तक पहुंच गया। आखिरी 1 घंटे के कारोबार में चौतरफा खरीदारी शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक निचले स्तर से 1,219.50 अंक उछल कर 762.44 अंक की मजबूती के साथ 73,749.47 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 676.69 अंक की बढ़त के साथ 73,663.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 118.65 अंक की मजबूती के साथ 22,319.20 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही इस सूचकांक में मामूली तेजी आई, लेकिन उसके बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया। बाजार में बने दबाव की वजह से दोपहर 2 बजे के थोड़ी देर बाद ये सूचकांक 146 अंक की कमजोरी के साथ 22,054.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद तेजड़ियों ने पूरी तरह से बाजार पर अपना कब्जा कर लिया। बाजार में चौतरफा खरीदारी होने के कारण आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 377.70 अंक की छलांग लगा कर 231.70 अंक की बढ़त के साथ 22,432.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद निफ्टी 203.30 की तेजी के साथ 22,403.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिन भर के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.02 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 2.89 प्रतिशत, भारती एयरटेल 2.69 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.62 प्रतिशत और एलटी माइंड्री 2.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, मारुति सुजुकी 2.11 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 1.15 प्रतिशत, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया 1.02 प्रतिशत, बीपीसीएल 1.01 प्रतिशत और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# डेंगू में प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिए डाइट में शामिल करें ये चीजें, रिकवरी होगी तेज



**डेंगू मच्छरों से फैलने वाली बीमारी है जिसमें प्लेटलेट काउंट तेजी से गिर सकता है। प्लेटलेट काउंट कम होने से कट या खरोच लगने पर खून बहना रूकता नहीं है साथ ही कई गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं। हालांकि हेल्दी डाइट फॉलो करने से डेंगू से जल्द रिकवरी में मदद मिल सकती है। इसके लिए अपनी डाइट में पपीता अनार चुकंदर इन चीज़ों को खासतौर से शामिल करें।**

डेंगू एक वायरल इन्फेक्शन है, जो मच्छरों के काटने से होता है। डेंगू के मच्छर गंदे पानी में पनपते हैं। डेंगू होने के बाद सबसे ज्यादा खतरनाक होता है प्लेटलेट्स काउंट का गिरना। प्लेटलेट्स क्कभ्ठ्ठ स्र्डुह्लह्लश्2 में ब्लड सेल्स हैं। स्वस्थ व्यक्ति में 1.5 लाख से 4 लाख तक ब्लड प्लेटलेट्स होते हैं, लेकिन डेंगू होने पर इनकी संख्या तेजी से गिर जाती है। जिसके चलते मरीज की इम्युनिटी काफी कमजोर हो जाती है। जिससे कई तरह की दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, तो प्लेटलेट काउंट बढ़ाने में इन फूड आइटम्स को करें अपनी डाइट में शामिल।

**शरीर में प्लेटलेट काउंट बढ़ाने में मददगार फूड आइटम्स**

**पपीता**

प्लेटलेट काउंट बढ़ाने में पपीते का पत्ता खाना बहुत फायदेमंद है। पपीते के पत्तों में एसिटोजेनिन नामक फाइटोकेमिकल मौजूद होता है, जो डेंगू में तेजी से गिरते प्लेटलेट्स की संख्या को तेजी से बढ़ाने का काम करता है। पपीते के पत्तों का रस पीने से व्हाइट ब्लड सेल्स का निर्माण होता है।

**चुकंदर**

डेंगू के मरीजों को खानपान में चुकंदर भी खासतौर से शामिल करना चाहिए। चुकंदर में आयरन मौजूद होता है, जो हीमोग्लोबिन को बढ़ाने का काम करता है। इसका आप सलाद, सूप या जूस किसी भी तरह से सेवन कर सकते हैं।

खट्टे फल

डेंगू के मरीजों को प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने के लिए खट्टे फलों का भी सेवन करना चाहिए। खट्टे फलों में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। संतरा, मौसंबी, नींबू, आंवला जैसे फल खाने से प्लेटलेट्स तो बढेगा ही, साथ ही इससे इम्युनिटी भी मजबूत होती है।

**अनार**

अनार में विटामिन-सी के साथ एंटीऑक्सीडेंट्स पाए होते हैं, जो इम्युनिटी को बढ़ाने में मददगार होते हैं। इसके अलावा, अनार में आयरन भी अच्छी-खासी मात्रा में मौजूद होता है। जो प्लेटलेट्स को बढ़ाने में खास भूमिका निभाता है। अनार को ऐसे खाने के अलावा उसका जूस बनाकर भी पी सकते हैं।

**पालक**

पालक में विटामिन च भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो प्लेटलेट की संख्या बढ़ाने में असरदार होता है। विटामिन च के साथ ही पालक में फोलेट की भी मात्रा मौजूद होती है। पालक को सब्जी, सूप या जूस के रूप में भी ले सकते हैं। बस ध्यान रहे इसे कच्चा न खाएं।

# चुनाव में जलवायु परिवर्तन



इतनी चिंताजनक स्थिति के बाबजूद वर्तमान चुनावों में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे-अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने या ज्यादा-से-ज्यादा चुनावी घोषणा-पत्रों में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनैतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था% ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र के कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ों और तूफानों से प्रभावित हुए हैं, दो हजार लोग काल का ग्रास बने हैं। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है, बल्कि उनकी भयावहता को भी बढ़ाया है जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाजों, अर्थ-व्यवस्थाओं, और मानव जीवन पर पड़ा है। जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों, जैसे - जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ें आईं। लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया। इस दुर्घटना में 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे।बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई है। एशिया के तेज़ गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव हुए हैं, यानि ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज़ हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है।जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन से हुई तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया था। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है, फिर भी काफी कुछ किये जाने की जरूरत है। पूर्व-चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं से होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है, बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है या किसान, जिनकी फसल खुले में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु-अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बढ़ सकती है।इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों की किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित फसलों कोदों, रामदाना, स्वांक, बाजरा आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है, किन्तु कार्बन उत्सर्जन करने वाली उर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं। पिछले 15 वर्षों में भारतवर्ष में 3 लाख हेक्टेयर वनभूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत जारी है।इतनी चिंताजनक स्थिति के बाबजूद वर्तमान चुनावों में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे-अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने या ज्यादा-से-ज्यादा चुनावी घोषणा-पत्रों में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनैतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आम मतदाता निजी आर्थिक लाभ से ज्यादा सोचने को तैयार नहीं है इसलिए राजनैतिक दल भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।हिमालय के नाजुक पारिस्थितिकी संतुलन की दृष्टि से यह मामला और भी ज्यादा संगीन हो जाता है, किन्तु हम प्राकृतिक आपदा का बहाना गढ़कर आत्म-संतुष्टि कर लेते हैं या खुद को धोखा देते रहते हैं, जबकि हम सब समझते हैं कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित गलतियों का नतीजा है। फिर भी हम न तो आत्मसंयम से अनावश्यक वस्तुओं, पदार्थों के उपयोग से बचना चाहते हैं न ही सरकारों के सामने अपनी पर्यावरण विषयक चिंताओं को रखकर दबाव बनाकर नीतिगत बदलाव की मांग रखना चाहते हैं। सरकारें विकास को सकल घरेलू उत्पाद% से नापकर आगे बढ़ती हैं, उन्हें पर्यावरण जैसे मुद्दे लुभावने नहीं लगते।दुनिया भर की सरकारें जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर टालमटोल करते हुए, शर्माते हुए थोड़ा-बहुत कार्य करती रहती हैं। जब आपदाएं आती हैं तब कुछ गंभीरता दिखाई देती है, लेकिन धीरे-धीरे प्रकृति के ऊपर दोषारोपण करके उसे भी भूल जाती है। इस बार कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ने ही इस मुद्दे पर कुछ लक्ष्य अपने-अपने चुनावी घोषणा-पत्रों में रखे हैं, किन्तु पिछले अनुभव के आधार पर ज्यादा आशा नहीं जगती है।शिमला में 2009 में %जलवायु सम्मेलन% हुआ था जिसमें हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए कुछ लक्ष्य तय किये गए थे, किन्तु दोनों प्रमुख दलों को पर्याप्त समय मिलने के बाबजूद इस दिशा में विशेष प्रगति नहीं हो सकी। वैश्विक स्तर और हिमालय के स्तर पर जलवायु परिवर्तन की चुनौती के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के चलते अब समय आ गया है जबकि इस मुद्दे पर आम जनता और राजनैतिक दलों को चुनावी राजनीति के केंद्र में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लिया जाना चाहिए, ताकि सरकार गठन के बाद इस मुद्दे पर समुचित कार्य किया जा सके और सरकारों की जवाबदेही भी तय हो।

## संपादकीय

## पुरकायस्थ की रिहाई - आज़ाद खयाली को राहत

प्रसिद्ध न्यूज़ पोर्टल न्यूज़क्लिक के संस्थापक व प्रधान सम्पादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी और रिमांड को अमान्य करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें तुरन्त जमानत पर रिहा करने के आदेश दिये हैं। उन्हें पिछले साल 3 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम- यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार किया था। उन्हें चीन की ओर से दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का आरोप है कि पुरकायस्थ एवं न्यूज़क्लिक के मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने देश की सम्प्रभुता को बाधित करने एवं देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिये चीन से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी, जिसे %टेरर फंडिंग% कहा जाता है। पुलिस के मुताबिक भारत की चुनावी प्रक्रिया में दखलंदाजी के उद्देश्य से न्यूज़क्लिक ने पीपुल्स एलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्यूलरिज्म के साथ मिलकर कथित रूप से साजिश की थी। इस आरोप में इन दोनों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने इस मामले में 9000 पृष्ठों का आरोप पत्र एवं कई उपकरण साक्ष्य के रूप में पेश किये थे, जिनमें मोबाइल, कम्प्यूटर आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि अमित चक्रवर्ती इस वर्ष की जनवरी में सरकारी गवाह बन गये थे जिसके कारण उन्हें 6 मई को जमानत मिल चुकी है। न्यूज़क्लिक की ख्याति व्यवस्था के खिलाफ मुखर होकर खबरें देने वाले पोर्टल की है।

जस्टिस बीआर गवई एवं जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उन्हें तुरंत रिहा करने का आदेश देते हुए कहा साफ किया कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी के पीछे के आरोप आधारहीन व अमान्य हैं क्योंकि गिरफ्तारी के समय उन्हें इस का आधार नहीं बताया गया था। वैसे इस मामले में दिल्ली पुलिस दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर चुकी है इसलिये पुरकायस्थ की रिहाई ट्रायल कोर्ट के जमानत नियमों के तहत हुई। उन्हें जमानत बॉन्ड भरने के लिये कहा गया है। उनके वकील अर्शदीप खुराना ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की जानकारी देते हुए कहा कि वे पहले से कहते आये हैं कि यह गिरफ्तारी अवैध है।

पुरकायस्थ की रिहाई उन सभी लोगों एवं संगठनों के लिये राहत की बात है जो स्वतंत्र विचारों एवं अभिव्यक्ति की आजादी में भरोसा करते हैं। इनमें अनेक विचारक, लेखक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वैसे तो यूएपीए का यह कानून 1967 में अस्तित्व में आया था जो केन्द्र सरकार को कठोर शक्तियां प्रदान करता है। इसमें 2008 में एक संशोधन लाकर यह नियम बनाया गया कि अगर मामला प्रथम दृष्टया सत्य महसूस होता है तो आरोपी को जमानत देने से इंकार किया जा सकता है। 2019 में केन्द्र सरकार ने इसमें एक और महत्वपूर्ण संशोधन लाकर इसे अधिक कठोर बना दिया है। इस कानून का इसलिये मानवाधिकार संगठन विरोध करते रहे हैं क्योंकि यह लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बाधित करता है। किसी के भी वक्तव्यों या कामों को देशविरोधी अथवा उकसाने वाली कार्रवाई बतलाकर उसकी गिरफ्तारी आसान है। जमानत मिलनी कठिन है जो न्याय के अधिकार का भी हनन है। इसका इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों से सम्बन्धित लोगों के खिलाफ भी किया जाता है। इतना ही नहीं, संगठनों के अलावा व्यक्तियों पर भी यूएपीए लागू करने का नियम बनाया गया। अभियोजन के मानकों का इसमें अभाव होने के कारण इसके दुरुपयोग की गुंजाइश बहुत ज्यादा है; और वह जमकर हो भी रहा है। पीयूसीएल ने वर्ष 2022 में एक रिपोर्ट पेश की थी जिसके अनुसार इस नियम की सफलता की दर बहुत कम है। इसमें बताया गया था कि 2016 से 2020 के बीच हुई गिरफ्तारियों में 3 प्रतिशत से भी कम को सज़ा मिली थी।मौजूदा सरकार द्वारा यूएपीए का दुरुपयोग करने की भरपूर शिकायतें मिलती रही हैं। आजाद खयाल लोगों एवं संगठनों ने इस आधार पर भी इस कानून का विरोध किया है क्योंकि इसके जरिये सरकार अपने विरोधियों व आलोचकों की आवाज़ दबाती है। बड़ी संख्या में वकील, नेता, लेखक-पत्रकार, सामाजिक व मानवाधिकार कार्यकर्ता इसके तहत गिरफ्तार किये गये हैं। कई तो लम्बे समय से जमानत पाने के लिये संघर्षरत हैं। यह भी पाया गया है कि सरकार या सरकार में बैठे लोगों के विरूद्ध बोलने या पृथक विचार रखने वालों को लम्बे समय तक जेल की सलाखों के पीछे सड़ाया जाता है। जमानत आसानी से मिलती नहीं और फैसले भी खूब लम्बे खिंचते हैं। बरी होने के पहले आरोपी अपना लम्बा समय जेलों में बिता देते हैं। सरकार में बैठे किसी व्यक्ति के खिलाफ बोलने को भी देशविरोधी गतिविधि या कार्रवाई बतलाकर आधारहीन व गैरकानूनी तरीके से लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाता है।पिछले दस वर्षों में भारतीय जनता पार्टी सरकार के शासनकाल में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ी है। आरोप है कि अपने आलोचकों को वह इस कानून के अंतर्गत गिरफ्तार करने में संकोच नहीं करती। 2021 की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि उसके पहले 7 वर्षों में 10552 लोग इस कानून के अंतर्गत गिरफ्तार हुए लेकिन दोष सिद्धी हुई केवल 253 के खिलाफ। अनेक प्रतिष्ठित मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को जेलों में डाला गया।

# राहुल की राह पर राजनीति से उम्मीदें

सोनिया गांधी उनकी मां हैं, तो उनके साथ दुलार भरी तस्वीर का आना कोई अनोखी बात नहीं है, लेकिन पूरे देश में कई महिलाओं की (हर उम्र और वर्ग की) वैसी ही स्नेह भरी तस्वीरें बीते सालों में सामने आई हैं। इसलिए मौजूदा राजनैतिक, सामाजिक परिदृश्य में देश में प्यार, उदारता और कल्याणकारी माहौल बनाने की उम्मीद राजनीति की उस राह पर चलकर ही पूरी हो सकती है, जो गांधीजी की राह है, जो राहुल गांधी की राह है।देश की जानी-मानी सामाजिक कार्यकर्ता और मानवाधिकारों की पैरोकार शबनम हाशमी ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें राहुल गांधी, सोनिया गांधी के कंधे पर हाथ रखकर चल रहे हैं, उनके दूसरे हाथ में एक डलिया है और उन दोनों के साथ उनका पालतू कुत्ता भी घास पर टहल रहा है। इस तस्वीर में राहुल और सोनिया गांधी के बीच प्यार और ममत्व का वही जज्बा नजर आ रहा है, जो किसी भी मां-बेटे के बीच स्वाभाविक तौर पर होता है। शबनम हाशमी ने इस तस्वीर के साथ एक कैप्शन लिखा है, जो काबिले-गौर है। सुश्री हाशमी ने लिखा कि छप्पन इंच की नहीं एक ऐसी छाती चाहिए जिसमे मोहब्बत हो। जो अपनी मां से मोहब्बत करता है वह सब से मोहब्बत करने का जज़्बा रखता है। यह बेहद ही खूबसूरत और नेचुरल फोटो है। और जिनको छप्पन इंच का शौक़ है उनकी फोटो देख कर लगता है ज़बरदस्ती माँ के साथ बैठा दिया है।इस कैप्शन में 56 इंच की छाती और मां के साथ जबरदस्ती बिठाने वाला तंज किस पर किया गया है, इसके अलग से खुलासे की जरूरत भी नहीं है। क्योंकि अब तो भारत का बच्चा-बच्चा जानता है कि अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में श्री मोदी ने कैसे जन्मदिन या अन्य अवसरों पर अपनी मां के साथ तस्वीरें खिंचाई हैं। कभी वो उनके पैरों में बैठे हैं, कभी उनके हाथ से प्रसाद खा रहे हैं। हिंदुस्तान हो या दुनिया का कोई भी घर, कुछेक अपवादों को छोड़कर मांएं अक्सर अपने बच्चों को ऐसे ही प्यार से दुलारती और खिलाती हैं। इस जज्बात को किसी प्रचार की आवश्यकता कभी नहीं रही। लेकिन नरेन्द्र मोदी अपनी राजनीति को चर्चा में बनाए रखने के लिए कई बार अपनी मां को बीच में ले आए।

अमेरिका में उन्होंने इस बात पर आंसू बहाए थे कि उनकी मां को दूसरों के घर बर्तन मांजना पड़ता था। भारत में उन्होंने नोटबंदी के फैसले के बाद एक तस्वीर में दिखाया था कि उनकी मां भी नोट बदलने के लिए कतार में खड़ी हुईं। जबकि वे प्रधानमंत्री की मां हैं, तो उन्हें आम लोगों की तरह कतार में लगने की कोई आवश्यकता नहीं थी। पर ऐसा हुआ,




और इसकी बाकायदा तस्वीरें खींची गई, जिसका राजनीतिक मकसद अपने आप जाहिर हो गया। जब श्री मोदी की मां बीमार थी और अस्पताल में आईसीयू में थी, तब वे उनसे मिलने गए और वहां भी उनकी तस्वीरें खींची गईं। इस तरह माता और संतान के बीच के रिश्ते का राजनीतिकरण भी श्री मोदी ने मुमकिन कर दिखाया।

तीन दिन पहले ही रविवार को जब दुनिया भर में मदर्स डे मनाया जा रहा था, तब नरेन्द्र मोदी प.बंगाल में एक सभा कर रहे थे और वहां उन्हें दो लोगों ने उनकी मां के साथ उनका एक चित्र उन्हें भेंट किया। जिस पर आभार प्रकट करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया मदर्स डे मना रही है, लेकिन भारत में तो हम 365 दिन मां की पूजा करते हैं। दुर्गा, काली और भारत मां की पूजा करते हैं। इसके बाद अपने भाषण में उन्होंने संदेशखाली की घटना का जिक्र छेड़कर टीएमसी पर हमला किया। इस पूरे चुनाव में कई बार नरेन्द्र मोदी नारी शक्ति का जिक्र कर चुके हैं। महिला उत्पीड़न पर विरोधियों को घेर चुके हैं। मगर मणिपुर पर वे कुछ नहीं बोल रहे हैं और बोलेंगे भी नहीं। क्योंकि उनकी अपनी मां हों या मातृ शक्ति, श्री मोदी के लिए वे राजनीति के औजार से अधिक कुछ नहीं हैं। मंगलवार को श्री मेदी ने वाराणसी से अपना नामांकन दाखिल किया। यहां भी 2014 में उन्होंने मां गंगा वाला जुमला उछाल कर लोगों की भावनाओं का दोहन किया था। इस बार उनके नामांकन के एक दिन पहले 13 मई को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर द प्रोटैगनिस्ट नाम के यूज़र ने पोस्ट लिखी है कि उन्हें पता चला है कि उनकी मां को दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में रखा गया है।

क्योंकि नरेन्द्र मोदी वहां नामांकन के लिए आ रहे हैं। इस यूजर ने लिखा है कि मेरी 52 बरस की मां इस कायर के लिए खतरा हैं। बता दें कि इस यूज़र को दो दिनों से अपनी मां के बारे में कुछ पता नहीं चल रहा था और इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस में दर्ज कराई थी, लेकिन उन्हें अब खबर मिली अपनी मां के हिरासत में होने की। इस पूरी घटना का कारण और उसका सच शायद कुछ दिनों में बाहर आए, लेकिन नरेन्द्र मोदी देवी शक्ति, मातृ शक्ति की बात क्यों करते हैं और किस तरह उन महिलाओं का अपमान करते हैं, जो उनके विरोध में हैं या विरोधी खेमे में हैं, यह सच अनेक अवसरों पर उनके बयानों से जाहिर हो चुका है।

बहरहाल, शबनम हाशमी ने राहुल और सोनिया गांधी की तस्वीर में नजर आ रहे स्वाभाविक प्रेम और सुंदरता की तारीफ तो की ही है, लेकिन इसके आगे उन्होंने जो कुछ लिखा है, वह आज और प्रासंगिक हो जाता है। शबनम हाशमी ने अपने राजनैतिक रुझान और कांग्रेस के बारे में अंग्रेजी में लिखा है कि 1976 में मैं जब कॉलेज में दाखिल हुई तो पहली राजनैतिक भागीदारी आपातकाल के विरोध में हुई। इसके बाद 1989 में मैंने कांग्रेस से जुड़े गुंडों की वजह से अपने भाई सफदर हाशमी को खोया। लेकिन 2002 के बाद मैंने गुजरात में कांग्रेस को करीब से देखा। राहुल गांधी ने मुझे उम्मीद दी है। हजारों किमी की यात्रा और लाखों लोगों से संवाद के बाद अब राहुल एक बदले हुए व्यक्ति हैं। उन्होंने मुझे उम्मीद दी है कि मानवता से भरे समाज निर्माण का सपना संभव है। उन्होंने साबित कर दिखाया है कि इस समाज से प्यार, कल्याण और उदारता अभी खत्म नहीं हुई है। मैं उम्मीद करती हूं कि देश की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते, विमर्श, चर्चा और मतभिन्नता को साथ लेकर चलते हुए कांग्रेस राहुल की राह पर आगे बढ़ेगी।शबनम हाशमी ने पूरी साफगोई से अपनी बात रखी है कि उनका रुझान हमेशा से कांग्रेस की तरफ नहीं था, लेकिन राहुल गांधी में उन्हें उम्मीद दिखाई दे रही है। शायद यही राहुल गांधी की ताकत है। या यह भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने राजनीति के जिस तरीके को अपनाया है, यह उसकी ताकत है। गांधीजी इसी ताकत के साथ अंग्रेजों से लेकर देश के राजनैतिक दिग्गजों के सामने खड़े होते थे। जिस वजह से उनसे कट्टर मतभिन्नता रखने वाले भी उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाते थे। राहुल गांधी, गांधी नहीं हैं, लेकिन आज के दौर में उन्होंने देश में वही उम्मीद भरी है, जो एक वक्त में गांधी के कारण गुलाम भारत में आम लोगों में भर गई थी

।शबनम हाशमी ही नहीं, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे, शरद पवार, लालू प्रसाद जैसे अनेक नेता, जो कांग्रेस या गांधी परिवार से मतभेद रखते थे, राहुल गांधी के लिए स्नेह और आदर प्रदर्शित कर चुके हैं। यह उसी मोहब्बत की दुकान का नतीजा है, जिसे राहुल गांधी पूरे देश में खोलने के लिए पैदल निकल पड़े थे। सोनिया गांधी उनकी मां हैं, तो उनके साथ दुलार भरी तस्वीर का आना कोई अनोखी बात नहीं है, लेकिन पूरे देश में कई महिलाओं की (हर उम्र और वर्ग की) वैसी ही स्नेह भरी तस्वीरें बीते सालों में सामने आई हैं। इसलिए मौजूदा राजनैतिक, सामाजिक परिदृश्य में देश में प्यार, उदारता और कल्याणकारी माहौल बनाने की उम्मीद राजनीति की उस राह पर चलकर ही पूरी हो सकती है, जो गांधीजी की राह है, जो राहुल गांधी की राह है।



# चाइल्ड काउंसलर बनकर संवारें अपना भविष्य

**एक चाइल्ड काउंसलर के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। वह स्कूल से लेकर हॉस्पिटल्स तक में काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न एनजीओ व बच्चों के लिए काम कर रही संस्थाओं में उनकी आवश्यकता होती है। वहीं आप स्पेशल स्कूल्स या बाल सुधार गृह में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं।**

आज के तनावपूर्ण जीवन में सिर्फ बड़े ही नहीं, बल्कि बच्चे भी कई तरह की परेशानियों जैसे माता-पिता व अन्य लोगों से रिश्ते, एग्जाम प्रेशर व पीयर प्रेशर आदि से दो-चार होते हैं। यहा सबसे बड़ी समस्या यह होती है कि वह अपनी परेशानी किसी से शेयर नहीं करते और कई बार तो अपनी परेशानियों को मन में ही रखने के कारण वह अवसादग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में उनकी परेशानियों को समझकर उन्हें अंधेरे से निकालकर उजाले में लाने का काम करते है चाइल्ड काउंसलर। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां पर व्यक्ति को दूसरों की सहायता करके एक अजीब सी संतुष्टि का अनुभव होता है।

## क्या होता है काम

एक चाइल्ड काउंसलर बच्चों के व्यवहार और भावनात्मक मुद्दों पर उनकी सहायता प्रदान करते हैं। साथ ही वह बच्चों के डेवलपमेंट मुद्दों जैसे चिंता, नींद, पर्सनैलिटी डिसआर्डर व ईटिंग डिसआर्डर को भी दूर करते हैं। उनका मुख्य काम पहले बच्चों के साथ एक रिश्ता विकसित करना होता है ताकि वह अपने मन की उन बातों को भी साझा करें, जिसे वह किसी से भी नहीं कह पाते। इसके बाद वह उनकी बातों को सुनकर व उसके हाव-भावों के जरिए उसके मन की परेशानी को गहराई से समझते हैं। वह न सिर्फ बच्चों को काउंसिल करता है, बल्कि समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए पैरेंट्स को भी काउंसिल करते हैं। जिससे माता-पिता बच्चों के मन की बात समझकर उनके लिए सपोर्ट सिस्टम बन सकें।

## स्किल्स

जो लोग एक सफल चाइल्ड काउंसलर बनना चाहते हैं, उनमें कम्युनिकेशन स्किल्स व इंटरपर्सनल स्किल्स काफी अच्छे होने चाहिए। इसके अतिरिक्त उसमें बच्चे को आसानी से सहज करने व बेहतरीन तालमेल बिठाने की भी क्षमता होनी चाहिए। अगर आप सच में एक बेहतरीन चाइल्ड काउंसलर बनने की इच्छा रखते हैं तो आपको तटस्थ व निष्पक्ष होकर बच्चे की बातों को सुनना व समझना चाहिए। अधिकतर बच्चे अपने दोस्तों या माता-पिता को महज इसलिए अपनी बात नहीं बताते क्योंकि उन्हें लगता है कि वह उनकी बात नहीं समझेंगे या फिर उन्हें गलत समझेंगे। ऐसा अनुभव उन्हें चाइल्ड काउंसलर की बातों से नहीं होना चाहिए। आपके भीतर यह क्षमता होनी चाहिए कि आप बच्चों को यह विश्वास दिला सके कि आप उनकी बातों को सुनेंगे, जज नहीं करेंगे।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए 12वीं के बाद साइकोलॉजी में बैचलर डिग्री कर सकते हैं। साइकोलॉजी में ग्रेजुएशन करने के बाद आप साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री या पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस व काउंसिलिंग कर सकते है। इसके बाद एमफिल या पीएचडी भी की जा सकती है।

## संभावनाएं

एक चाइल्ड काउंसलर के पास संभावनाओं की कमी नहीं है। वह स्कूल से लेकर हॉस्पिटल्स तक में काम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न एनजीओ व बच्चों के लिए काम कर रही संस्थाओं में उनकी आवश्यकता होती है। वहीं आप स्पेशल स्कूल्स या बाल सुधार गृह में भी अपनी सेवाएं दे सकते हैं। वहीं आप खुद का सेंटर भी खोलकर काम कर सकते हैं।

## आमदनी

अगर वेतन की बात की जाए तो इसमें सैलरी से अधिक मानसिक संतुष्टि को महत्व दिया जाता है। वहीं एक स्कूल में नियुक्त काउंसलर 15000 से 20000 रुपए प्रतिमाह कमा सकता है। वहीं एक अनुभवी चाइल्ड काउंसलर की सैलरी एक बड़े स्कूल में 25000 से 30000 तक हो सकती है। इसके अतिरिक्त अगर आप किसी प्रतिष्ठित प्राइवेट हॉस्पिटल में काम कर रहे हैं तो आपकी सैलरी 30000 या उससे अधिक हो सकती है।

## प्रमुख संस्थान

- दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- अंबेडकर यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- पंजाब यूनिवर्सिटी, पंजाब
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ काउंसिलिंग, नई दिल्ली





# नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नौकरी के अवसर और स्कोप

नैनोटेक्नोलॉजी टेक्नोलॉजी की एक ब्रांच होती है। यह अत्यंत छोटी चीजों के अध्ययन से संबंधित है और इसका उपयोग अन्य सभी विज्ञान क्षेत्रों, जैसे कि रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग में किया जा सकता है।

## नैनोटेक्नोलॉजी क्या होती है?

नैनोटेक्नोलॉजी विज्ञान और प्रौद्योगिकी का वह फील्ड है जिसमें नैनोकणों और सामग्रियों को विकसित किया जाता है, जिनका आकार नैनोमीटर की सीमा के भीतर होता है। नैनोटेक्नोलॉजी एक उभरता हुआ क्षेत्र है जो लगभग हर तकनीकी अनुशासन - रसायन विज्ञान से लेकर कंप्यूटर विज्ञान तक - अत्यंत सूक्ष्म सामग्रियों के अध्ययन और अनुप्रयोग में संलग्न है। यह अकादमिक और शोध से संबंधित शीर्ष रैंक वाले विषयों में से एक है। नैनोटेक्नोलॉजी टेक्नोलॉजी की एक ब्रांच होती है। यह अत्यंत छोटी चीजों के अध्ययन से संबंधित है और इसका उपयोग अन्य सभी विज्ञान क्षेत्रों, जैसे कि रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भौतिकी, सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग में किया जा सकता है। यह हमारे जीवन में क्रांति लाने और कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण और चिकित्सा में हमारी समस्याओं के तकनीकी समाधान प्रदान करने की विशाल क्षमता के साथ अनुसंधान के क्षेत्र का तेजी से विस्तार कर रहा है।

### मास्टर पाठ्यक्रम

- नैनोटेक्नोलॉजी में एमएससी
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एमएससी
- नैनोटेक्नोलॉजी में एमटेक
- सामग्री विज्ञान और नैनो प्रौद्योगिकी में एमटेक
- नैनो प्रौद्योगिकी और नैनो सामग्री में एमटेक

### डॉक्टरेट पाठ्यक्रम

- नैनोटेक्नोलॉजी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी

## नैनोटेक्नोलॉजी डिग्री क्या है?

यह भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और आणविक जीव विज्ञान के साथ एक बहु-विषयक प्राकृतिक विज्ञान पाठ्यक्रम है।

## पाठ्यक्रम और पात्रता

नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में शिक्षा स्नातकोत्तर स्तर और डॉक्टरेट स्तर पर प्रदान की जाती है। भारत में कोई भी संस्थान नैनोटेक्नोलॉजी में स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान नहीं करता है। मैटेरियल साइंस, मैकेनिकल, बायोमेडिकल, केमिकल, बायोटेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस में बीटेक डिग्री या भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीवन विज्ञान में बीएससी रखने वाले उम्मीदवार नैनो टेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। नैनोटेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और जीवन विज्ञान में बीएससी या सामग्री विज्ञान / यांत्रिक / जैव चिकित्सा / रसायन / जैव प्रौद्योगिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स / कंप्यूटर विज्ञान में बीटेक उत्तीर्ण होना चाहिए।

पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवार को मैकेनिकल, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस आदि में एमटेक या फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैटेरियल साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस आदि में एम.एससी पास होना चाहिए। उम्मीदवार 5 साल की अवधि के लिए नैनो टेक्नोलॉजी (डुअल डिग्री) में बीटेक + एमटेक भी चुन सकते हैं।

## नैनोटेक्नोलॉजी का स्कोप क्या है?

आने वाली पीढ़ियों में इसका बहुत बड़ा स्कोप है। आईटी और इंटरनेट की तुलना में यह तीसरा सबसे अधिक फलता-फूलता क्षेत्र है। भारत में बैंगलोर और चेन्नई आईटी और मेडिसिन के विनिर्माण केंद्र हैं। भारत सरकार ने पहले ही नैनोसाइंस और नैनो टेक्नोलॉजी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग जैसी विभिन्न फंडिंग एजेंसियों को शुरू कर दिया है।

## नैनोटेक्नोलॉजी के लिए करियर विकल्प क्या हैं?

नैनोटेक्नोलॉजी में विशेषज्ञ या वैज्ञानिकके के रूप में नौकरी मिल सकती है। जिन क्षेत्रों में नैनोटेक्नोलॉजिस्ट रोजगार की तलाश कर सकते हैं उनमें जैव प्रौद्योगिकी, कृषि, भोजन, आनुवंशिकी, अंतरिक्ष अनुसंधान, चिकित्सा आदि शामिल हैं। राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान आदि में भी नौकरी के अवसर उपलब्ध हैं। पीएचडी वाले उम्मीदवार विश्वविद्यालयों और कॉलेजों या अनुसंधान क्षेत्रों में संकाय सदस्यों के रूप में भी शामिल हो सकते हैं।

### नैनोटेक्नोलॉजी में जॉब रोल्स क्या हैं?

- नैनोटेक्नोलॉजिस्ट
- वैज्ञानिक
- शोधकर्ता
- प्रोफेसर
- खाद्य वैज्ञानिक
- इंजीनियर चिकित्सा वैज्ञानिक

### उद्योग / कंपनियां / जो इन पेशेवरों को नियुक्त करते हैं:

- इलेक्ट्रॉनिक्स / सेमीकंडक्टर उद्योग
- विनिर्माण उदयोग
- जैव प्रौद्योगिकी
- दवाइयों
- चिकित्सा क्षेत्र
- पर्यावरण
- विश्वविद्यालयों
- उत्पाद आधारित कंपनियां (खाद्य)
- अनुसंधान प्रयोगशाला

### वेतन

फ्रेशर के लिए लगभग 20,000/- से 30,000 रुपये प्रति माह और अनुभवी उम्मीदवारों के लिए 1 लाख रुपये प्रति माह के वेतन की उम्मीद की जा सकती है।

### नैनोटेक्नोलॉजी ऑफर करने वाले भारत के शीर्ष कॉलेज:

- भौतिकी विभाग, आईआईएससी, बैंगलोर
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
- नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी स्कूल, एनआईटी, कालीकट
- एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ नैनो-टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा

# सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस सेक्रेटरी से मैनेजर तक

**सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और पर्सनल सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस कोर्स करके आप महत्वपूर्ण पदों पर बैठे अधिकारियों के पर्सनल सेक्रेटरी बनने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए अनेक शॉर्ट टर्म और डिग्री कोर्स उपलब्ध हैं।**

वैश्वीकरण के बाद जिस तेजी से ऑफिस की कार्यप्रणाली और स्वरूप बदला है, ऑफिस सेकेट्ररी और पर्सनल सेक्रेटरी की भूमिका भी अहम होती जा रही है। सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और पर्सनल सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस कोर्स में दाखिला लेकर आप ऑफिस सेकेट्ररी या पर्सनल सेकेट्ररी बन कर एक अच्छा करियर बना सकते है। ऑफिस सेकेट्ररी किसी ऑफिस में प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रमों को मैनेज करने में अहम भूमिका निभाता है। महत्त्वपूर्ण पदों पर बैठे व्यक्तियों के पर्सनल सेक्रेटरी बन कर आप उनके डेली रूटीन तथा ऑफिस शड्यूल को मैनेज करते हैं। देश के विभिन्न विश्वविद्यालय और प्राइवेट संस्थान सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस या ऑफिस मैनेजमेंट और सेकेट्रेरियल प्रैक्टिस में शॉर्ट टर्म डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्स ऑफर करते हैं।

## योग्यता तथा पढ़ाई

शॉर्ट टर्म कोर्स में प्रवेश लेने के लिए दसवीं तथा कुछ संस्थानों के लिए बारहवीं पास होना आवश्यक है। इस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई मसलन डिग्री तथा डिप्लोमा कोर्स करने के लिए बारहवीं पास होना अनिवार्य योग्यता है। इन कोर्सों के लिए अच्छी कम्युनिकेशन स्किल का होना अतिआवश्यक है। इन कोर्सों का मुख्य उद्देश्य छात्र को सेक्रेटरी के उत्तरदायित्वों को समझाना, सेक्रेटेरियल कार्यों के लिए गुणों का विकास करना, संगठन या ऑफिस की कार्यप्रणाली को समझाना तथा कंप्यूटर, इंटरनेट, फैक्स आदि ऑफिस में प्रयोग होने वाले उपकरणों को ऑपरेट करना सिखाया जाता है। शॉर्ट टर्म कोर्स में शॉर्ट हैंड, टाइपराइटिंग, कंप्यूटर बेसिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन तथा पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विषय पढ़ाए जाते हैं। लेकिन डिप्लोमा तथा डिग्री कोर्सो में इन विषयों के अलावा मैनेजमेंट, अकाउंट, कंपनी लॉ और बैंकिंग सर्विसेज विषयों के बारे में जानकारी दी जाती है।

## संभावनाएं

कोर्स करने के बाद सरकारी तथा प्राइवेट क्षेत्रों में सभी तरह के दफ्तरों में सेक्रेटरी की जॉब मिलती है। लेकिन हाल में मल्टीनेशनल, पब्लिक सेक्टर कंपनियों तथा होटल्स में स्किल्ड सेकेट्ररी और ऑफिस सेकेट्ररी के जॉब की अपार संभावनाएं है। बैंकों, वित्तीय संस्थानों, लॉजिस्टिक फर्म तथा ट्रैवल एजेंसी में भी सेक्रेटरी के रूप में जॉब कर सकते हैं। अपनी योग्यता तथा अनुभव से आप सेक्रेटरी से जॉब शुरू करके ऑफिस मैनेजर बन सकते हैं।



# दूध–दही–बादाम बनाएगा आपको जवान

*आप* जवान तभी रह सकते हैं जब आपके अंदर ताकत हो और ताकत और कसी और दमकती त्वचा दोनों का मेल होने के बाद ही इंसान जवान बना रह सकता है। ज्यादा ऑइली और तली हुई चीजें फास्ट फूड और तो और कोला जैसे पेय पदार्थ आपकी स्किन के लिए सबसे हानिकार होते हैं। यह आपको फैटी बनाती हैं और स्किन को ऑइली व डूलडूल बना देती है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि कोई भी व्यक्ति हमेशा जवान नहीं रह सकता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है चेहरे की रौनक और चमक चली जाती है और झुर्रियां आदि पड़ने लगती हैं। कई महिलाएं और पुरु ष हमेशा यंग दिखने की फिराक में रहते हैं और इसके लिए वह कोई न कोई क्रीम आदि लगाते ही रहते हैं। जिससे की उनकी त्वचा पर और अधिक बुरा प्रभाव पड़ता है। कॉस्मेटिक आदि का इस्तेमाल त्वचा को बाहर से अच्छा बना देता है लेकिन उनमें अंदरूनी क्षमता नहीं रह जाती है। अगर आप अपनी त्वचा को अंदर से चमकदार बनाना चाहते हैं तो आपको अपनी फूडिंग हैबिट और लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही खुराक में कुछ विशेष सब्जियों, फल व फूड मैटर को शामिल करना होगा। आपको अपनी त्वचा को बेहतर फूड देने होंगे और अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा।

**ज्यादा ऑइली और फास्ट फूड आपकी स्किन को खराब करते हैं**

**अपनी त्वचा को अंदर से चमकदार बनाना चाहते हैं तो आपको अपनी फूडिंग हैबिट और लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना होगा**

**आपको अपनी त्वचा के लिए बेहतर फूड खाने होंगे और अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा**

**दूध-दही में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। जो आपको जवान रखने में मदद करते हैं**



## जवान बने रहने व चेहरा निखारने का नुस्खा

**पालक :** पालक में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है साथ ही पौटेशियम और विटामिन की भरमार होती है। इसमें काफी ज्यादा मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो शरीर की रक्षा करता है। इसके सेवन से ऊतकों और कोशिकाओं को ताकत मिलती है और वह स्वस्थ रहती हैं। खून को भी साफ रखने और मात्रा बढ़ाने में पालक कारगर होती है।

**बींस:** बींस में प्रोटीन और फाइबर होता है जिसमें कम कार्बोहाईड्रेट होने के कारण वसा नहीं होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। यह एंटी-एजिंग सब्जी होती है।

**हल्दी :** हल्दी सबसे अच्छा एंटी-एजिंग एजेंट होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेंट्री गुण होते हैं जो पाचन क्रिया को अच्छा रखते हैं और उम्र को थाम देते हैं।

**बादाम:** बादाम में विटामिन ''ई' होता है जो त्वचा और बालों के लिए बहुत अच्छा होता है। इसमें मैग्नीशियम भी होता है जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को धीमा कर देता है।

**अखरोट :** अखरोट में प्रोटीन, विटामिन और ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है जो आपकी स्किन के लिए जरूरी है।

**दूध-दही :** दूध-दही में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। जो आपको जवान रखने में मदद करते हैं।

# अब 6 महीनों में हेपेटाइटिस 'सी' का इलाज

**यकृत** से जुड़ी जानलेवा बीमारी हेपेटाइटिस ''सी' से ग्रसित मरीजों को एंटी वायरल इलाज के जरिए छह सप्ताह की अल्प अवधि में ही ठीक किया जा सकता है। यूरोपीय देश स्पेन के बार्सिलोना शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय यकृत सम्मेलन के दौरान शोधकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत अध्ययन में बताया गया कि सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर के जरिए केवल छह महीनों में हेपेटाइटिस ''सी' से पीड़ित लोगों का इलाज किया जा सकता है। लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर का कारण बनने वाले हेपेटाइटिस ''सी' का इलाज इसके जरिए किया जा सकता है। 95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है। इन गोलियों के इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के शरीर पर दुष्प्रभाव तो कम होंगे ही इलाज की अवधि भी काफी कम हो जाएगी।यह हेपेटाइटिस ''सी' से प्रभावित लोगों का इसके अचानक शिकार हुए लोगों की तुलना में आम तौर पर दस से पन्द्रह फीसदी जल्दी ठीक करता है। विश्व भर में हेपेटाइटिस ''सी' के रोगियों की संख्या तेरह से पन्द्रह करोड़ के बीच है। प्रतिरोध से जुड़े विसंगति के अचानक उभरने के कारण हेपेटाइटिस ''सी' के मरीजों का इलाज अभी भी चुनौती बनी हुई है।इस शोध के अनुसार सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर का संयोजन न केवल सुरक्षित है बल्कि हेपेटाइटिस के मरीजों के लिए यह सहनीय और प्रभावकारी भी है लेकिन अल्प अवधि के इलाज के दौरान इसके प्रभाव में यह नहीं दिखता है।



**95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस 'सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है**

## अत्यधिक नमक लिवर खराब करता है

**पेइचिंग।** भोजन में अत्यधिक नमक प्रयोग करने से केवल रक्तचाप बढ़ने की ही समस्या पैदा नहीं होती, बल्कि इससे वयस्कों और विकसित भ्रूण का यकृत भी खराब हो सकता है। एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है।अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि हमारे शरीर को बहुत कम मात्रा में नमक की आवश्यकता होती है। अमेरिकी सरकार सलाह देती है कि यदि आप एक स्वस्थ व्यस्क हैं तो आपको प्रति दिन एक छोटा चम्मच नमक लेने की आवश्यकता है। कुछ अनुसंधानकर्ताओं ने संकेत दिया है कि सोडियम के आवश्यकता से अधिक प्रयोग से उच्च रक्तचाप की समस्या के अलावा यकृत भी खराब हो सकता है। चीन की ''जिनान यूनीवर्सिटी' के शुएसोंग यांग और उनके सहकर्मी सोडियम के कोशकीय स्तर पर संभावित प्रभाव के बारे में पता करना चाहते थे।अनुसंधानकर्ताओं ने एक वयस्क चूहे को अत्यधिक नमकयुक्त आहार दिया और चूहों के भ्रूणों को एक खारे पर्यावरण में रखा। अत्यधिक सोडियम से अजीब आकार की कोशिकाएं विकसित होने, कोशिका समाप्ति में वृद्धि और कोशिका प्रसार में कमी समेत जीवों के यकृत में कई तरह के बदलाव हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि खराब कोशिकाओं का विटामिन ''सी' के माध्यम से उपचार करके अत्यधिक नमक के कारण हुए दुष्प्रभाव को आंशिक रूप से कम किया जा सकता है। यह अध्ययन ''जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित किया गया है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

## लॉफिंग ज़ोन

संपादक (प्रबंधक से) - अखबार में थोड़ी सी जगह बची है क्या लिखूं?
प्रबंधक - लिख दो, कल चांदनी चौक में डाका पडा, खून हो गया.
संपादक - थोड़ी सी जगह और है.
प्रबंधक - वहां लिख दो - बाद में पता चला यह सब अफवाह थी.

☺ ☺ ☺

वकील (मुजरिम से) - तुमने एक ही दुकान में दोबारा चोरी क्यों की?
मुजरिम - साहब जी, उस दुकान के बाहर लिखा था दोबारा जरूर आएं.


☺ ☺ ☺

मुकेश (ड्राइवर से) - यह टायर पंचर कैसे हुआ?
ड्राइवर - एक कांच की बोतल पर चढ़ गया था.
मुकेश - क्या तुम्हें बोतल दिखाई नहीं दी?
ड्राइवर - जी नहीं, बोतल उस आदमी की जेब में रखी थी जो गाड़ी के नीचे आ गया था!

☺ ☺ ☺


रमेश (नौकर से) - जरा देखना तो कितने बजे हैं?
नौकर - मुझे समय देखना नहीं आता.
रमेश - अच्छा कोई बात नहीं, यह देखकर बताओ कि बडी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकर - दोनों सुइयां घड़ी में हैं.

## काकुरो पहेली - 4057




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो -4056 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4057



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली-4056**



## सूडोकु -4057


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4056 । हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 4057



**बाएँ से दाएँ**

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.छापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निर्झरणशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

शब्द पहेली 4056 का हल



## नयी दिल्ली में 18 मई को होगा इंडियाज़ बेस्ट डांसर का ऑडिशन



एजेंसी
**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 का ऑडिशन दिल्ली में 18 मई को होगा।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न डांस रियलिटी शो, 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' अपने चौथे सीज़न के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। शो के निर्माता 18 मई को भारत की राजधानी दिल्ली में 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' की तलाश शुरू करेंगे। 18 मई 2024 को सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, नई दिल्ली में 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर' के लिए ऑडिशन होगा।

## कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर फिर बोले- हर हिंदू दम्पत्ति करे 5-5 संतान

**जबलपुर।** प्रसिद्ध कथावाचक भागवताचार्य देवकीनंदन ठाकुर ने पूर्व की तरह एक बार फिर हिन्दुओं को पांच-पांच बच्चे पैदा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू तभी तक की सुरक्षित हैं, जब तक बहुसंख्यक हैं। यही वजह है कि मैंने पहले भी कहा था और आज फिर कह रहा हूं कि देश की हर हिंदू दंपत्ति को पांच-पांच बच्चे पैदा करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड की तरह सनातन बोर्ड का भी गठन किया जाना चाहिए। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर गुरुवार को जबलपुर में 17 से 23 मई तक आयोजित होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा के संदर्भ में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से हिंदुओं की आबादी अन्य धर्म की तुलना में सात फीसदी घटी है। देश में अगर सनातन धर्म को बचाना है तो बहुसंख्यक समुदाय की संख्या को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि हर हिंदू दंपत्ति को कम से कम पांच बच्चे पैदा करना चाहिए। कथावाचक ठाकुर ने कहा कि परिवार नियोजन सिर्फ हमारे ऊपर ही क्यों लागू होती है। हम लोग हम दो-हमारे दो में संतोष करें और वे लोग चार-चार बच्चे पैदा करे। कायदे से यदि हिंदुओं को एक पत्नी रखने का अधिकार है तो सभी को इसी दायरे में लाना चाहिए। एक देश-एक संविधान का नियम सब पर लागू हो। एक बात याद रखना, यह देश जब तब भारत में हिंदू है तब तक ही हम सुरक्षित है, तब तक ही भाईचारा है, जब तक कि हम बहुसंख्यक हैं, जिस दिन हम बहुसंख्यक नहीं रहे, उस दिन क्या होगा ये समझ लें।

## थाना के हाजत में हिरासत में लिए गए जीजा और साली की मौत के बाद हंगामा

**अररिया।** अररिया के ताराबाड़ी थाना के हाजत में हिरासत में लिए गए जीजा और साली की मौत के बाद शुक्रवार को ग्रामीण उग्र हो गए। ताराबाड़ी थाना का घेराव कर आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की।थाना को आग के हवाले कर दिया गया है।सूचना के बाद सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह सहित कई थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन जारी रहा और पुलिसकर्मियों के ऊपर जमकर पथराव किया,जिसमे सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह समेत आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी पथराव में घायल हो गए हैं। दरअसल गुरुवार की रात गुरुवार रात ताराबाड़ी थाना के हिरासत में एक नाबालिग व उनके प्रेमी जीजा ने पुलिस कस्टडी में ही खुदकुशी कर ली। पुलिस के लापरवाही को मौत का जिम्मेवार मानते हुए आक्रोशित लोग प्रदर्शन कर रहे हैं।आक्रोशित लोग पुलिस द्वारा पिटाई करने के कारण मौत होने की बात मान रहे हैं।फिलहाल पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। सूचना मिलते ही क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग ताराबाड़ी थाना पहुंचकर पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे हैं।

## मोतिहारी में साइकिल रैली निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

**पूर्वी चंपारण।** जिले में आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से जिला के सभी मतदाताओं को 25 मई को अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया। साइकिल रैली का शुभारंभ मोतिहारी समाहरणालय स्थित महात्मा गांधी उद्यान से किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साइकिल रैली मुख्य पथ से कचहरी चौक, बलुआ चौक, टाउन थाना, गांधी चौक, मीना बाजार, ज्ञान बाबू चौक, स्टेशन रोड होते हुए गांधी संग्रहालय के पास संपन्न हुई। रैली का आयोजन जिला साइक्लिंग संघ व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश सहित साइक्लिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ वर्मा, संयुक्त सचिव अशोक मेहरा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, संरक्षक अरविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# श्रीनगर में मतदान का प्रतिशत बढ़ना अनुच्छेद 370 निरस्त करने की सफलता : अमित शाह

एजेंसी
**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत पहले के 14 प्रतिशत से बढ़कर अब लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। यह अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

दो दिवसीय दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री ने पत्रकारों के सामने कहा कि कश्मीर घाटी में पहले लोग चुनाव बहिष्कार के नारे लगाते थे, लेकिन इस साल चुनाव में चरमपंथी समूहों के सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चरमपंथी समूहों के सभी नेताओं ने मतदान किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे किसे वोट देते हैं। यह उनका अधिकार है, लेकिन कम से कम वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा थे। हर बार चुनाव बहिष्कार के नारे लगाने के बजाय इस बार चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए।



केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान एक डंडा भी नहीं चलाया गया। धांधली की कोई घटना नहीं हुई और मतदान धैर्यपूर्वक हुआ। किसी भी राजनीतिक दल की ओर से हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। इससे पता चलता है कि बदलाव दिख रहा है। अमित शाह ने यह भी बताया कि पहली बार 40 प्रतिशत से अधिक विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने चुनाव में मतदान किया। आज तक ये आंकड़ा कभी भी 3 फीसदी से ऊपर नहीं गया। इससे पता चलता है कि लोग अब खुद पर भरोसा रखते हैं और लोकतंत्र में विश्वास करते है। श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पहला आम चुनाव हुआ, जिसमें 37.99 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह कई दशकों में सबसे अधिक मतदान है। श्रीनगर में 1996 में 40.94 प्रतिशत, 1998 में 30.06 प्रतिशत, 1999 में 11.93 प्रतिशत, 2004 में 18.57 प्रतिशत, 2009 में 25.55 प्रतिशत, 2014 में 25.86 प्रतिशत और 2019 में 14.43 प्रतिशत मतदान हुआ। दो दिवसीय दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री लोकसभा चुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने से शुक्रवार को किसी औपचारिक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता नहीं करेंगे। उन्होंने पहाड़ी, सिख और गुज्जर/बकरवाल समुदायों के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की और भाजपा नेताओं के साथ पार्टी मामलों पर विस्तृत चर्चा की।

## मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई दक्षिण सीटों पर मतदान सोमवार को

एजेंसी
**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई दक्षिण मध्य और मुंबई दक्षिण सीटों पर सोमवार को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मुंबई शहर कलेक्टर जिला चुनाव अधिकारी संजय यादव ने कहा कि 'मुंबई दक्षिण मध्य' और 'मुंबई दक्षिण' संसदीय सीटों के लिए सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा तथा इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



उन्होंने कहा कि दोनों लोकसभा क्षेत्रों में 2,520 मतदान केंद्र बनाये गये हैं , जहां 15,000 चुनाव अधिकारी और कर्मचारी तैनात किये गये हैं। मुंबई दक्षिण मध्य से 15 उम्मीदवार और मुंबई दक्षिण से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। दोनों निवार्चन क्षेत्रों में कुल 24,90,238 मतदाता हैं, जिनमें 13,43,959 पुरुष मतदाता; 11,46,045 महिला मतदाता और 224 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

## राजस्थान उच्च न्यायालय ने ओडवाड़ा अतिक्रमण कार्रवाई पर लगाई रोक

एजेंसी
**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने जालोर के ओडवाड़ा गांव में चल रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगा दी हैं। न्यायमूर्ति विनीत माथुर की एकलपीठ ने दो दर्जन से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को यह फैसला दिया। याचिकाओं में कहा गया कि उनके पास पट्टे है और वे पिछले 80 सालों से इन मकानों में रह रहे हैं। इस जगह के लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार ने भी विकास का काम किया है और बिजली एवं पानी के कनेक्शन भी हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें अतिक्रमी नहीं माना जा सकता है।

न्यायालय ने सुनवाई के बाद अतिक्रमण हटाने के आदेश पर रोक



लगा दी। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के निर्णय 16 मार्च 2021 एवं अवमानना याचिका वर्ष 2022 पर पारित आदेश गत वर्ष 21 मार्च एवं अवमानना याचिका 2023 में पारित आदेश गत सात मई की पालना में ग्राम ओडवाड़ा की ओरण भूमि से गुरूवार को अतिक्रमण हटाये गये।

## जमुई में सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत, छह घायल

एजेंसी
**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गयी तथा छह अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बसबुटिया गांव के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इस दुर्घटना में कार पर सवार जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को देवघर अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को इलाज के लिये जमुई भेज दिया गया है।मृतकों की पहचान नागेन्द्र कुमार के पुत्र अभिनंदन (05) और नंदनी कुमारी (05) के रूप में की गयी है। मृतक महिला की



पहचान नहीं की जा सकी है। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के नवादा गांव निवासी नागेंद्र राम अपने दोनों जुड़वा बच्चे अभिनंदन और नंदनी कुमारी का मुंडन कराने के लिए आरा से देवघर बाबाधाम जा रहे तभी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी।शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

## बंगाल में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी, चुनाव बाद हिंसा से जुड़ा है मामला

एजेंसी
**कोलकाता।** सीबीआई ने शुक्रवार को बंगाल में टीएमसी के दो नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी साल 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में की गई। सीबीआई ने बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के काठी इलाके में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी।

**समन के बावजूद पेश नहीं हुए आरोपीः** सीबीआई अफसरों की एक टीम ने काठी ब्लॉक नंबर 3 में टीएमसी नेता देबब्रत पांडा के घर छापेमारी की। साथ ही दूसरे ब्लॉक में टीएमसी नेता नंददुलाल मैती के घर पर भी कार्रवाई की। सीबीआई




अफसर ने बताया कि पांडा और नंददुलाल के बेटे का नाम 52 अन्य आरोपियों के साथ एफआईआर में है। हिंसा में भाजपा कार्यकर्ता जन्मेजय दुलाई की मौत हुई थी। सीबीआई अफसरों ने बताया कि आरोपियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ भी होगी। अधिकारियों के मुताबिक चुनाव बाद हिंसा मामले में 30 आरोपियों को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया गया था, लेकिन कोई भी नहीं पहुंचा, जिसके बाद सीबीआई ने छापेमारी की कार्रवाई की।

**2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई थी हिंसा**

मई 2021 को पश्चिम बंगाल विधानसभा के नतीजे आने के साथ ही बंगाल में हिंसा की घटनाएं हुईं। खासकर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने जगह जगह भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया। हिंसा के डर से कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घर भी छोड़ दिए थे। हिंसा के डर से राजनीतिक कार्यकर्ताओं के घर छोड़ने का मामला कलकत्ता हाईकोर्ट भी पहुंचा था।

## स्कूल परिसर में छात्र का शव मिलने पर गुस्साई भीड़ ने स्कूल में लगाई आग, पुलिस हिरासत में 3 लोग



एजेंसी
**पटना।** स्कूल परिसर में कथित तौर पर एक छात्र का शव मिलने के बाद गुस्साई भीड़ ने स्कूल में आग लगाई। वही, छात्र का शव मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक बच्चे का शव रात स्कूल के पास नाले से बरामद हुआ। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पटना के SP चंद्र प्रकाश का कहना है कि CCTV में हमने देखा कि बच्चा स्कूल में प्रवेश कर रहा था, लेकिन कहीं भी उसे स्कूल परिसर से बाहर निकलते हुए नहीं देखा गया। हम हत्या मानकर जांच कर रहे हैं क्योंकि शव को छुपाया गया और यह आपराधिक इरादे को दर्शाता है, हमने 3 लोगों को हिरासत में लिया है उनसे पूछताछ की जा रही है।

## आरक्षण व संविधान कोई नहीं बदल सकता, यह पत्थर की लकीर है : मेनका गांधी

एजेंसी
**सुलतानपुर।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सुलतानपुर से भाजपा के उम्मीदवार मेनका गांधी ने सदर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के सात-आठ दिन बचे हैं। प्रतिद्वंद्वी को मालूम है कि वह हार रहे हैं। इस दौरान विपक्षी झूठ व अफवाह फैलाने का काम करेंगे। ऐसे झूठों को बेनकाब करने के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। उन्होंने कहा कि आरक्षण व संविधान कोई नहीं बदल सकता। यह पत्थर की लकीर है। प्रधानमंत्री खुद ओबीसी हैं। क्या कोई अपने लोगों के लिए आरक्षण बदलेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी हार के डर से झूठ, भ्रम और अफवाह फैला रहे हैं। इसका कार्यकर्ताओं को डटकर मुकाबला करना होगा और मुंहतोड़ जवाब देना होगा। श्रीमती गांधी ने अपने तमाम विकास कार्यों को बताते हुए सभाओं में इलेक्शन के दो महीने बाद गरीबों को एक लाख घर देने की गारंटी दी। उन्होंने कहा कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क व संवाद करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि हम सुलतानपुर का भविष्य बदलने आए हैं। विकसित सुलतानपुर बनाएंगे। यह मेरा परिवार है। हम अपने परिवार को सजाना,संवारना व खुशहाल देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा 2024 का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है।

# केशव मौर्य ने किया विपक्ष पर प्रहार, कहा- राहुल गांधी रायबरेली में भारी अंतर से हार रहे हैं

एजेंसी
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव की आज रायबरेली में होने वाली जनसभा पर कहा, राहुल गांधी के लिए प्रचार करने के लिए कोई भी आ जाए लेकिन राहुल गांधी चुनाव हार रहे हैं और भारी अंतर से हार रहे हैं। वहां कमल खिलेगा।

वहीं केशव प्रसाद मौर्य ने आप नेत्री स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले पर कहा, 'पुलिस मामला दर्ज कर चुकी है, उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए। इस घटना के दोषी सिर्फ अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल भी हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए कि कैसे वे अपराध करने वाले व्यक्ति को अपने साथ लेकर घूम रहे हैं, कैसे शुचिता की बात



करके गैरकानूनी कृत्य कर रहे हैं...।'

इससे पहले ब्रजेश पाठक कांग्रेस की जनसभा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस जनसभा का कोई मतलब नहीं निकलेगा, INDI गठबंधन ज़ीरो सीट पाएगा। बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के 4 चरण संपन्न हो चुके हैं, अभी तीन चरणों पर मतदान होना बाकी है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और अमेठी लोकसभा के वरिष्ठ कांग्रेस पर्यवेक्षक अशोक गहलोत ने कहा कि देश में जिस तरह का माहौल व लोगों में आक्रोश भरी खामोशी दिख रही है उससे यह निश्चित हो गया है कि 'इंडिया' गठबंधन जीतेगा और देश में सरकार बनाएगा।

अमेठी ब्लॉक के गांव गंगोली में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि भाजपा के नापाक मंसूबों से देश का लोकतंत्र व संविधान ख़तरे में है, जिसको देश वासियों ने भांप लिया है और वे बदलाव के मूड में हैं।

# जनघोष बन गया है अबकी बार 400 पार का नारा: योगी

एजेंसी
**बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता जनार्दन 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। यही वजह है कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाराबंकी के जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी



गठबंधन के विभाजनकारी तुष्टीकरण और अराजकता की नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने बाराबंकी की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पक्ष में वोट की अपील की। साथ ही, उन्होंने अवध प्रांत के देवाधिदेव महादेव की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना की विजय का अबकी बार 400 पार का नारा एक नया उद्घोष भी है। उन्होंने महादेवा और सिद्धेश्वर महादेव की धरती पर भारत की सांस्कृतिक नवजागरण के पुरोधा, एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी, दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बाराबंकी की जनता की ओर से हृदय से स्वागत किया। योगी ने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को देखते हुए देश के आमजन ने एक बार फिर मोदी सरकार के विजय श्री के साथ खुद को जोड़ा है। ऐसे में हमें बाराबंकी और मोहनलालगंज समेत उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देना है।

# केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को राष्ट्रीय महिला आयोग ने फिर जारी किया नोटिस

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने आम आदमी पार्टी की नेता और राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव को एक बार फिर नोटिस जारी कर शनिवार को पेश होने को कहा है। अगर वे कल भी पेश नहीं होते तो आयोग के सदस्य उसके घर जाकर उनसे सवाल जवाब करेंगे। शुक्रवार को उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के दफ्तर पेश होना था लेकिन वे पेश नहीं हुए। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा, 'जब हमने सोशल मीडिया पर यह देखा तो हमने स्वतः



संज्ञान लिया। मैंने स्वाति मालीवाल से शिकायत दर्ज करने का अनुरोध किया। मुझे लगता है वह सदमे में थी क्योंकि कोई भी उम्मीद नहीं कर सकता था कि उन्हें अपने नेता के आवास पर इस तरह से पीटा जाएगा। वह एक सांसद हैं जो हमेशा महिलाओं के मुद्दों को उठाती रही हैं। मैंने उनसे कहा कि मैं उनके साथ हूं, और आप बाहर आएं और शिकायत करें काफी देर तक सोचने के बाद उसने शिकायत दर्ज कराई।'

रेखा शर्मा ने कहा कि हमने विभव को नोटिस भेजा है, लेकिन उनकी पत्नी ने इसे स्वीकार नहीं किया, इसलिए हमने वह नोटिस उनके दरवाजे पर चिपका दिया। अगर वह कल तक नहीं आए तो फिर हम उनके आवास पर जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारी टीम उनसे मिले। मुझे उम्मीद है कि वह कल आएंगे।

उन्होंने कहा कि इस घटना पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी बता रही है कि वे कह रहे हैं कि उन्हें किसी चीज की परवाह नहीं है। सोचिए यह एक संकेत है कि वह बिभव को अपने साथ ले जा रहे हैं। वह किसी महिला का पक्ष नहीं ले रहे हैं बल्कि अपराधी का पक्ष ले रहे हैं। अगर यह सब मुख्यमंत्री की जानकारी में था तो यह एक बड़ा सवाल है कि क्यों नहीं कोई एक्शन लिया गया?

## भारत-मंगोलिया की बैठक में द्विपक्षीय रक्षा संबंध मजबूत करने पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालयों के बीच 12वीं संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) बैठक 16-17 मई को उलानबटार में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद और मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव ब्रिगेडियर जनरल गंखुयाग दावगदोरज ने की। बैठक में मंगोलिया में भारत के राजदूत अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे भी शामिल हुए। जेडब्ल्यूजी की बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने



वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त सचिव ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता और योग्यता पर प्रकाश डाला और मंगोलिया के सशस्त्र बलों के साथ एक उपयोगी साझेदारी की आशा व्यक्त की। मंगोलियाई पक्ष ने भारतीय उद्योग की क्षमता और योग्यता पर विश्वास व्यक्त किया। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को भी स्वीकार किया। संयुक्त सचिव और भारतीय राजदूत ने मंगोलिया के उप रक्षा मंत्री बी बयारमग्नई से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उलानबटार में एक प्रशिक्षण प्रतिष्ठान का दौरा किया और चल रहे जुड़ाव की समीक्षा की। भारत के मंगोलिया के साथ सदियों पुराने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं। दोनों देश एक-दूसरे को 'आध्यात्मिक पड़ोसी' मानते हैं।



# पत्नी को दें सम्मान

**अपने से बुरा व्यवहार किसी को पसंद नहीं आता, फिर घर की लक्ष्मी का तिरस्कार, कई मामलों में उसकी रूचि खत्म कर सकता है। यदि दोनों कामकाजी हैं तो अहम के टकराव के चलते तलाक तक हो सकता है।**

पति-पत्नी का रिश्ता बेहद नाजुक, किन्तु प्रेम से भरा होता है। दो अनजान लोग विवाह बंधन में बंधकरएक हो जाते हैं और पूरी उम्र साथ काटते हैं।

हमारे देश में विवाह सात जन्मों का बंधन माना जाता है, लेकिन इस रिश्ते को तोड़ सकती है तो केवल एक-दूसरे के प्रति सम्मान की कमी।

## क्या हो सकता है ?

अपने से बुरा व्यवहार किसी को पसंद नहीं आता, फिर घर की लक्ष्मी का तिरस्कार, कई मामलों में उसकी रूचि खत्म कर सकता है। यदि दोनों कामकाजी हैं तो अहम के टकराव के चलते तलाक तक हो सकता है।

## क्यों दें सम्मान?

दूसरे को सम्मान देना तो हमारी तहजीब व संस्कृति है, इसमें भला शर्म कैसी? पत्नी आपके सुख-दुख की बराबर की हकदार है।

आप अपने बच्चों के लिए अच्छा उदाहरण कभी नहीं बन पाएंगे। स्वयं की श्रेष्ठता प्रमाणित करने के लिए कभी अपशब्दों का सहारा लेने से काम नहीं बनेगा।

## क्या होता है ऐसे रिश्तों में

यदि पति पत्नी को सबके सामने या घर पर सम्मान नहीं देता तो इससे दाम्पत्य जीवन पर बुरा असर पड़ता है।

बच्चे भी मां को सम्मान नहीं देंगे।

संयुक्त परिवार है तो अन्य रिश्ते-नातों पर भी फर्क पड़ेगा।

पत्नी के मन में या तो कुंठा पलने लगेगी या विद्रोह पनपेगा।

पत्नी यदि जवाब देने लग जाए अथवा विरोध करेगी तो घर युद्ध का मैदान बन जाएगा।

बच्चों में अच्छे संस्कार नहीं पनपेंगे। उनकी भाषा भी असंयत हो जाएगी।

प्यार से बोल के तो देखें

पत्नी से प्यार से बोल कर तो देखें, उसे सम्मान देकर तो देखें, आपका दाम्पत्य गुलजार हो जाएगा।

सम्मान केवल बोली में ही नहीं, हाव-भाव आचार-व्यवहार में भी दिखना चाहिए।

गृहस्थी तो दो पहियों की गाड़ी है, यदि एक पहिया भी असंतुलित हुआ तो मुश्किल होगी। जीवन साथी को सम्मान देने से आप नीचे नहीं हो जाते है, बल्कि आपका बड़प्पन, शिक्षा व उसके प्रति चिन्ता झलकती है।

## कैसे बदलें आदत

यदि आप भी आज तक पत्नी को कमतर समझते आ रहे हैं तो प्रण कीजिए कि अपनी आदत बदलेंगे।

शुरूआत उसके हर काम को महत्व देने से करें।

शुक्रिया-धन्यवाद कहने से पत्नी का मनोबल बढ़ेगा।

यदा-कदा तारीफ करें तो बड़प्पन आपका ही झलकेगा।

पत्नी से ऊंची आवाज में बात करना या छोटी-छोटी गलतियों के लिए उसे डांटना बंद कर दीजिए।

बच्चों से भी मम्मी से ऊंची आवाज में बात करने को मना करें।

पत्नी की राय किसी मुद्दे पर आपसे अलग है तो धैर्यपूर्वक उसकी बात सुनें, हो सकता है वो सही हो।

शुरूआत मे हिचक हो सकती है, पर घबराए नहीं। आप सुदृढ़ दाम्पत्य की ओर ही कदम बढ़ाएंगे।



# आपके घर है पार्टी



**पार्टी में मेजबान की हैसियत से आपको मेहमानों को खाना भी सर्व करना पड़ सकता है। अगर आप एप्रिन नहीं पहनेंगी तो हो सकता है, खाना सर्व करते वक्त खाने की कुछ बूंदें आपके कपड़ों पर गिर जाएं और आपका पार्टी वियर खराब हो जाए।**

अगर आप अपने घर में पार्टी देने की सोच रही हैं और चाहती हैं कि हर कोई आपकी मेहमाननवाजी और आपकी तारीफ करे तो पार्टी के वक्त आपको इन छोटी-छोटी बातों पर जरूर ध्यान देना होगा।

## न पहनें भारी गहने

आप मेजबान हैं तो जाहिर तौर पर आपको खाना बनाना और सर्व करना भी होगा। ऐसे में भारी-भरकम गहने आपके लिए परेशानी का सबब बन सकते हैं। इसलिए आप हल्की और आसानी से पहनी जा सकने वाली ज्वैलरी को तरजीह दें।

## कपड़े के ऊपर पहनें खूबसूरत एप्रिन

पार्टी में मेजबान की हैसियत से आपको मेहमानों को खाना भी सर्व करना पड़ सकता है। अगर आप एप्रिन नहीं पहनेंगी तो हो सकता है, खाना सर्व करते वक्त खाने की कुछ बूंदें आपके कपड़ों पर गिर जाएं और आपका पार्टी वियर खराब हो जाए। एप्रिन पहनने से इस परिस्थिति से बचा जा सकता है। हां, एप्रिन आपका काफी सुंदर होना चाहिए।

## आस्तीन को करें ऊपर

अगर आपने पार्टी के दौरान ऐसा कपड़ा पहना है, जो पूरी आस्तीन का है तो आस्तीनों को थोड़ा मोड़कर कोई स्टाइलिश बटन या पिन लगा लें। इससे खाना सर्व करते वक्त आपके कपड़े खराब नहीं होंगे।



## टिकाऊ लिप ग्लॉस लगाएं

पार्टी के दौरान मेकअप ठीक करने का मौका आपको नहीं मिलेगा, इसलिए मेकअप करते वक्त आप लंबे समय तक चलने वाला ब्राइट रंग का लिप ग्लॉस लगाएं। इससे आपका चेहरा लंबे समय तक दमकता रहेगा। इसके अलावा वाटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करें, जो पसीने से खराब न हो।

## पहनें फ्लैट चप्पल

पार्टी के दौरान बहुत सारे काम होते हैं। इसलिए आप हील्स की जगह स्टाइलिश फ्लैट चप्पल पहनें। इससे आप आराम महसूस करेंगी और आसानी से हर काम भी कर पाएंगी।

**पुराना और काम में न आने वाला कद्दूकस फेंकने से पहले एक बार फिर सोच लें। इस पुराने कद्दूकस को आप अपने पसंदीदा रंग या नीले, गुलाबी रंग से पेंट करें। पेंट सूख जाने के बाद अपनी ड्रेसिंग टेबल पर रखकर अपनी ईयररिंग्स इस पर टांग सकती हैं।**

# इनसे बनाएं ज्वैलरी होल्डर्स



ज्वैलरी किसे पसंद नहीं होती, लेकिन अक्सर महिलाएं ज्वैलरी को इधर-उधर रख देती हैं। इस आदत का नुकसान तब उठाना पड़ता है, जब किसी जरूरी पार्टी में जाना हो और ज्वैलरी आसानी से न मिले। ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए पुरानी चीजों से बनाएं ये अनोखे ज्वैलरी होल्डर।

## कद्दूकस ईयररिंग्स होल्डर

पुराना और काम में न आने वाला कद्दूकस फेंकने से पहले एक बार फिर सोच लें। इस पुराने कद्दूकस को आप अपने पसंदीदा रंग या नीले, गुलाबी रंग से पेंट करें। पेंट सूख जाने के बाद अपनी ड्रेसिंग टेबल पर रखकर अपनी ईयररिंग्स इस पर टांग सकती हैं।

## चॉपिंग बोर्ड होल्डर

किचन में इस्तेमाल होने वाले पुराने चॉपिंग बोर्ड से बढ़िया ज्वैलरी होल्डर शायद ही कोई हो। इसे पेंट करके कील की सहायता से लटकाएं। उसके बाद छोटे-छोटे हुक्स लगाकर आप नेकलेस, ईयररिंग्स और ब्रेसलेट को आसानी से टांग सकती हैं।

## फोटो फ्रेम होल्डर

पुराना फोटो फ्रेम खाली करें। रूई और कपड़े की मदद से छोटी-सी गद्दी बनाएं और फिर इसको पुराने फोटो फ्रेम के पीछे चिपकाएं। इसमें हुक आदि की मदद से ईयररिंग्स, चेन आदि टांगें। पुराने तकिए या कुशन की रूई गद्दी बनाने के काम में लें।



## हैंडल होल्डर

ड्रेसिंग टेबल पर या किसी भी ड्राअर की साइड में आप एक तरफ से खुला हैंडल लगवाएं। इस हैंडल पर आसानी से अपने बैंगल्स, कड़े, चेन आदि टांग सकती हैं। खासकर बच्चों की ज्वैलरी इस पर टांगें, उन्हें लेने-पहनने में आसानी होगी।

## हैंगर होल्डर

ड्रेसिंग टेबल के पास हैंगर को लटकाएं। इसके ऊपर ब्रेसलेट, मालाएं, नेकलेस और ईयररिंग्स, यहां तक कि अपने सनग्लासेस को भी आसानी से टांग सकती हैं। जब भी बाहर जाना हो, आसानी से इस पर से अपनी ज्वैलरी उतारें और पहनें।

## कप-प्लेट होल्डर

घर में क्रॉकरी सेट तो बहुत होंगे। उनमें से कई कप-प्लेट पुराने पड़ चुके हैं तो आप उन्हें छोटी-मोटी ज्वैलरी रखने के लिए ज्वैलरी होल्डर के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। ये आपकी ज्वैलरी को धूल-गंदगी से भी सुरक्षित रखेंगे।

# बारिश से दिलचस्प हुआ पॉइंट टेबल का खेल, SRH को फायदा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** आईपीएल के रोमांच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बारिश हुई सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के मुकाबले में और उम्मीद धुल गई दिल्ली कैपिटल्स की. जी हां, आईपीएल 2024 अब इसी दौर में है, जहां मुकाबले में 2 टीमें उतरती हैं, लेकिन इसके नतीजे से कम कम 4-5 टीमों का भविष्य जुड़ा होता है. यही तो गुरुवार को भी हुआ, जब हैदराबाद और गुजरात आमने-सामने आए. भले ही यह मैच बारिश के कारण नहीं हो सका. लेकिन इस रद मैच ने भी दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजायंट्स को प्लेऑफ की रेस से बाहर कर दिया. आइए समझते हैं कैसे. गुजरात टाइटंस की टीम सनराइजर्स हैदराबाद से मुकाबले से पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी थी. उसके लिए यह प्रतिष्ठा बचाने का सवाल था या



उलटफेर करने का मौका. बारिश ने ये दोनों ही मौके उससे छीन लिए. लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद को प्लेऑफ में पहुंचा दिया. एसआरएच के इस मैच से पहले 14 अंक थे. मैच रद होने से उसे एक अंक मिला. इस तरह उसके 15 अंक हो गए.

आईपीएल 2024 के पॉइंट टेबल में कोलकाता नाइटराइडर्स सबसे अधिक 19 अंक के साथ पहले नंबर पर है. राजस्थान रॉयल्स के 13 मैच से 16 अंक है. वह अगर अपना आखिरी मुकाबला जीती तो 18 अंक तक जा सकती है. इन दोनों के हैदराबाद (15), चेन्नई सुपरकिंग्स (14), दिल्ली कैपिटल्स (14) हैं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (12) और लखनऊ सुपरजायंट्स (12) पॉइंट टेबल में क्रमशः छठे और सातवें नंबर पर हैं.

आईपीएल 2024 में 66 मैच खेले जा चुके हैं. अब सिर्फ 4 लीग मैच और होने हैं. पॉइंट टेबल की बात करें तो टॉप-4 में कोलकाता, राजस्थान और हैदराबाद की जगह पक्की हो चुकी है. अब सिर्फ एक जगह बाकी है, जिसके लिए मुख्य रूप से चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबला है. बेंगलुरू अगर जीत भी जाए तो उसके 14 से ज्यादा अंक नहीं हो सकते. यानी उसकी जीत-हार से हैदराबाद की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा.

## नेशनल एरोबिक्स चैम्पियनशिप के लिए जिले के 45 खिलाड़ियों का चयन

एजेंसी
**मुरादाबाद।** एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन मुरादाबाद द्वारा नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के लिए गुरुवार को गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल टीडीआई सिटी मुरादाबाद में ट्रायल सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न स्कूल के खिलाड़ियों का चयन हुआ। ट्रायल के बाद गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल, सीएनएस एकेडमी, क्रिप्टोन पब्लिक स्कूल, आरएसडी एकेडमी और सेंट मैरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल सिविल लाइन से 45 खिलाड़ियों का चयन हुआ। एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन मुरादाबाद की सचिव रिम्पी सिंह ने बताया कि आज चयनित खिलाड़ी 24 मई से 26 मई तक आगरा के जान मिल्टन पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एरोबिक्स चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इस मौके पर सभी सेलेक्ट प्लेयर्स को गोल्डन गेट ग्लोबल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सचिन धावरी, वाइस प्रिंसिपल गरिमा भटनागर, अमित भंडारी, पारुल घटक, अनु गौतम, ऋचा भाटिया, मयंक कश्यप, विजेंद्र आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## हापोएल जेरूसलम ने आठवीं बार इजरायली बास्केटबॉल स्टेट कप का खिताब जीता

**जेरूसलम।** चैंपियंस लीग क्लब हापोएल जेरूसलम ने इजरायली बास्केटबॉल स्टेट कप का खिताब जीत लिया है। हापोएल जेरूसलम ने गुरुवार रात तेल अवीव के मेनोराह मिवतचिम एरिना में 11,000 प्रशंसकों के सामने फाइनल में यूरोलीग की टीम मैकाबी तेल अवीव को 85-72 से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह जेरूसलम की आठवीं स्टेट कप जीत थी, और पिछले सीज़न के फाइनल में मैकाबी को हराने के बाद लगातार दूसरी जीत थी। जेरूसलम ने शुरुआती मिनटों में मजबूत बचाव दिखाया और 10-2 की बढ़त ले ली, लेकिन बोन्ज़ी कोलसन के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मैकाबी ने पहले क्वार्टर के अंत में 23-16 की बढ़त हासिल कर ली। रोमन सॉर्किन के अंकों और रिबाउंड के साथ मैकाबी ने दूसरे क्वार्टर में अपनी गति जारी रखी और हाफटाइम तक 46-37 की बढ़त बना ली। स्पीडी स्मिथ की सहायता और निम्रोद लेवी और जेकोरी विलियम्स के अंकों की बदौलत जेरूसलम को तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए शानदार 31-10 से आगे कर दिया, जिसने खेल को पूरी तरह से बदल दिया। तीसरे क्वार्टर के अंत में जेरूसलम ने 68-56 की बढ़त बनाई।

निर्णायक क्वार्टर में स्मिथ ने अपनी चमक जारी रखी और खदीन कैरिंगटन और लेवी रैंडोफ़ के अंकों के साथ, जेरूसलम ने 85-72 से जीत हासिल की।जेरूसलम के लिए विलियम्स ने गेम में सर्वाधिक 21 अंक बनाए, जबकि रैंडोल्फ ने 17 और कैरिंगटन ने 16 अंक जोड़े। स्मिथ ने 12 अंक और 15 सहायता का योगदान दिया। सॉर्किन 17 अंकों के साथ मैकाबी के शीर्ष स्कोरर रहे।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनआरएआई की ओलंपिक चयन नीति को बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा बनाई गई 2024 पेरिस ओलंपिक चयन नीति को बरकरार रखा है। कोर्ट ने यह आदेश एक शूटर द्वारा उसे ओलंपिक चयन ट्रायल में शामिल न किए जाने को लेकर दायर की गई याचिका खारिज होने के बाद सुनाया। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एनआरएआई के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, ओलंपिक खेलों 2024 के लिए हमारी चयन नीति निष्पक्ष, उचित और पारदर्शी है। सभी एथलीटों को उचित मौका दिया गया है। निशानेबाजों के क्वालीफाई करने के लिए पॉलिसी (नीति) अधिक समावेशी है।

## जुवेंटस ने अटलांटा को हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब जीता

**रोम।** जुवेंटस ने शुरुआती मिनटों में डुसान व्लाहोविक के गोल की बदौलत अटलांटा को 1-0 से हराकर अपना 15वां कोपा इटालिया खिताब हासिल किया। जुवेंटस ने इससे पहले 14 बार टूर्नामेंट जीता था और उनकी



आखिरी जीत 2021 में हुई थी, जबकि अटलांटा ने 1962-63 सीज़न में केवल एक बार खिताब जीता था।जुवेंटस ने मैच में स्वप्निल शुरुआत की। चौथे मिनट में ही डुसान व्लाहोविक ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। खिताबी जीत के बाद मुख्य कोच मैसिमिलियानो एलेग्री ने एक बयान में कहा, यह एक महत्वपूर्ण मैच था, फ़ाइनल खेलना हमेशा अद्भुत होता है। हम तीन कठिन महीनों से गुज़रे जो बहुत विकास के थे। जुवेंटस एक महत्वपूर्ण क्लब है और हमें वह मिला जो हमें चाहिए था, चैंपियंस लीग और कोपा इटालिया फाइनल खेलना शानदार था, जिन्हें जीतने के लिए लड़कों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी थाईलैंड ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**बैंकॉक।** भारतीय महिला युगल जोड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा थाईलैंड ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और लिन यू-पेई को 21-19, 21-17 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को शुरुआती दौर में बाई मिली थी।

वहीं, रूतापर्णा और स्वेतापर्णा पांडा महिला युगल के दूसरे दौर में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त रिन इवानागा और की नाकानिशी के हाथों 21-16, 21-13 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष वर्ग में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।सात्विक-चिराग ने चीन के ज़ी हाओ नान और ज़ेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराकर अंतिम आठ चरण में जगह बनाई।

सात्विक-चिराग का लक्ष्य अपने खाते में एक और थाईलैंड ओपन खिताब जोड़ना होगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसे जीता था। इसके अलावा, पूर्व जूनियर विश्व नंबर दो खिलाड़ी मीराबा लुवांग मैसनाम ने टूर्नामेंट में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। पिछले दौर में अपने वरिष्ठ हमवतन एचएस प्रणय को हराने के बाद, उन्होंने दुनिया के 54वें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टेंसन को 21-14, 22-20 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल में भारतीय चुनौती तब समाप्त हो गई जब अश्मिता चालिहा दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी चीन की हान यू से 15-21, 21-12, 12-21 से हार गईं। भारत की मिश्रित युगल जोड़ी सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वरिनाथ अपने दूसरे दौर के मैच में इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पिथा हनिंगत्यास से 21-19, 21-17 से हार गईं। थाईलैंड ओपन बैंकॉक में 14 मई से शुरु हुआ और 19 मई तक चलेगा।

## मीराबा, सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

एजेंसी
**बैंकॉक।** अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, युवा भारतीय शटलर मीराबा लुवांग मैसनाम और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन सुपर 500 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।हमवतन एचएस प्रणय पर अपनी अप्रत्याशित जीत के एक दिन बाद, प्रकाश पदुकोण बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले 21 वर्षीय मीराबा ने 50 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन को 21-14, 22-20 से हरा दिया। .मीराबा, जिन्होंने 2022 में ईरान फज्र इंटरनेशनल और इंडिया इंटरनेशनल जीता था, को एक लिटमस टेस्ट का सामना करना पड़ेगा जब वह विश्व चैंपियन और स्थानीय नायक कुनलावुत विटिडसर्न से भिड़ेंगे।सात्विक और चिराग की



दुनिया की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने अपने दूसरे दौर के मैच में 69वीं रैंकिंग वाले ज़ी साओ नान और ज़ेंग वेई हान को 21-16, 21-11 से हराया।एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं का अगला मुकाबला मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की महिला जोड़ी ने चीनी ताइपे की हंग एन-त्जु और लिन यू-पेई को 21-19, 21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का अगला मुकाबला ताइपे की छठी वरीयता प्राप्त ली यू लिम और शिन सेउंग चान से होगा।अन्य भारतीयों में, अश्मिता चालिहा की भीषण लड़ाई एक करीबी हार के साथ समाप्त हुई क्योंकि वह महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी हान यू से 15-21, 21-12, 12-21 से हार गई।मिश्रित युगल में, सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ रिनोव रिवाल्डी और पिथा हनिंगत्यास मेंटारी से 10-21, 17-21 से हार गए और प्रतियोगिता से बाहर हो गए।पांडा बहनें-रुतापर्णा और स्वेतापर्णा-दूसरे दौर को पार करने में असफल रहीं और जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से 16-21, 13-21 से हार गईं।

## टालियन ओपनः टेलर फ्रिट्ज को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव

एजेंसी
**रोम।** विश्व के 5वें नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार रात अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इटालियन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने एक घंटे और 30 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मैच में अपनी मजबूत सर्विस और त्रुटिहीन बेसलाइन खेल की बदौलत अमेरिकी खिलाड़ी को 6-4, 6-3 से हराया। ज्वेरेव ने मैच जीतने के बाद एटीपी के हवाले से अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, यही वह शॉट है जिससे मैं या तो मैच जीतता हूं या हारता हूं। इसी तरह मेरा पूरा करियर रहा है। जब मैं उस शॉट को अच्छी तरह से मारता हूं, तभी मैं जीतता हूं। जब मैं इसे बहुत अच्छी तरह से नहीं मार रहा होता हूं, तब मैं हार जाता हूं। मैं अपने करियर में जिस शॉट पर सबसे अधिक काम कर रहा हूं, वह निश्चित रूप से मेरी सर्विस भी है।

विश्व नंबर 5 ने उल्लेख किया कि इस पखवाड़े में उनकी अच्छी सर्विस ने उन्हें रैलियों में अधिक स्वतंत्र रूप से खेलने का मौका दिया है। ज्वेरेव ने कहा, यही आपको बेसलाइन से शायद थोड़ा अधिक जोखिम लेने की सुरक्षा देता है। यह किसी भी टेनिस खिलाड़ी के लिए



सबसे महत्वपूर्ण शॉट है। टेलर इस साल क्ले पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। ऐसी जीत हासिल करना मेरे लिए बहुत अच्छा है।

ज्वेरेव का अगला मुकाबला नंबर 29 एलेजांद्रो ताबिलो से होगा, जिन्होंने छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के खिलाफ दूसरे दौर में उलटफेर दर्ज किया।

## एलएसजी के सहायक कोच लांस क्लूजनर का कहना है कि बल्लेबाजों के समर्थन की कमी से केएल राहुल निराश

एजेंसी
**मुंबई।** भले ही उन्हें विश्व कप के लिए नजरअंदाज किया गया हो और उनकी फ्रेंचाइजी के मालिक ने सार्वजनिक रूप से डांटा हो, लेकिन लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच लांस क्लूजनर का मानना है कि केएल राहुल ने कप्तान के रूप में आईपीएल 2024 सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन समर्थन की कमी के कारण वह निराश थे। अन्य बल्लेबाजों से. सुपर जायंट्स आईपीएल 2024 के घरेलू चरण तक पहुंचने तक अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे और प्लेऑफ के लिए दावेदार थे, इससे पहले कि वे अपने पिछले पांच मैचों में से चार हार गए, जिससे उनकी प्रगति बाधित हुई।इस विनाशकारी दौड़ के बीच में राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की शर्मनाक हार के बाद मैदान के अंदर फ्रेंचाइजी के मालिक सजीव गोयनका ने सार्वजनिक रूप से नाराजगी व्यक्त की। क्लूजनर ने गोएकना-राहुल घटना पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि केएल ने एक बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें दूसरों से पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। मुझे लगता है कि वह शायद टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से थोड़ा निराश है। मुझे लगता है कि कई बार हमने उसके आसपास विकेट खोए हैं, उसे फिर से बनाना होगा। हमने उसे अपना स्वाभाविक खेल नहीं खेलने दिया है। इसलिए यह आसान है बस बैठो और सोचो, ओह, ठीक है, उसका टूर्नामेंट बहुत अच्छा नहीं रह लेकिन अगर आप उसके आंकड़ों को देखें, तो वे वास्तव में बिल्कुल भी बुरे नहीं हैं, उन परिस्थितियों को देखते हुए जिनमें उसे बल्लेबाजी करनी पड़ी क्लूजनर ने शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के साथ अपनी टीम की भिड़ंत से पहले प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, क्रिकेटर और समूह का सम्मान मिला।

## जर्मनी ने यूरो 2024 से पहले प्रारंभिक 27 सदस्यीय टीम की घोषणा की

एजेंसी
**नई दिल्ली।** 15 जून से शुरू होने वाले यूरो 2024 से पहले, जर्मनी के मैनेजर जूलियन नगेल्समैन ने प्रारंभिक टीम की घोषणा की, जिसे वह मैत्री मैचों के लिए मैदान में उतारेंगे।टीम का सबसे बड़ा चर्चा का विषय मैट्स हम्मेल्स और लियोन गोरेत्ज़्का का बाहर होना था क्योंकि दोनों अपने देश के अनुभवी हैं और हम्मेल्स का बोरुसिया डॉर्टमुंड के साथ एक अनुकरणीय सीज़न रहा है, जिसमें काले और पीले रंग को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचते देखा गया है। मैंने हम्मेल्स और गोरेत्ज़्का दोनों के साथ लंबी बातचीत की। सूची से बाहर होने से वे काफी निराश हैं। मैंने यह समझाने की कोशिश की कि उन्हें शामिल क्यों नहीं किया गया। यह समझ में आता है कि वे दुखी हैं, नगेल्समैन ने टीम की घोषणा में कहा।हालाँकि



आधिकारिक टीम की घोषणा बहुत बाद में हुई, जर्मनी ने घरेलू यूरो के अवसर का शानदार तरीके से उपयोग किया क्योंकि उन्होंने लीक के माध्यम से व्यक्तिगत खिलाड़ियों की घोषणा की, जिसमें देश के सोशल मीडिया प्रभाव, संगीत कलाकार, बेकरी और कई अन्य शामिल थे।7 जून से पहले अंतिम दो मैत्री मैचों में ड्यूशलैंड का सामना यूक्रेन और ग्रीस से होगा, यही वह समय है जब टीम की घोषणा करने की समय सीमा तय की गई है। दो मैत्री मैचों में एक खिलाड़ी को 27 सदस्यीय टीम से हटाया जाएगा क्योंकि खिलाड़ियों को देश का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति होगी।

**गोलकीपरः** ओलिवर बाउमन (टीएसजी हॉफेनहेम), मैनुअल नेउर (बायर्न म्यूनिख), अलेक्जेंडर नुबेल (वीएफबी स्टटगार्ट), मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन (बार्सिलोना)रक्षकोंः वाल्डेमर एंटोन (वीएफबी स्टटगार्ट), बेंजामिन हेनरिक्स (आरबी लीपज़िग), जोशुआ किमिच (बायर्न म्यूनिख), रॉबिन कोच (एंट्रैक्ट फ्रैंकफर्ट), मैक्सिमिलियन मित्तेलस्टैड (वीएफबी स्टटगार्ट), डेविड राउम (आरबी लीपज़िग), टोनी रुडिगर (रियल मैड्रिड) , निको श्लोटरबेक (बोरुसिया डॉर्टमुंड), जोनाथन ताह (बायर लीवरकुसेन)मिडफील्डरः रॉबर्ट एंड्रिच (बायर लेवरकुसेन), क्रिस फ्यूरिच (वीएफबी स्टटगार्ट), पास्कल ग्रोस (ब्राइटन), एल्के गुंडोगन (बार्सिलोना), टोनी क्रोस (रियल मैड्रिड), जमाल मुसियाला (बायर्न म्यूनिख), अलेक्जेंडर पावलोविक (बायर्न म्यूनिख), लेरॉय साने (बेयर्न म्यूनिख), फ्लोरियन वर्ट्ज़ (बायर लीवरकुसेन)फॉरवर्डः मैक्सिमिलियन बेयर (हॉफेनहेम) निकलस फुलक्रग (बोरूसिया डॉर्टमुंड), काई हैवर्टज़ (आर्सेनल), थॉमस मुलर (बायर्न म्यूनिख), डेनिज़ उन्दाव (वीएफबी स्टटगार्ट)

## मैं एक दिन भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं : प्रिंस दीप सिंह

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस महीने के अंत में होने वाले अपने यूरोप दौरे के लिए तैयारी कर रही है और टीम के गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह अन्य देशों की टीमों के खिलाफ खेलने का मौका पाकर रोमांचित हैं।

रोहित की अगुवाई में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 20 से 29 मई के बीच बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। दौरे का हिस्सा बनने के लिए चुने गए बीस खिलाड़ियों में प्रिंस दीप सिंह भी शामिल हैं, जिन्हें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभाने के लिए बिक्रमजीत सिंह के साथ चुना गया है। पंजाब के पठानकोट जिले की एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले प्रिंस दीप सिंह ने 2016 में पहली बार हॉकी स्टिक उठाई थी। उन्होंने गुरुवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, मैंने टीवी पर भारतीय टीम को खेलते हुए देखा और विशेष रूप से पीआर श्रीजेश के खेल का शौकीन था। इससे हममें इस खेल को खेलने की इच्छा पैदा हुई। जैसे ही मैंने अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए इसका आनंद लेना शुरू किया, मैं एक अकादमी में चला गया।प्रिंस दीप सिंह धीरे-धीरे रैंक में आगे बढ़े और ग्वालियर में हुए 5वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022 में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलने से पहले मध्य प्रदेश में आयोजित दूसरी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी नेशनल चैंपियनशिप 2022 में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी का प्रतिनिधित्व किया। जहां उनकी टीम ने कांस्य पदक जीता।

उन्होंने जून 2023 में राउरकेला, ओडिशा में हुई 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हॉकी पंजाब का भी प्रतिनिधित्व किया। हालाँकि टीम पांचवें स्थान पर रही, प्रिंस दीप ने टूर्नामेंट के दौरान और साल भर अन्य घरेलू टूर्नामेंटों में अपने गोलकीपिंग कौशल से छाप छोड़ी, जिसके परिणामस्वरूप इस साल की शुरुआत में बेंगलुरु में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में उन्हें 40 सदस्यीय जूनियर पुरुष का हिस्सा बनने के लिए तैयार किया गया। शिविर के दौरान अपने अनुभव को लेकर प्रिंस दीप ने कहा, मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। देश के सर्वश्रेष्ठ जूनियर खिलाड़ियों में शामिल होने से आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। मैंने प्रत्येक अभ्यास सत्र के साथ बेहतर होने पर काम किया और इससे इसमें शामिल सभी लोगों को मुझे प्रेरित करने में मदद मिली। हम सभी खिलाड़ी और व्यक्ति दोनों के रूप में एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। इससे टीम में सकारात्मक माहौल बनाने में काफी मदद मिलती है।भारतीय जूनियर पुरुष टीम के यूरोप दौरे से खिलाड़ियों को अपना खेल विकसित करने और यह सीखने में मदद मिलेगी कि सीज़न में उन्हें क्या काम करने की ज़रूरत है। प्रिंस का मानना है कि यह उनके लिए अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने का एक अवसर है। उन्होंने कहा, जब आप दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ खेलते हैं तो आपको अपना ए-गेम लाना होता है। मैं इसे टीम के साथ-साथ खुद के लिए भी यह पहचानने का एक अवसर मानता हूं कि हम क्या अच्छा कर रहे हैं और खेल में अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने में सक्षम होने के लिए हमें क्या बदलाव करने की जरूरत है। यही इस दौरे का कारण है और मेरा मानना है कि हम इसका पूरा उपयोग करेंगे।

## भारत अपना एकमात्र टी20 विश्व कप अभ्यास मैच बांग्लादेश के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेलेगा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप से पहले भारत का एकमात्र अभ्यास मैच 1 जून को न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जाने की संभावना है, जिस दिन कनाडा डलास में टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में सह-मेजबान संयुक्त राज्य अमेरिका से खेलेगा।आइजनहावर पार्क में 34,000 क्षमता वाले अस्थायी स्टेडियम का आधिकारिक तौर पर बुधवार को महान धावक उसेन बोल्ट ने शुभारंभ किया।टीमें आमतौर पर आईसीसी आयोजन से पहले दो अभ्यास मैच खेलती हैं, लेकिन व्यस्त कार्यक्रम के कारण सभी 20 टीमों को टूर्नामेंट से पहले ऐसा करने की अनुमति नहीं मिलेगी।आईपीएल 26 मई को समाप्त होगा और एक हफ्ते से भी कम समय बाद टी20 विश्व कप शुरू होगा।चूंकि भारत अपने पहले तीन लीग मैच न्यूयॉर्क में खेलता है, इसलिए वे चाहते हैं कि यात्रा से बचने के लिए वार्म-अप



उसी स्थान पर खेला जाए। संयुक्त राज्य अमेरिका में अन्य दो स्थान डलास और मियामी के पास फोर्ट लॉडरहिल हैं। यूर्याक में वार्म-अप खेलने से भारत को परिस्थितियों के बारे में बहुत जरूरी जानकारी भी मिलेगी। एक पार्क में बना यह स्टेडियम पांच महीने से भी कम समय में तैयार हो गया और इसका निर्माण जनवरी में ही शुरू हुआ।÷इस विश्व कप के लिए कार्यक्रम वास्तव में कठिन है और इसे बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। आपको आईपीएल फाइनल और विश्व कप ओपनर के बीच लंबे अंतराल की जरूरत थी। टूर्नामेंट शुरू होने से 24 घंटे पहले पाकिस्तान और इंग्लैंड जैसी टीमें भी द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेंगी, ÷बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया।इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच चौथा और अंतिम टी20 30 मई को लंदन में होना है। यह तय है कि दोनों टीमों के पास अपना अभियान शुरू करने से पहले केवल एक वार्म-अप के लिए समय होगा।पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत 6 जून को डलास में अमेरिका के खिलाफ करेगा, जबकि इंग्लैंड 4 जून को बारबाडोस में स्कॉटलैंड से भिड़ेगा।प्रतियोगिता में रिकॉर्ड 20 टीमें भाग ले रही हैं, जिससे शेड्यूलिंग चुनौती भी बढ़ गई है। दो सीज़न पहले ऑस्ट्रेलिया में हुए पिछले संस्करण में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था।यूएसए, कनाडा और उगाना टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे।

## भारतीय दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री ने की संन्यास की घोषणा, 6 जून को भारत के लिए खेलेंगे आखिरी मैच

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री ने अपने संन्यास की घोषणा कर दी। 6 जून को वह कुवैत के खिलाफ भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेलेंगे।

छेत्री सिर्फ एक फुटबॉल स्टार नहीं हैं, बल्कि एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कड़ी मेहनत से क्या हासिल किया जा सकता है, इसका उदाहरण बनकर खुद को अगली पीढ़ी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की और 6 जून को कुवैत के खिलाफ साल्ट लेक स्टेडियम में घरेलू प्रशंसकों के सामने आखिरी बार नीले रंग में दिखाई देंगे।

छेत्री की कहानी 19 साल पहले राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हुई जब उन्होंने 2001-02 तक सिटी क्लब दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया। भारत के पूर्व शीर्ष स्ट्राइकर बाईचुंग भूटिया ने उन्हें राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना। छेत्री ने 2011 एएफसी एशियन कप में भाग लिया और उन्हें पहली बार 2012 एएफसी चैलेंज कप क्वालीफायर में राष्ट्रीय टीम का कप्तान बनाया गया और 2012 में भारत को एक और नेहरू कप ट्रॉफी दिलाई।

उन्होंने 2008 में भारत के साथ एएफसी चैलेंज कप जीता। उन्होंने 2011, 2015, 2021 और 2023 में सैफ चैंपियनशिप खिताब जीतकर भारत को दक्षिण एशियाई फुटबॉल में एक प्रमुख ताकत के रूप में स्थापित करने में मदद की। छेत्री ने 2007, 2009 और 2012 में भारत के साथ तीन नेहरू कप खिताब जीते। वह दो भारतीय टीमों का हिस्सा रहे हैं जिन्होंने 2018 और 2023 में इंटरकांटिनेंटल कप जीता। छेत्री ने 2023 में भारत को ट्राई-नेशंस कप भी दिलाया। छेत्री ने 2007, 2011, 2013, 2014, 2017, 2018-19 और 2021-22 सीज़न में कुल सात बार प्रतिष्ठित ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब जीता है। उन्होंने 2009, 2018 और 2019 में एफपीएआई इंडियन प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता है।

छेत्री ने भारत सरकार के दो बड़े खेल सम्मान 2011 में अर्जुन पुरस्कार और 2021 में देश के सबसे बड़े खेल सम्मान खेल रत्न पुरस्कार भी जीते।

उनके नेतृत्व में भारत ने 2018 के बाद 2023 में पहली बार शीर्ष 100 रैंकिंग में प्रवेश किया। अपने करियर में शुरुआती कदम उठाने के बाद, छेत्री ने 2002 में मोहन बागान के लिए एक पेशेवर के रूप में अपनी शुरुआत की। वह 2005 तक भारतीय फुटबॉल के इतिहास में सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में से एक के साथ रहे, और 18 मैचों में आठ गोल किए। उन्होंने पूरे भारत की यात्रा की और जेसीटी (2005-08), ईस्ट बंगाल (2008-09), डेम्पो (2009-10), चिराग यूनाइटेड (2011), मोहन बागान (2011-12), चर्चिल ब्रदर्स (2013 ऋण पर) और बेंगलुरु (2013-15, 2016-वर्तमान) के लिए प्रदर्शन किया।। उनका करियर सिर्फ भारतीय धरती तक ही सीमित नहीं था, वह यूएसए के मेजर लीग सॉकर क्लब कैनसस सिटी विजार्ड्स (2010) और पुर्तगाल क्लब स्पोर्टिंग सीपी (2012-13) जैसे विदेशी क्लबों के लिए भी खेले, जिससे उनके खेल में निखार आया और वह एक निपुण स्ट्राइकर बन गए। कुल मिलाकर, उन्होंने अपने दो दशक के करियर में 365 क्लब मैचों में 158 गोल किए हैं।



# ऐश्वर्या-दीपिका की तरह आप भी हो सकते हैं कान्स में शामिल, बस करना होगा ये काम



मेट गाला के बाद सोशल मीडिया पर 'कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024' की धूम मच रही है. पिछले साल की तरह इस साल भी कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर आपको कई इंडियन चेहरे देखने को मिलने वाले हैं. इस अनोखे फेस्टिवल में शामिल होने वाले सेलिब्रिटीज में फिल्म एक्टर्स के साथ साथ टीवी एक्टर्स और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी देखने को मिलेंगे. हर साल कान्स फेस्टिवल से अपना रेड कार्पेट लुक शेयर करने वाले इंडियन सेलेब्स की तादात दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है. लेकिन इसका मतलब ये नहीं हैं कि फ्रांस के लोगों में इंडियन सेलिब्रिटी के लिए दीवानगी बढ़ रही है. वैसे आप चाहें तो अगले साल घर बैठकर कान्स में शामिल सेलिब्रिटीज के रेड कार्पेट लुक को देखने की जगह आप खुद भी इस फेस्टिवल में शामिल होकर रेड कार्पेट पर फोटो खिंचवा सकते हैं. तो आइए जानते हैं कान्स फेस्टिवल में शामिल होने के लिए आपको किस तरह की तैयारी करनी होगी.

**पैसा हो तो क्या नहीं हो सकता!**

'कान्स फिल्म फेस्टिवल' की तरफ से दुनियाभर के कई सेलिब्रिटीज को इस इवेंट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है. लेकिन ये 'इनवाइट ओनली' वाला इवेंट नहीं हैं. अगर आप इस फेस्टिवल के स्क्रीनिंग की टिकट खरीदते हो, आपके पास महंगा गाउन है, साथ ही एक अच्छा फोटोग्राफर है (जाहिर-सी बात है कि वहां मौजूद मीडिया फोटोग्राफर आपकी तस्वीर तो खीचेंगे नहीं) और फ्रांस जाने के लिए ढेर सारे पैसे हों, तो आप बिलकुल एक सेलिब्रिटी की तरह इस फेस्टिवल में शामिल हो सकते हो, रेड कार्पेट पर फोटो के लिए शानदार पोज दे सकते हो, कोई आपको रोकेगा नहीं. शर्त ये है कि 5 से 25 लाख तक के टिकट में से आपको इस फेस्टिवल का कोई भी टिकट खरीदना होगा.

**बालिका वधु भी पहुंच गई कान्स**

7 साल पहले 'बालिका वधु' फेम अविका गौर ने अपने 'ससुराल सिमर का' के को-स्टार मनीष सिंघानिया के साथ कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक शार्ट फिल्म की स्क्रीनिंग की थी. जहां ऐश्वर्या राय और दीपिका पादुकोण जैसी बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शामिल होती हैं, वहां अविका-मनीष जैसे टीवी एक्टर्स को देख सभी दंग रह गए थे. लेकिन उनके बाद फिर हिना खान, हेली शाह जैसे कई टीवी एक्टर्स ने इस फेस्टिवल में शिरकत करना शुरू कर दिया. इस बारे में बात करते हुए अविका ने कहा था कि कोई भी फिल्ममेकर अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग कान्स में करवा सकता है. तो अगर आपके पास पैसे हों, तो किसी महापुरुष ने कहा ही है 'स्काई इज द लिमिट', अगले साल कान्स में शामिल होने की तैयारियां शुरू कर दीजिए.

# करण जौहर की फिल्म रिजेक्ट कर अब टीवी से डेब्यू करेंगी जैकी श्रॉफ की बेटी



**पिता जैकी श्रॉफ बॉलीवुड के सुपरस्टार और भाई टाइगर बॉलीवुड का टॉप का एक्टर होने के बावजूद कृष्णा श्रॉफ टीवी से अपना डेब्यू कर रही हैं. कृष्णा जल्द ही कलर्स टीवी के एडवेंचर रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ीमें अपना कमाल दिखाती हुई नजर आने वाली हैं. इस शो में उन्हे रोहित शेट्टी के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका मिलेगा.**

बॉलीवुड एक्टर अपने बच्चों को लॉन्च करने के लिए जमीन आसमान एक कर देते हैं. जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर श्रॉफ ने भी साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बनी फिल्म 'हीरोपंती' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था. लेकिन अब तक एक्टिंग से दूरी बनाए रखने वाली जैकी श्रॉफ की बेटी और टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ बड़े पर्दे से नहीं बल्कि टीवी से अपना डेब्यू करने जा रही हैं. दरअसल कृष्णा ने काफी पहले ही तय कर लिया था कि उन्हें एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है. तो आइये जानते हैं, बॉलीवुड के 'भिडू' जैकी श्रॉफ की बेटी ने अचानक टीवी रियलिटी शो करने का फैसला क्यों लिया.दरअसल कृष्णा श्रॉफ दो बड़े फिटनेस ब्रांड की फाउंडर हैं, रोहित शेट्टी का रियलिटी शो उन्हें अपने ब्रांड को प्रमोट करने के लिए एक सही प्लेटफॉर्म दे रहा है. और टीवी9 हिंदी डिजिटल को सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिर्फ 'खतरों के खिलाड़ी' ही नहीं कलर्स टीवी और जियो सिनेमा के साथ मिलकर कृष्णा ने एक बहुत बड़ी डील साइन की है. इस डील के चलते उन्हें खुद का शो और कुछ बड़े शो के साथ जुड़ने का मौका दिया जाएगा. हालांकि इस बारे में कृष्णा श्रॉफ और चैनल की तरफ से किसी भी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.



**फिटनेस का खास ध्यान रखती हैं कृष्णा**

'खतरों के खिलाड़ी' की कंटेस्टेंट बनीं कृष्णा का कहना है कि उन्हें खुद को चैलेंजेस देना बहुत अच्छा लगता है. और इसलिए वो इस शो में शामिल होने जा रही हैं. कृष्णा ये देखना चाहती हैं कि फिजिकली और मेंटली वो कितनी फिट है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सालों पहले कृष्णा को करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' भी ऑफर हुई थी. लेकिन तब उन्हें पर्दे के पीछे काम करने में ज्यादा दिलचस्पी थी. अब सोशल मीडिया पर अपने फिटनेस वीडियो से सबको मोटिवेट करने वाली जैकी श्रॉफ की बेटी रोहित शेट्टी के शो में क्या कमाल दिखाती हैं, ये देखना दिलचस्प होगा.

## जब अरबाज खान-बॉबी देओल के रिजेक्ट किए गए रोल से सुनील शेट्टी ने फिल्मफेयर जीत लिया



आज कल लगभग तमाम एक्टर्स फिल्मों में निगेटिव रोल करते हैं. उन्हें निगेटिव किरदार में देखना फैन्स को भी काफी पसंद आता है. हालांकि, एक समय ऐसा भी था जब वो एक्टर्स इस तरह के रोल करने से कतराते थे. एक्टर्स की पहली पसंद ही होती थी कि वो फिल्मों में विलेन का रोल करने के बजाय हीरो का ही किरदार निभाएं.आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसमें ग्रे शेड टाइप रोल करके सुनील शेट्टी छा गए थे. हालांकि, वो उस किरदार के लिए मेकर्स की पहली पसंद नहीं थे. पहले वो रोल अरबाज खान और बॉबी देओल को ऑफर हुआ था. लेकिन, उन दोनों ने ग्रे शेड रोल होने की वजह से फिल्म करने से इनकार कर दिया था. जिसके बाद उसका ऑफर सुनील शेट्टी को मिला. वो फिल्म करने को राजी हो गए, फिल्म रिलीज के बाद उनका वो किरदार इस कदर पॉपुलर हुआ कि आज 24 सालों के बाद भी उनका वो किरदार लोगों के दिलों में बसता है.

**सुनील शेट्टी ने जीता था फिल्मफेमयर अवॉर्ड**

हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं वो है साल 2000 में रिलीज हुई 'धड़कन,' जिसमें सुनील के साथ अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी भी नजर आए थे. अक्षय ने राम, शिल्पा शेट्टी ने अंजलि और सुनील शेट्टी ने देव का किरदार निभाया था. उस फिल्म के गाने हों या फिर डायलॉग, सब कुछ लोगों के दिल-ओ-दिमाग पर छा गए थे.

'धड़कन' को धर्मेश दर्शन ने डायरेक्ट किया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक 9.50 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 26 करोड़ से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन किया था. अरबाज और बॉबी ने निगेटिव रोल होने की वजह से भले ही फिल्म को रिजेक्ट कर दिया था. लेकिन जब यह फिल्म रिलीज हुई थी तो सुनील शेट्टी का किरदार ऐसा छाया था कि उसके लिए उन्हें 'बेस्ट एक्टर इन निगेटिव रोल' के लिए फिल्मफेयर का अवॉर्ड भी मिला था.

## 'अनुराग कश्यप कहीं व्यस्त हैं, फोन-वोन नहीं उठाते...' अपनी अगली फिल्म के सवाल पर बोले मनोज बाजपेयी



मनोज बाजपेयी जल्द ही शतक जड़ने वाले हैं. क्रिकेट के मैदान में नहीं, बल्कि एक्टिंग की दुनिया में. उनकी 100वीं फिल्म 'भैया जी' रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है. 24 मई से उनकी ये पिक्चर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. इसी बीच मनोज ने टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ बातचीत की है और अपने दूसरे अपकमिंग प्रोजेक्टस का भी जिक्र किया है. बातचीत के दौरान उन्होंने अनुराग कश्यप को लेकर भी बात की है.मनोज के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में एक सबसे बड़ा नाम 'द फैमिली मैन 3' का है. प्राइम वीडियो की ये पॉपुलर वेब सीरीज अभी शूटिंग फेज में है. मनोज ने खुद ही इस बारे में बताया है. उन्होंने ये भी कहा कि वो एक और फिल्म की भी शूटिंग शुरू करने वाले हैं. कौन सी फिल्म है? ये पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उस बारे में अभी नहीं बता सकते.

**क्या अनुराग कश्यप के साथ फिल्म की प्लानिंग चल रही है?**

इंटरव्यू में ये पूछे जाने पर कि क्या अनुराग कश्यप के साथ भी किसी फिल्म की प्लानिंग चल रही है? मनोज ने कहा, वो प्लान कर रहे थे, लेकिन बीच में मेरे ख्याल से अनुराग किसी दूसरे काम में लग गए हैं, तो फोन-वोन उठाते नहीं हैं अभी. अनुराग के साथ काम करने पर उन्होंने कहा, काश! ऐसा हो जाए. अनुराग कश्यप जो काम कर रहा है, वो जल्दी खत्म करे और अच्छी अच्छी सूचना दे.

मनोज ने इससे पहले अनुराग के साथ 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में काम किया था. इस फिल्म के दो पार्ट आए थे. दोनों ही साल 2012 में रिलीज हुई थी. फिल्म को खूब पसंद किया गया था. उस पिक्चर से मनोज का एक डायलॉग भी खूब फेमस हुआ था- 'इतना बम मारेंगे कि पुरा एरिया धुआं धुआं हो जाएगा.' बहरहाल, मनोज के फैन्स को 'भैया जी' का इंतजार है. देखना होगा कि इस फिल्म के जरिए मनोज कैसा कमाल दिखाते हैं. 9 मई को इस फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसमें उनका रोल जबरदस्त लगा था. फिल्म को अपूर्वा सिंह कार्की ने डायरेक्ट किया है.